जबलपुर
बुधवार 29 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष –13
वर्ष : 20, अंक : 358
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 35
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

संघ प्रमुख ने कहा- हिंदू राष्ट्र पहले से ही वास्तविकता

## भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं


डॉ. मोहन भागवत

*पहले जो भारत मजाक उड़ाते थे वे अब इसे हिंदुओं की भूमि कहने लगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर सत्ता में बैठे लोगों की प्रतिबद्धता और पूरे देश के लोगों के समर्थन की वजह से बना है। उन्होंने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की चर्चाओं को लेकर कहा है कि इसकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह पहले से ही एक वास्तविकता है।

**नेतृत्व की प्रतिबद्धता से बना राम मंदिर**

डॉ. भागवत ने कहा कि यह राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना संभव था। मंदिर बनाने का फैसला ले लिया गया, लेकिन बिना मजबूत फाउंडेशन के यह कैसे खड़ा होता? भारत के प्रत्येक व्यक्ति ने योगदान दिया। उनके मुताबिक भगवान राम की अंगुली ने मंदिर का निर्माण सुनिश्चित किया।

---

गेहूं और मूंग की खरीदी में आ रही समस्याएं | 16 सूत्रीय मांगों पर 'घेरा डालो-डेरा डालो' किसान क्रांति आंदोलन

# 2 हजार ट्रैक्टरों से आए 270 गांवों के किसान हरदा मंडी में जुटे, 1 महीने का राशन-पानी भी साथ लाए


ट्रैक्टरों से आए किसान

- ट्रॉलियों को तंबू में बदला, बिस्तर भी बिछा लिए
- सुरक्षा के लिए 5 बटालियनों के 1100 जवान तैनात किए
- बातचीत के लिए 12 किसान नेताओं की एक कोर कमेटी बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा में 43 डिग्री तापमान में किसानों का 16 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार से 'घेरा डालो-डेरा डालो' किसान क्रांति आंदोलन शुरू हुआ। गेहूं और मूंग की खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर हरदा, देवास, नर्मदापुरम और खंडवा जिले के किसान बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ कृषि मंडी में एकत्रित हुए हैं।


अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान

**कोर कमेटी करेगी आंदोलन की अगुवाई**

किसानों ने 12 नेताओं की एक कोर कमेटी बनाई है, जो आंदोलन से जुड़े सभी फैसले लेगी। किसान नेताओं का दावा है कि यह मध्य प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा किसान आंदोलन है। इसमें हरदा के अलावा देवास, नर्मदापुरम और खंडवा जिलों के किसान भी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं और ट्रैक्टरों के साथ जिला मुख्यालय का घेराव कर रहे हैं।

---

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एमआई एसआरएच
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### शिलांग कोर्ट से सोनम रघुवंशी को मिली जमानत



**शिलांग।** शिलांग की एक अदालत ने चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत दे दी है। 11 महीने से जेल में बंद सोनम को चौथी याचिका पर राहत मिली। इस फैसले से पीड़ित परिवार को गहरा झटका लगा है। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या से जुड़े इस मामले की आरोपी है। मंगलवार को सोनम रघुवंशी की जमानत याचिका मंजूर कर ली। इस खबर की पुष्टि मृतक के भाई विपिन रघुवंशी ने की।

### बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर वोटिंग आज



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसको लेकर राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सीएम ममता बेनर्जी की भवानीपुर सीट पर मंगलवार को सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला। उनके खिलाफ भाजपा ने सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। इधर चुनाव कर्मचारी ईवीएम मशीन लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंच चुके हैं। एक महिला कर्मचारी गर्मी से बेहोश हो गई।

---

राजा हिरदेशाह लोधी की 168 वीं पुण्यतिथि: भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की बड़ी घोषणा

# मप्र के लोग अब सिलेबस में पढ़ेंगे राजा हिरदेशाह की जीवन यात्रा भी

सीएम ने कहा कि राजा हिरदेशाह ने बुंलेदखंड के बुंदेला और आदिवासी समाज को एकजुट कर अंग्रेजों के समाने आंदोलन शुरू किया था। राज्य सरकार उनके संघर्ष पर शोध कराएगी


सीएम को स्मृति चिन्ह भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के लोग अब राजा हिरदेशाह लोधी के बारे में न केवल पढ़ेंगे, बल्कि उनकी जीवन यात्रा भी देखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजा हिरदेशाह लोधी को पाठ्यक्रम में शामिल कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नर्मदा के किनारे हीरापुर में राजा हिरदेशाह के नाम से तीर्थ स्थल का भी निर्माण कराएंगे। राज्य सरकार प्रदेश की विरासत और महान हस्तियों के सम्मान में निरंतर गतिविधियां संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि रानी अवंतीबाई के नाम पर सागर में राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को 1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की स्मृति में जंबूरी मैदान पर हुए आयोजन और शौर्य यात्रा को संबोधित कर रहे थे।

- राजा हिरदेशाह लोधी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा
- नर्मदा के किनारे हिरदेशाह के नाम से तीर्थ स्थल का भी होगा निर्माण


जंबूरी मैदान में संबोधित करते डॉ. यादव

*1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की स्मृति में जंबूरी मैदान पर हुआ आयोजन और निकली शौर्य यात्रा*

*कार्यक्रम में राजा हिरदेशाह लोधी और गोंड राजा नरवर शाह के वंशज भी मौजूद थे*

**अमूल्य है राजा हिरदेशाह का योगदान : पटेल**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि राजा हिरदेशाह ने वर्ष 1842 से वर्ष 1858 तक लगातार ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष जारी रखा। लोधी समाज सामर्थ्यवान है। इस समाज के सदस्यों ने देश की रक्षा के लिए दुश्मनों से लोहा लिया। समाज के युवाओं को साहसी, शक्तिमान, शिक्षित और संस्कारवान बनने की आवश्यकता है। हमारा संकल्प समाज के साथ है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि राजा हिरदेशाह लोधी ने आजादी के लिए क्रांति का बिगुल फूंका था।


बालाघाट में डॉ. यादव ने चार जंगली भैंसे छोड़कर पुर्नस्थापना योजना का शुभारंभ किया

**अब ओबीसी के छात्रों को भी मिलेंगे 10 हजार रुपए महीना**

मप्र कैबिनेट ने एससी, एसटी के बाद ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के छात्रों को भी दिल्ली में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 10 हजार रुपए प्रति महीने का वजीफा देगी। योजना का लाभ लेने के लिए उक्त छात्र के अभिभावकों की वार्षिक आय सीमा के भीतर होना जरूरी है।

**प्रतिवर्ष 100 नए विद्यार्थी होंगे लाभांवित**

कैबिनेट की बैठक में विद्यार्थी छात्र गृह योजना में संशोधन को मंजूरी दी गई। मप्र के ऐसे प्रथम 100 छात्रों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इसमें 50 सीटें स्नातक और 50 सीटें स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए तय की गई हैं। कैबिनेट की बैठक मुख्मयंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई।

---

बैंक ने कहा था- खाताधारक को लाओ

## कब्र से 'बहन का कंकाल' निकाल कर पहुंच गया ओडिशा का शख्स


कंकाल को ले जाते हुए

बैंक में कई चक्कर काटने पर भी नहीं निकला था कैश

एजेंसी ▶▶ क्योंझर

ओडिशा से एक परेशान कर देने वाली खबर सामने आई है। इस घटना ने क्योंझर में ग्रामीण भारत में बैंकिंग जागरूकता और प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यहां एक आदिवासी व्यक्ति अपनी मृत बहन का कंकाल बैंक ले आया। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उसे कहा गया था कि वह खाताधारक को खुद बैंक में पेश करे। जबकि अकाउंट होल्डर महिला की मौत हो चुकी थी। यह घटना पटना ब्लॉक में ओडिशा ग्रामीण बैंक की मालीपोसी शाखा में हुई।

निगम-मंडलों में नियुक्तियों का सिलसिला

## विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने प्रजापति, संजय व अजय सिंह उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विंध्य विकास प्राधिकरण के पंचूलाल प्रजापति अध्यक्ष बनाए गए हैं। संजय तीर्थानी व डॉ. अजय सिंह उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। पंचूलाल रीवा जिले की मनगवां विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। 2018 में पहली बार भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे। राज्यपाल के आदेश से मध्यप्रदेश में योजना, आर्थिक और सांख्यिकी विभाग से अवर सचिव संघमित्र बुद्धा ने यह आदेश जारी किया है। पंचूलाल 2023 में स्थानीय मुद्दों को लेकर और विधानसभा में काफी एक्टिव रहे।


पंचूलाल प्रजापति


डॉ. अजय सिंह

---

तेल की किल्लत के बीच आई राहत भरी खबर

## ओपेक से बाहर हुआ यूएई, भारत में अब सस्ते तेल का रास्ता खुला!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खाड़ी क्षेत्र के अहम देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने तेल पैदा करने वाले देशों के बड़े संगठन ओपेक और ओपेक प्लस से बाहर निकलने का आधिकारिक फैसला कर लिया है। यूएई का ये फैसला ना केवल चौंकाने वाला है, बल्कि दशकों से चले आ रहे ग्लोबली तेल समीकरणों को पूरी तरह बदलने वाला हो सकता है। यूएई 1967 से ओपेक का मेंबर रहा है।




एक्सपर्ट का कहना है कि ये फैसला अचानक नहीं हुआ। दरअसल यूएई चाहता है कि वो ज्यादा तेल निकाले, क्योंकि उसके पास ऐसा करने की क्षमता है। लेकिन ओपेक के नियम उसे तेल प्रोडक्शन बढ़ाने की इजाजत नहीं देते थे।

सिविलियन एस्ट्रोनॉट्स की भर्ती

## अब आम नागरिक भी कर सकेंगे 'अंतरिक्ष' की यात्रा



इसरो नियम बदलने जा रहा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अब तक एस्ट्रोनॉट यानी अंतरिक्ष यात्री बनने की एक ही अहम शर्त थी- मिलिट्री टेस्ट पायलट होना। लेकिन, अब यह नियम बहुत जल्द बदल सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने भविष्य के एस्ट्रोनॉट बैच में आम नागरिकों को भी शामिल करने की योजना बना रहा है। गगनयान मिशन के पहले बैच के लिए अब तक केवल इंडियन एयरफोर्स (आईएएफ) के टेस्ट पायलट ही चुने गए हैं।

## सुबह-सुबह मैदान पर दिखा पीएम मोदी का नया अंदाज



पीएम ने कहा- यह सेशन ऊर्जा से भर देने वाला रहा

**पीएम के दो दिवसीय सिक्किम दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन था**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय सिक्किम दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन था। उनकी सुबह की शुरुआत एक बेहद ही खास और ऊर्जावान अंदाज में हुई। गंगटोक की खुशनुमा सुबह में पीएम मोदी ने स्थानीय युवाओं और बच्चों के साथ फुटबॉल के मैदान पर हाथ आजमाए।

---

विजाग का 'जी' हुआ गूगल के नाम

## विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड एआई हब का शिलान्यास हुआ

1.35 लाख करोड़ का निवेश
2 लाख नौकरियां

एजेंसी ▶▶ विजाग

मंगलवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 1.35 लाख करोड़ रुपए के निवेश के साथ गूगल क्लाउड एआई हब का शिलान्यास हुआ।

इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट से करीब 2 लाख नई नौकरियों के पैदा होने का अनुमान है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और आंध्र मंत्री नारा लोकेश ने इसे भारत के डिजिटल भविष्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा सेंटर की आधारशिला रखी। मंत्री नारा लोकेश ने इस पल को ऐतिहासिक बताते हुए गर्व से कहा कि अब विजाग में जी का मतलब गूगल है। यह 1 गीगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर भारत के सबसे बड़े एआई डेटा केंद्रों में से एक होगा, जो सबसे बेहतरीन क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और बड़े पैमाने पर डेटा स्टोरेज की सुविधाएं देगा।




---

22 जिलों में दो डिग्री तक गिरावट, भीषण गर्मी के साथ उमस व लू के थपेड़े

एक दर्जन जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें

## खजुराहो सबसे अधिक तपा, पारा 44.8 डिग्री भोपाल में '6 साल' बाद तापमान 43.6 पर

अप्रैल के अंत तक बना रहेगा मौसम में बदलाव का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को भोपाल में 6 साल बाद पारा 43.6 डिग्री पर रहा, जिससे भीषण गर्मी महसूस की गई। यहां इससे पहले अप्रैल 30 अप्रैल 2019 को पारा 43.7 डिग्री रहा है। कुछ जिलों में दिन के तापमान में बढ़त रही, जबकि करीब 22 जिलों में पारा एक से दो डिग्री तक गिरा है। सर्वाधिक कमी नौगांव में 3.5 डिग्री की रही। पारा 42 डिग्री पर रहा। इसके बावजूद प्रदेश में दिन के साथ रात में तेज गर्मी से राहत नहीं मिली है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान खजुराहो में 44.8 डिग्री रहा। यहां 1.2 डिग्री की कमी आई। इसके बावजूद प्रदेशभर में भीषण गर्मी और लू का असर रहा। सोमवार से मंगलवार सुबह तक करीब एक दर्जन जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी और बौछारों के बीच रात का पारा बढ़ा हुआ दर्ज हुआ है। इससे रात में भी तेज गर्मी-उमस महसूस की गई।


राजधानी का अयोध्या बाइपास रोड, शाम 5:00 बजे का दृश्य

**आज यहां गरज-चमक के साथ हीटवेव**

मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा जिलों में आंधी-बारिश का दौर रह सकता है।







आईपीएस अजय पाल की चेतावनी पर जहांगीर ने दिया वैसा ही जवाब

# टीएमसी समर्थकों पर था लोगों से वोटर आईडी कार्ड जमा कराने व धमकाने का आरोप, शर्मा ने दी हिदायत तो बोला जहांगीर-वो 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में टीएमसी के समर्थकों ने चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त उत्तर प्रदेश कैडर केआईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। टीएमसी के नेताओं ,मंत्रियों ने आरोप लगाया कि अधिकारी अपनी भूमिका की सीमा लांघ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस आईपीएस अधिकारी को टीएमसी समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा। समर्थकों ने खान के घर के सामने 'जय बांग्ला' के नारे लगाए। चुनाव आयोग ने बताया कि शर्मा ने इलाके का दौरा तब किया, तब खान के लोग कथित तौर पर निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से वोटर आईडी कार्ड जमा करा रहे हैं और उन्हें धमका रहे हैं।



## शर्मा को चुनाव आयोग ने किया तैनात

शर्मा, जिन्हें उत्तर प्रदेश में 'सिंघम' के नाम से भी जाना जाता है, ने कहा कि वह उम्मीदवार या उसके साथियों को मतदाताओं को डराने-धमकाने की इजाजत नहीं देंगे। शर्मा उन 95 पर्यवेक्षकों में शामिल हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने तैनात किया है।

### खेल तुमने शुरू किया खत्म हम करेंगे,केंद्रीय बल हवा में उड़ जाएंगे

खान को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि खेल तुमने शुरू किया, लेकिन खत्म हम करेंगे। खान को यह कहते हुए भी सुना जा सकता है, हमारे इलाके में जनता ही असली ताकत है। लोग निकलेंगे तो बल हवा में उड़ जाएंगे।

## भाटपाड़ा में भाजपा विधायक के घर पर हमला, जवान घायल



बंगाल के उत्तर 24 परगना के भाटपाड़ा में भाजपा विधायक पवन सिंह के घर पर अज्ञात हमलावरों ने पत्थरबाजी और देसी बम से हमला किया। सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया। सीआईएसएफ के अनुसार इससे पहले पवन सिंह और उनके पिता व विधायक अर्जुन सिंह पर जगतदल थाने के पास भी हमला हुआ था।

### धमकाने की इजाजत नहीं देंगे: जहांगीर

जहांगीर ने तेलुगू एक्शन फिल्म 'पुष्पा' और बॉलीवुड की फिल्म 'सिंघम' का जिक्र करते हुए कहा कि वह भाजपा द्वारा नियुक्त पुलिस अधिकारियों को मतदाताओं को धमकाने' की इजाजत नहीं देंगे। यह बंगाल है, अगर वह 'सिंघम' है, तो मैं 'पुष्पा' हूं। वे मुझ पर दबाव बनाने की कोशिश की।

### टीएमसी नेता को सरेआम गोलियों से भूना



बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान (29 अप्रैल) से पहले राज्य में हिंसा का तांडव जारी है। एक टीएमसी नेता को अज्ञात बदमाशों ने सरेआम गोली मार दी है। आनन-फानन में उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। टीएमसी ने इस हमले का आरोप विपक्षी दलों पर लगाया है, जबकि चुनाव आयोग ने मामले की रिपोर्ट तलब की है।

### 1,543 लोग गिरफ्तार, पार्षद भी शामिल

दूसरे चरण के मतदान से पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई की गई है। अधिकारियों के अनुसार कुल 1,543 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक टीएमसी पार्षद भी शामिल है। बर्धमान के वार्ड 22 के पार्षद पर भाजपा नेता के घर पर हमले और धमकी देने का आरोप है। वहीं, पूर्व बर्धमान, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हुगली और नादिया जिलों में भी बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां हुई हैं। चुनाव आयोग ने भी निगरानी बढ़ाते हुए वेबकास्टिंग सिस्टम के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हावड़ा में लोकतंत्र के महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।

## दूसरे चरण के चुनाव से पहले आयोग ने वोटर लिस्ट में जोड़े 1468 से अधिक नाम




*बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से ठीक पहले 1468 से अधिक नामों को वोटर लिस्ट में फिर से जोड़ दिया गया है, जबकि 6नाम ऐसे हैं, जिनके बारे में न्यायाधिकरणों ने कहा कि उन्हें शामिल नहीं किया जा सकता है। हालांकि चुनाव समाप्त होने से पहले ट्रिब्यूनल द्वारा निपटाए गए मामलों की कुछ संख्या के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है।*

### 27.10 लाख नामों को चिन्हित किया गया था

*इन ट्रिब्यूनलों की घोषणा तब की गई थी, जब जांच प्रक्रिया के दौरान तार्किक विसंगतियों के कारण 27.10 लाख नामों को हटाने के लिए चिह्नित किया गया था। चुनावों से पहले समय की कमी के बावजूद इन्हें शुरू होने में काफी समय लगा और इनके कामकाज को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। स*

### दूसरे चरण की 10 सीटों पर रहेगी सबकी नजर

*2021 में 142 में से 123 सीटों पर टीएमसी ने जीत दर्ज की थी जबकि भाजपा को 18 पर जीत हासिल हुई थी। एक सीट पर अन्य ने जीत दर्ज की थी। इनमें से 10 सीटों पर सबकी नजरें हैं। इनमें भवानीपुर, कोलकाता ,टॉलीगंज,बालीगंज,श्यामपुकुर, दमदम, दमदम उत्तर,रासबिहारी और नौपाड़ा शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### आईआईटी खड़गपुर में फिर स्टूडेंट ने की खुदकुशी



**खड़गपुर।** देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आईआईटी खड़गपुर में एक और छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पश्चिम बंगाल के खड़गपुर स्थित इस मशहूर शिक्षण केंद्र में 10 दिनों के अंदर यह इस तरह की दूसरी घटना है। इसी महीने एक और छात्र ने खुदकुशी कर ली थी। कुछ समय से छात्रों के अपनी जान लेने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इससे संस्थान पर सवालिया निशान उठने लगे हैं।

### केरल में नई बीमारी दिमाग में सूजन बढ़ा रही



**तिरुवनंतपुरम।** केरल इन दिनों फिर से एक संक्रामक बीमारी की चपेट में है।यहां ब्रेन ईटिंग अमीबा, निपाह, अफ्रीकी स्वाइन फीवर और हेपेटाइटिस-ए संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े थे। यहां एक नई बीमारी को लेकर लोगों को सतर्क किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कई हिस्सों में वेस्ट नाइल फीवर को लेकर लोगों को सावधान किया है। सरकार ने इससे लोगों को सचेत किया है।

### चिकन नहीं तो हंगामा... पत्नी ने की पति की हत्या



**कामारेड्डी।** तेलंगाना के कामारेड्डी से एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां मामूली घरेलू विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया कबाड़ी विक्रेता कोडानंदम शिवाजी की कथित तौर पर उसकी पत्नी लक्ष्मी ने सिर्फ इसलिए हंसिए से हत्या कर दी क्योंकि उसने रात के खाने में चिकन नहीं बनाया था। इसी बात पर दोनों के बीच विवाह गहरा हो गया था। इसके बाद पत्नी ने यह कदम उठाया। इससे सनसनी है।

### राजघाट में केजरीवाल ने गांधी को किया नमन



**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने राजघाट पर महात्मा गांधी को नमन किया। केजरीवाल और सिसोदिया ने जस्टिस स्वर्ण कांता को पत्र लिखा है। उन्होंने जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा की अदालत में खुद या वकील के पेश नहीं होने का ऐलान किया। उन्होंने सत्याग्रह का नाम दिया है।इससे पहले भी केजरीवाल जस्टिस पर कई तरह के आरोप लगा चुके हैं।

सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# पूर्वोत्तर को बताया देश की 'अष्टलक्ष्मी' 4,000 करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात दी

**एक्स पर 3 पोस्ट कर उत्साह और स्नेह को अभूतपूर्व बताया**

- *पूर्वोत्तर विकास पर केंद्र का फोकस*
- *प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ संवाद भी किया*

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया और करीब 4,000 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत देश की 'अष्टलक्ष्मी' है और सिक्किम उसका अहम हिस्सा है।

पीएम मोदी ने एक्स पर 3 पोस्ट साझा किए। पहली पोस्ट में उन्होंने गंगटोक में मिले उत्साह और स्नेह को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने सिक्किमवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय विकास में राज्य के योगदान पर देश को गर्व है। दूसरी पोस्ट में समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और सिक्किम की उपलब्धियों की सराहना की। वे पालजोर स्टेडियम में स्वर्ण जयंती समारोह के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि जैसे क्षेत्रों में फैली परियोजनाओं का उद्घाटन, शुभारंभ और आधारशिला रखी।

### गंगटोक के उत्साह ने दी नई ऊर्जा



### ऑर्किडेरियम की सुंदरता से हुए मंत्रमुग्ध

तीसरी पोस्ट में उन्होंने ऑर्किडेरियम गंगटोक के दौरे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां की सुंदरता ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया और सिक्किम की समृद्ध जैव विविधता अद्भुत है, जो प्रकृति के साथ गहरे सामंजस्य और सतत जीवनशैली का संदेश देती है। पालजोर स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सरकार एक्ट ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट फास्ट के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

### कनेक्टिविटी से बढ़ेगा पर्यटन

प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन की संभावनाओं का पूरा लाभ मजबूत कनेक्टिविटी से ही मिल सकता है। केंद्र सरकार क्षेत्र में सड़क, रेल और हवाई संपर्क को तेजी से विकसित कर रही है।

### रेलऔर एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर दिया जोर

पीएम मोदी ने बताया कि सेवोक-रंगपो रेल लाइन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिसके पूरा होने पर सिक्किम को पहली बार रेल संपर्क मिलेगा। साथ ही बागडोगरा को गंगटोक से जोड़ने वाले प्रस्तावित एक्सप्रेसवे का भी जिक्र किया, जिससे यात्रा समय में कमी आएगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### महिलाओं को आरक्षण का हक जरूर मिलेगा, आज देंगे सौगातें

पीएम मोदी पहुंचे काशी



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2 दिनी दौरे पर वाराणसी पहुंचे। बरेका में जनसभा स्थल में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत लगभग 50 हजार महिलाओं को संबोधित किया और कहा कि आपको आरक्षण का हक जरूर मिलेगा।

**6300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे:** प्रधानमंत्री करीब 6300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सिग्नेचर ब्रिज सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं।

### इंफाल में एमएनसीए इंडोर क्रिकेट एकेडमी का वर्चुअल उद्घाटन किया




*भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा फंड की गई एमएनसीए इंडोर क्रिकेट एकेडमी का वर्चुअल उद्घाटन मंगलवार को प्रधानमंत्री ने इंफाल के लुवांगसांगबाम स्थित लुवांगपोकपा क्रिकेट स्टेडियम में किया। यह उद्घाटन पूर्वोत्तर राज्यों के क्रिकेट संघों के लिए इंडोर क्रिकेट एकेडमी शुरू करने की पहल के तहत किया गया। मणिपुर क्रिकेट एसोसिएशनके सचिव लैरेनजम गीतरंजन सिंह ने इस उद्घाटन को मणिपुर क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया और बीसीसीआई सचिव के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान इस प्रोजेक्ट को समर्थन देने के लिए मौजूदा आईसीसी अध्यक्ष जय शाह का आभार व्यक्त किया।*

#### यहां अब लड़कों और लड़कियों का प्रदर्शन और बेहतर होगा

*उन्होंने बताया कि यह एकेडमी विश्व-स्तरीय सुविधाओं से लैस है, जिसमें 3 इंडोर पिच, एक जिम, एक प्रशासनिक कार्यालय और एक हीटेड स्विमिंग पूल शामिल है। बीसीसीआई 2 वर्षों तक इस एकेडमी के रखरखाव और संचालन का खर्च वहन करेगा। यह इंडोर एकेडमी मणिपुर के खिलाड़ियों के लिए, विशेष रूप से बारिश के मौसम में, बेहद मददगार साबित होगी। उन्होंने बताया कि 2025 के सीजन में मणिपुर ने बीसीसीआई के पाच घरेलू टूर्नामेंटों के फाइनल में जगह बनाई और अंडर-19 वर्ग में दो खिताब अपने नाम किए। मणिपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी खिलाड़ी स्थानीय हैं, जिन्हें एसोसिएशन ने पिछले कई वर्षों में तैयार किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नई इंडोर एकेडमी आने वाले वर्षों में क्रिकेट के क्षेत्र में मणिपुर के लड़कों और लड़कियों के प्रदर्शन को और भी बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।*

#### यहां पर 2 किमी लंबी सांस्कृतिक सड़क यात्रा का आयोजन किया

*प्रधानमंत्री ने दो किलोमीटर लंबी सांस्कृतिक सड़क यात्रा का आयोजन किया। जिसमें उत्साहित निवासियों ने तिरंगा लहराते हुए और पारंपरिक पोशाक पहने हुए उनका स्वागत करने के लिए सड़कों के दोनों किनारों पर कतारें लगा दीं।सोमवार को इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पद्म पुरस्कार विजेताओं और विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ ज्ञानवर्धक बातचीत की।*

गुजरात नगर निगम चुनाव

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत, सभी 15 निगमों पर जमा लिया कब्जा



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने सभी 15 नगर निगमों पर जीत हासिल कर ली है। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, सत्तारूढ़ दल भाजपा ने नगर निगमों में कुल सीटों के आधे से अधिक पर जीत दर्ज की है। मोरबी नगर निगम में भाजपा ने सभी 52 सीटों पर कब्जा किया है। रविवार 15 नगर निगमों, 84 नगर पालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के लिए मतदान हुआ था।

### जिला और तालुका पंचायतों में बनाई बढ़त

*भाजपा ग्रामीण स्थानीय निकायों में 1,090 सीटों वाली 34 जिला पंचायतों में पार्टी ने 568 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को 77 और अन्य को 30 सीटें मिलीं।5,234 सीटों वाली 260 तालुका पंचायतों में भाजपा ने 2,397 सीटें हासिल कीं, कांग्रेस ने 591 सीटें जीतीं, जबकि अन्य को 329 सीटें मिलीं। सूरत नगर निगम की 120 सीटों में से भाजपा ने 115 सीटें जीती हैं। आप 4 सीटों पर सिमट गई है।*

मीरा रोड चाकू कांड पर भड़के फणडवीस

## आईएसआईएस के निशाने पर हिंदू? जिहाद के नाम पर किए जा रहे हमले



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के मीरा रोड इलाके मेंचाकू से हमले के मामले में अब जांच ने गंभीर और बड़ा मोड़ ले लिया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह मामला अकेले किए गए हमले जैसा लगता है और आरोपी के घर से कुछ संदिग्ध और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी के व्यवहार और मिले सबूतों से ऐसा संकेत मिलता है कि वह खुद को कट्टर विचारों से प्रभावित कर चुका था। आरोपी की सोच जिहाद के नाम पर हिंदू धर्म को निशाना बनाने की ओर झुकी हुई थी।

### पहलगाम जैसा मामला... पहले पूछा धर्म, फिर कलमा न पढ़ने पर चाकू मारा

*मीरा रोड में चाकू कांड सिर्फआपराधिक वारदात नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक चिंता का कारण भी बनती हुई नजर आ रही है। सोमवार तड़के दो सुरक्षा गार्डों पर हुए चाकू से ताबड़तोड़ हमले ने पूरे इलाके को दहला दिया। ऐसे में अब इस दावा किया जा रहा है कि हमलावर ने पहले दोनों सुरक्षाकर्मियों से पहलगाम आतंकी हमले की तरह उनका धर्म पूछा और कलमा पढ़ने का दबाव बनाया। न पढ़ने पर ताबड़तोड़ हमले किए।*

शिक्षा मंत्री प्रधान ने की समीक्षा

## एनसीईआरटी किताबों का उत्पादन बढ़ाएं और गांवों तक जल्द पहुंचाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को चालू शैक्षणिक सत्र के लिए एनसीईआरटी की किताबों की उपलब्धता, छपाई और वितरण की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किताबों के वितरण की आखिरी स्तर तक निगरानी करें, खासकर गांवों में।

मंत्रालय और एनसीईआरटी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार भी बैठक में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र को किताबें देर से मिलने की वजह से परेशानी नहीं होनी चाहिए।



### डिजिटल पढ़ाई पर जोर

मंत्रालय ने बताया कि प्रधान ने एनसीईआरटी की नई किताबों की तैयारी देखी और राज्यों में किताबों का कितना स्टॉक है, इसकी जानकारी ली। उन्होंने यह भी देखा कि राज्यों और वितरण एजेंसियों के बीच सही तरीके से तालमेल हो रहा है या नहीं, ताकि खासकर गांवों में समय पर किताबें पहुंच सकें।

महिला आरक्षण पर फिलहाल नहीं थमता दिख रहा हंगामा

# रिजिजू का दावा- थरूर ने स्वीकारा कांग्रेस महिला विरोधी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण पर पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक खूब हंगामा हुआ। सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किया, लेकिन विपक्ष के विरोध के चलते यह विधेयक पारित नहीं हो सका।

अब इस मुद्दे पर किरेन रिजिजू ने एक बार फिर कांग्रेस पर हमला किया है। इसके साथ ही दावा किया है कि शशि थरूर भी उनकी इस टिप्पणी से सहमत थे कि कांग्रेस को महिला विरोध पार्टी के रूप में देखा जा सकता है। वहीं शशि थरूर ने उनके इस बयान को फर्जी बताया।

### केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर किया फिर हमला


किरेन रिजिजू


शशि थरूर

### मुझे कोई भी महिला विरोधी नहीं मानेगी: थरूर

एक इंटरव्यू में किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद सत्र समाप्त होने के बाद हमने एक तस्वीर ली। इस दौरान शशि थरूर ने कहा, कोई भी महिला मुझे महिला विरोधी नहीं मानेगी। मैंने उन्हें जवाब देते हुए कहा कि हां कोई भी महिला आपको महिला विरोधी नहीं कहेगी। यह मैं मानता हूं। लेकिन आपकी पार्टी महिला विरोधी है। किरेन रिजिजू ने दावा किया शशि थरूर ने मेरी इस बात को माना और मैंने शशि थरूर की बात को स्वीकार किया।

*रिजिजू का दावा*

### थरूर का मतलब पार्टी महिला विरोधी हो सकती है

किरेन रिजिजू ने कहा कि शशि थरूर का यही मतलब था कि पार्टी महिला विरोधी हो सकती है लेकिन कोई भी महिला शशि थरूर को महिला विरोधी नहीं मानेगी। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए रिजिजू ने कहा, शायद यह इसलिए कि वह महिलाओं में बहुत लोकप्रिय हैं।

### थरूर बोले- 7 गवाह मैंने नहीं कहा ऐसा

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के इस दावे पर शशि थरूर ने अपना रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा, मैंने ऐसी कोई बात नहीं कही है और न ही ऐसा कोई संकेत दिया है। थरूर ने कहा, कि फोटो में 7 लोग है, जो असलियत बता सकते हैं। थरूर ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में एक सशक्त महिला राष्ट्रपति के रूप में हमने महिलाओं के अधिकारों और आरक्षण के लिए आवाज उठाई है।

अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ मिसाइल सिस्टम की पांच यूनिट खरीदने के लिए 5 अरब डॉलर की डील की थी, जिनमें से तीन यूनिट पहले ही मिल चुकी हैं। हथियार सिस्टम की सप्लाई के लिए तय की गई नई समय-सीमा के तहत मिसाइल की पांचवीं यूनिट नवंबर तक मिल जाएगी।

## क्रेमलिन ने फिर निभाई दोस्ती

# भारत को रूस से जल्द मिलेगी एस-400 मिसाइल की चौथी खेप, 5वीं नवंबर तक

### कुल 10 एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीदेगा भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की कमर तोड़ने वाला रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की चौथी यूनिट अगले महीने से भारत को मिलने की उम्मीद है। इस नई खेप से भारत की रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ मिसाइल सिस्टम की पांच यूनिट खरीदने के लिए 5 अरब डॉलर की डील की थी, जिनमें से तीन यूनिट पहले ही मिल चुकी हैं।


एस-400 मिसाइल सिस्टम

**एस-400 की मुख्य विशेषताएं**

यह प्रणाली 400 किमी की दूरी तक हवा में दुश्मन के खतरों को भेद सकती है। इसके रडार 600 किमी तक के दायरे में निगरानी कर सकते हैं और एक साथ 80 से अधिक लक्ष्यों को ट्रैक कर सकते हैं। यह दुश्मन के स्टील्थ (छिपे हुए) लड़ाकू विमानों को भी ट्रैक और नष्ट कर सकता है। यह प्रणाली हर दिशा से आने वाले हवाई खतरों से सुरक्षा प्रदान करती है। इसे केवल 5 मिनट में फायर करने के लिए तैयार किया जा सकता है और यह ट्रक पर आधारित होने के कारण अत्यधिक मोबाइल है। इसकी मिसाइलें लगभग मैक 14 (लगभग 4.8 किमी/सेकंड या 17,000 किमी/घंटा) तक की गति से लक्ष्य को भेद सकती हैं। यह प्रणाली प्रतिकूल मौसम स्थितियों में भी काम करने में सक्षम है।

### अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद खरीद

*भारत ने सात साल से भी पहले एस-400 मिसाइलें खरीदने का सौदा किया था। उस समय अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि इस सौदे को आगे बढ़ाने पर 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' के तहत अमेरिका भारत पर बैन लगा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत को अमेरिका के प्रतिबंधों से किसी तरह की रुकावट की आशंका नहीं है।*

**ऑपरेशन सिंदूर में दिखा चुकी है जलवा**

पिछले साल 7 से 10 मई के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना ने एस-400 मिसाइल सिस्टम का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था। संघर्ष खत्म होने के कुछ हफ्तों बाद ही, एस-400 मिसाइलों की एक और खेप खरीदने का प्रस्ताव पेश किया गया था। रूस ने इन मिसाइल सिस्टम को चलाने के लिए भारतीय सैनिकों के एक समूह को पहले ही ट्रेनिंग दे दी है। एस-400 को रूस का सबसे आधुनिक और लंबी दूरी तक मार करने वाला सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल रक्षा सिस्टम माना जाता है।

**क्या है एफडीआर?**

एफडीआर यानी फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर एक महत्वपूर्ण उपकरण होता है, जो मिशन और एयरक्राफ्ट से संबंधित सभी जरूरी जानकारियों को रिकॉर्ड करता है। इसके बाद इन जानकारियों का विश्लेषण विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। वायुसेना यूनिवर्सल एफडीआर डेटा माइनिंग सूट की आवश्यकता भी महसूस कर रही है।


राफेल फाइटर जेट

### राफेल जेट के लिए एफडीआर एनालिसिस सॉफ्टवेयर विकसित करने की तैयारी में वायुसेना


*भारतीय वायुसेना अपने कम होते फाइटर स्क्वाड्रन को पूरा करने के लिए स्वदेशी और विदेशी दोनों तरह के फाइटर जेट खरीद रही है। वायुसेना के पास पहले से ही 36 राफेल लड़ाकू विमान मौजूद हैं। अब भारतीय वायुसेना भविष्य में राफेल के लिए फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) एनालिसिस हेतु स्वदेशी सॉफ्टवेयर विकसित करने पर भी काम कर रही है। एयरफोर्स द्वारा तैयार किए गए कैपेबिलिटी रोडमैप में राफेल को भविष्य में स्वदेशी तकनीक से लैस करना भी शामिल है। दरअसल, भारतीय वायुसेना के अनुसार राफेल के मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) द्वारा प्रदान किया गया फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) एनालिसिस सॉफ्टवेयर लगभग 400 उड़ान मानकों को प्रोसेस करता है।*

---

## खबर संक्षेप

### ड्रग तस्कर डोला को वापस लाना बड़ी सफलता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह अमित शाह ने कहा कि नार्को सिंडिकेट के खिलाफ मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, एनसीबी ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मजबूत नेटवर्क के ज़रिए सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है। ड्रग सरगना कहीं भी छिप जाएं।



### चिदंबरम केस से खुद अलग हुई जज स्वर्णकांता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। याचिका में व्हिस्की की ड्यूटी-फ्री बिक्री पर प्रतिबंध के मामले में एक शराब कंपनी की कथित रूप से मदद करने को लेकर कांग्रेस नेता के खिलाफ दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर रद्द किए जाने का अनुरोध किया गया है। जज ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। अब मामले को 21 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।



### वॉशिंगटन के मेयर की दौड़ में शामिल रिनी

**वॉशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी के मेयर चुनाव में भारतीय मूल की रिनी संपत का दावा बेहद मजबूत होता जा रहा है। रिनी संपत को अब अमेरिकन हिंदू कोएलिशनने भी अपना समर्थन दे दिया है। इससे उनकी दावेदारी और ज्यादा मजबूत हो गई है। रिनी 16 जून को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से अभी प्राइमरी चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुख्य एजेंडा आधारभूत समस्याओं को ठीक करना और एक नया वाशिंगटन डीसी बनाना है। रिनी संपत का जन्म तमिलनाडु के तेनी में हुआ था। वे सात वर्ष की उम्र में अमेरिका आईं।



---

### वैश्विक मुद्दों पर यूएन प्रमुख से हुई चर्चा

## बेयरबॉक की जयशंकर से मुलाकात भारत की भूमिका को बताया अहम


एनालेना बेयरबॉक और एस. जयशंकर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बैठक में यूएन80,सतत विकास लक्ष्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा हुई। साथ ही आज के समय के अनुसार वैश्विक संस्थाओं में सुधार की जरूरत पर जोर दिया गया, खासकर वैश्विक दक्षिण के हितों को ध्यान में रखते हुए। हैदराबाद हाउस में हुई इस मुलाकात में बेयरबॉक ने भारत सरकार के आमंत्रण और मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में बढ़ते तनाव, विभाजन और संयुक्त राष्ट्र के मूल सिद्धांतों पर दबाव जैसी चुनौतियां सामने हैं।

**भारत दुनिया का बड़ा लोकतंत्रः बेयरबॉक**

बेयरबॉक ने कहा कि उनके कार्यकाल की प्राथमिकता संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून की रक्षा करना है। उन्होंने बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के देशों के गठबंधन की बात कही। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का बड़ा लोकतंत्र है और ऐसे समय में वैश्विक सहयोग में उसकी अहम भूमिका है। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का चार्टर हमारा साझा जीवन बीमा है। इस 80वें सत्र में सत्र में महासभा के अध्यक्ष के रूप में मेरी प्राथमिकता संयुक्त चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन की रक्षा करना है। इसको लेकर मैंने बहुपक्षीय और संयुक्त राष्ट्र का समर्थन करने के लिए एक अंतर-क्षेत्रीय गठबंधन बनाने का भी आह्वान किया है। यही वजह है कि मैं भारत की यात्रा पर आई हूं, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

**भारत यूएन का संस्थापक सदस्य**

बेयरबॉक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने 80 वर्षों के इतिहास में अहम भूमिका निभाई है। 1948 से भारत ने शांति सुरक्षा के क्षेत्र में 53 से अधिक अभियानों में तीन लाख से अधिक सैनिक भेजे हैं। वैश्विक शांति की सेवा में 184 से अधिक भारतीय शांति सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के समर्थन के रूप में भारत दक्षिण-दक्षिण सहयोग में अग्रणी भूमिका निभाता है।

---

### शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह की दो टूक

# 'आतंकवाद' दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ उठाएं कदम

*उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर मजबूती से कायम है। उन्होंने पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकी हमले को याद करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं पूरी मानवता को झकझोर देती हैं और वैश्विक समुदाय को एकजुट होकर इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए*

एजेंसी ⏭ बिश्केक

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मुद्दे पर बेहद स्पष्ट और सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद किसी भी देश की संप्रभुता पर सीधा हमला है और इसे किसी भी परिस्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के मामले में किसी भी तरह के दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एससीओ को ऐसे देशों के खिलाफ ठोस कदम उठाने चाहिए जो आतंकवादियों को समर्थन, संरक्षण या सुरक्षित पनाह देते हैं। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आतंकवाद के अड्डे अब दंड से बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर मजबूती से कायम है।

आतंक के केंद्र अब सुरक्षित नहीं रह सकते


एससीओ बैठक को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह


राजनाथ रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव और चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मिले

**एससीओ को सराहा**

राजनाथ सिंह ने एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी ढांचे की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सहयोग, समानता तथा पारस्परिक विश्वास के आधार पर संगठन को शांति और स्थिरता का प्रतीक बनाया जा सकता है।

**शांति को दें प्राथमिकता**

राजनाथ सिंह ने बदलते वैश्विक परिदृश्य पर चिंता व्यक्त की। दुनिया इस समय बढ़ते टकराव और एकतरफावाद के दौर से गुजर रही है, जिससे वैश्विक सहमति कमजोर हो रही है। महात्मा गांधी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 'आंख के बदले आंख' की नीति पूरी दुनिया को अंधकार की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि हर निर्णय का असर गरीब और जरूरतमंद लोगों पर भी पड़ता है, इसलिए शांति और करुणा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**आतंकवाद का धर्म नहीं**

रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म या राष्ट्रीयता नहीं होती। किसी भी शिकायत या मतभेद को हिंसा और निर्दोष लोगों की हत्या का आधार नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि कट्टरता, उग्रवाद और अलगाववाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद जरूरी है। इसके साथ ही आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म करना और उन्हें राजनीतिक संरक्षण देने की प्रवृत्ति को रोकना समय की मांग है।

---

## आईएनएस सुनयना सिंगापुर पहुंचा


भारत-सिंगापुर समुद्री संबंधों मजबूत होंगे

*नई दिल्ली। हिंद महासागर पोत आईएनएस सुनयना 26 अप्रैल को सिंगापुर के चांगी नौसैनिक अड्डा पर पहुंचा। यह महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) पहल के तहत आईओएस सागर तैनाती के दौरान उसका चौथा पोर्ट कॉल है। 16 मित्र विदेशी देशों के बहुराष्ट्रीय दल के साथ तैनात यह पोत हिंद महासागर क्षेत्र में सक्रिय है। सिंगापुर पहुंचने से पहले यह माले, फुकेत और जकार्ता के बंदरगाहों पर भी रुक चुका है। आईएनएस सुनायना 29 अप्रैल 2026 को सिंगापुर से रवाना होगा और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को मजबूत करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाएगा। सिंगापुर पहुंचने पर पोत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जो भारत और सिंगापुर के मजबूत समुद्री संबंधों को दर्शाता है। सिंगापुर में भारत की उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने जहाज के चालक दल से बातचीत की और सागर विजन के तहत उनकी भूमिका की सराहना की।*

---

### बालेंद्र शाह को भारत से लगा बड़ा झटका!

## चाय की गुणवत्ता को लेकर कड़े किए नियम , 1 मई से लागू होंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार चाय उद्योग के बढ़ते आयात के बीच चाय की गुणवत्ता को लेकर नए नियम लागू करने जा रही है। इससे नेपाल समेत बाकी देशों के निर्यातकों पर दबाव बढ़ गया है। बालेन शाह की सरकार के लिए भारत में चाय का एक्सपोर्ट उनके विदेशी मुद्रा कमाने वाले मुख्य क्षेत्रों में से एक है। टी बोर्ड इंडिया की एक अधिसूचना के मुताबिक, 1 मई से भारत में आने वाली चाय की सभी खेपों, जिनमें नेपाल से आने वाली खेप भी शामिल है, सभी की अनिवार्य लैब टेस्टिंग की जाएगी। इस कदम का मकसद गुणवत्ता की जांच को सख्त करना और मिलावट पर रोक लगाना है।


नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह

नई स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के तहत, आयात की गई हर खेप की सैंपलिंग और टेस्टिंग की जाएगी। हालांकि, इंस्टेंट टी और पीने के लिए तैयार चाय (रेडी-टू-ड्रिंक टी) को इस नियम के तहत छूट दी गई है। भारत के चाय आयातकों को टी काउंसिल पोर्टल के जरिए चाय के आने की तारीख, गोदाम की जगह, कंटेनर का विवरण और प्रोफॉर्मा इनवॉइस बताना होगा।

---

### यूएनएससी में भारत की दो टूक

## 'होर्मुज' में स्वतंत्र, सुरक्षित और निरंतर आवाजाही जल्द बहाल हो

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच, भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन को जल्द से जल्द बहाल करने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'समुद्री क्षेत्र में जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण' पर एक खुली बहस को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रभारी राजदूत, योजना पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समुद्री सुरक्षा और जलमार्गों के संरक्षण को वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए आवश्यक मानता है।


योजना पटेल

**होर्मुज पर ईरान को नियंत्रण का अधिकारः रूस**

यूएनएससी में रूस के राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान को इस अहम समुद्री मार्ग पर यातायात नियंत्रित करने का पूरा अधिकार है। नेबेंजिया ने पश्चिमी देशों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईरान पर पूरी जिम्मेदारी थोपने की कोशिश की जा रही है।

---

### सितंबर 2028 तक परियोजना को पूरा करने का रखा लक्ष्य

'मेक इन इंडिया पहल' से तकनीकी विकास में बड़ा परिवर्तन

## एशिया के सबसे बड़े डेटा सेंटर में 15 अरब डॉलर का निवेश करेगा गूगल

एजेंसी ⏭ अमरावती

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड इंडिया एआई हब की नींव रखी। इस एआई हब में गूगल करीब 15 अरब डॉलर निवेश करेगा, जो कि देश के इतिहास में आया अब तक का सबसे बड़ी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) है। भूमि पूजन समारोह में बोलते हुए चंद्रबाबू नायडू ने गूगल और परियोजना में उसके साझेदारों, अदाणीकनेक्स और एयरटेल नेक्सट्रा से सितंबर 2028 तक परियोजना को पूरा करके उद्घाटन करने का आग्रह किया।



केंद्रीय मंत्री वैष्णव और सीएम नायडू विशाखापत्तनम में परियोजना की आधारशिला रखते हुए

**भारत आईटी सेवाओं का अग्रणी: वैष्णव**

*केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि एक देश के रूप में भारत कई तकनीकी विकास चक्रों से चूक गया है और पीएम नरेंद्र मोदी का विजन है कि भारत नई तकनीकी विकास प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक और 2000 के शुरुआती वर्षों में की गई पहलों के बदौलत भारत आईटी सेवाओं का अग्रणी बन गया, लेकिन सेमीकंडक्टर, सर्वर, लैपटॉप और मोबाइल फोन के निर्माण में पिछड़ गया। हालांकि, 'मेक इन इंडिया पहल' के शुभारंभ के साथ पिछले एक दशक में स्थिति पूरी तरह बदल गई है।*

***गूगल का यह निवेश पूरे राज्य के लिए गेम चेंजरः*** *सीएम नायडू ने परियोजना के शीघ्र पूरा होने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। गूगल का यह निवेश विशाखापत्तनम के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक गेम चेंजर है।*

---

### अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पेंटागन का खुलासा

## चीन-रूस की मिसाइलों के सामने अमेरिकी रक्षा सिस्टम बेअसर, 'गोल्डन डोम' बनेगा संजीवनी

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक अहम खुलासा सामने आया है। अमेरिकी रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मार्क जे बर्कविट्ज ने कहा कि मौजूदा अमेरिकी रक्षा प्रणाली केवल छोटे स्तर के हमलों को ही रोक सकती है और हाइपरसोनिक या क्रूज मिसाइल जैसे आधुनिक खतरों के खिलाफ लगभग बेअसर है। अमेरिकी रक्षा और सैन्य अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2027 के बजट पर चर्चा के दौरान सीनेट में यह बात रखी।



उन्होंने चेतावनी दी कि चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देश तेजी से ऐसे हथियार विकसित कर रहे हैं, जो पारंपरिक रक्षा प्रणाली को आसानी से चकमा दे सकते हैं। मौजूदा सिस्टम को इस तरह के आधुनिक खतरों के लिए डिजाइन ही नहीं किया गया था।

**'गोल्डन डोम'- अमेरिका की नई रक्षा योजना**

पेंटागन के अधिकारियों ने सीनेट को बताया कि इन खतरों से निपटने के लिए अमेरिका एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना गोल्डन डोम पर काम कर रहा है। इस योजना के तहत अंतरिक्ष आधारित सेंसर नेटवर्क तैयार किया जाएगा। जमीन और समुद्र आधारित इंटरसेप्टर तैनात होंगे। एआई आधारित कमांड और कंट्रोल सिस्टम होगा। डायरेक्टेड एनर्जी वेपन्स (लेजर आदि) का उपयोग किया जाएगा। अनुमानित लागत 14-15 लाख करोड़ रुपए आएगी।

**अब तक हटाए गए अतिक्रमण को लेकर बेंच में प्रस्तुत की रिपोर्ट**

# एनजीटी में सुनवाई: भदभदा से बड़े तालाब तक के बीच शेष अतिक्रमण हटाने बीएमसी ने मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोनल बेंच में शहर के भदभदा से बड़े तालाब के बीच अतिक्रमण हटाने के मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। इस मामले में याचिकाकर्ता आर्या श्रीवास्तव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता धरमवीर शर्मा ने बेंच को बताया कि अभी तक चिह्नित सभी अतिक्रमण नहीं हटाए गए हैं। इस पर भोपाल नगर निगम ने सभी चिहिन्नत अतिक्रमणों का हटाने के मामले में अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत की है। अब हटाए गए अतिक्रमण के साथ ही शेष अतिक्रमण को हटाने के लिए बीएमसी ने बेंच से कुछ समय और मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से बेंच को बताया गया कि भोज वेटलैंड पर 227 के करीब अनाधिकृत अतिक्रमण पाए गए



भदभदा रोड पर कब्जे हटाने की कार्रवाई की गई।(फाइल फोटो)

हैं, जिनमें से कुछ अतिक्रमण अभी नहीं हटाए गए हैं। इधर, भोपाल नगर निगम की ओर से उपरोक्त अतिक्रमण में से अधिकांश को हटाने का दावा किया गया है। शेष अतिक्रमण हटाने बेंच से कुछ समय और मांगा गया है।

### आदेश की कॉपी नहीं मिलती

इस मामले में एक धर्म स्थल भी अतिक्रमण के दायरे में चिह्नित किया गया है। इसे हटाने के मामला में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की ओर से बेंच को बताया गया कि याचिकाकर्ता की ओर से कॉपी उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई है। एप्लीकेंट की ओर से आदेश की कॉपी नहीं मिलने से कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

### क्या है पूरा मामला

याचिकाकर्ता आर्या श्रीवास्तव ने एनजीटी में पिटीशन के माध्यम से बताया कि भदभदा से बड़े तालाब के बीच बड़े स्तर पर अतिक्रमण किया गया है, जो भोज वेटलैंड नियमों के विरुद्ध होने के साथ ही अन्य कई नियमों का उल्लंघन करता है। इस मामले में लंबे समय से बेंच में सुनवाई के दौरान बेंच ने प्रशासन और भोपाल नगर निगम को सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इनमें कुल 227 अतिक्रमण चिह्नित किए गए थे, जिनमें से अधिकांश हटाए जा चुके हैं। अतिक्रमण के दायरे में बताए जा रहे एक धार्मिक स्थल के मामले में वक्फ बोर्ड की ओर से जवाब प्रस्तुत किया गया। अब शेष अतिक्रमणों को हटाने के लिए बीएमसी ने बेंच से और समय मांगा है।

**मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान**

# विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर से हुआ प्राइवेट, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**माशिमं के 10वीं - 12वीं के विद्यार्थियों की परेशानी का मामला हरिभूमि ने प्रमुखता से किया था**

**खबर का असर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर की जगह प्राइवेट आने का मामला हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने माशिमं को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ की मामले की रिपोर्ट भी दो सप्ताह के भीतर तलब की है।

दरअसल, भोपाल में अधिकारियों की लापरवाही से 10वीं एवं 12वीं के कई विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर की जगह प्राइवेट लिखे होने का मामला सामने आया है। साल भर स्कूल जाकर नियमित पढ़ाई करने के बावजूद कई स्कूलों के विद्यार्थियों की अंकसूची में रेगुलर की जगह प्राइवेट लिखा हुआ है। इस कारण विद्यार्थियों को कई तरह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर के करीब चार दर्जन स्कूलों के करीब 15 हजार विद्यार्थी इससे प्रभावित बताए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एमपी बोर्ड की मेरिट में सांदीपनि के 58 विद्यार्थी

**भोपाल।** प्रदेश में संचालित सांदीपनि विद्यालय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की अनूठी नजीर पेश कर रहे हैं। एमपी बोर्ड के हाल ही जारी 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालयों के 58 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट में स्थान पाने में सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं, एमपी बोर्ड की इन परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम साल दर साल बेहतर हो रहा है। विगत चार वर्षों में सांदीपनि विद्यालयों ने 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में 20 से 28 प्रतिशत तक का सुधार दर्ज कराया है। वर्ष 2023 में एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 68 था, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 88 प्रतिशत तक पहुंच गया। वहीं 10वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत भी 46 से बढ़कर 75 प्रतिशत से अधिक हो गया है। वहीं 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत वर्ष 2023 के 59 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2026 में बढ़कर 87 प्रतिशत से अधिक हो गया।

### क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर हजारों ठगे

**भोपाल।** कस्तूरबा नगर निवासी निखिल साहू, एमपी नगर जोन-2 ने शिकायत दर्ज कराई थी कि क्रेडिट कार्ड चालू कराने के नाम पर एक युवक ने 73 हजार से अधिक की साइबर ठगी की है। उसने एसबीआई क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताकर पेनाल्टी का डर दिखाया, फिर लिंक भेजकर ओटीपी हासिल कर लिया और खाते से रकम उड़ा दी। करीब तीन साल की जांच के बाद साइबर क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

**मंगला आरती, मंदिर के द्वार पर सातिया की स्थापना और दधीकांदा उत्सव**

# श्रद्धाभाव के साथ मनाया हित हरिवंशचंद्र का प्राकट्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री राधाबल्लभ मंदिर रूपा बाई ट्रस्ट इब्राहिमपुरा की ओर से राधा वल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक हित हरिवंशचंद्र महाप्रभु का 553वां प्राकट्योत्सव सोमवार को श्रद्धाभाव से मनाया गया। राधावल्लभ संप्रदाय की रसरीती को वैष्णव रसिकजनों के हृदय तक पहुंचाने वाले बंसीजी के अवतार हित हरिवंश महाप्रभु के प्राकट्योत्सव के अवसर पर सुबह सात बजे मंगला आरती, मंदिर के मुख्य द्वार पर दोनों तरफ सातिया की स्थापना, दोपहर 12 बजे दधीकांदा उत्सव हुआ। इसमें रसिकजनों ने अपने सर पर मटकी लेकर भजनों की धुन पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान मखाने व मेवे आदि लुटाए गए। प्रसादी का वितरण किया गया।



श्री राधावल्लभ।



मंदिर में श्रद्धालु।


### निकली नर्मदा टाइगर राजा हिरदेशाह शौर्य यात्रा , बुंदेला विद्रोह के बलिदानियों का किया गया स्मरण

**भोपाल।** जंबूरी मैदान में मंगलवार को शौर्य यात्रा का आयोजन गया। इस दौरान जनजातीय वीरों को सम्मान किया गया। कार्यक्रम 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक, वीर योद्धा नर्मदा टाइगर राजा हिरदेशाह लोधी की गौरव गाथा को समर्पित रहा। साथ ही आजादी के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले बलिदानियों का स्मरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव थे। तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती भी शामिल हईं। अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोधी क्षत्रिय महासभा मध्य प्रदेश, राजा हिरदेशाह शोध संस्था तथा गोंड महासभा के तत्वावधान में आयोजित शौर्य यात्रा में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, अखिल भारतीय लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एटा उत्तर प्रदेश के विधायक विपिन वर्मा डेविड एवं पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## चार की वजह 8 डॉक्टर बना रहे अमरनाथ यात्रा के हेल्थ सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित देशभर में अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी, जो 28 अगस्त को रक्षाबंधन तक



चलेगी। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिन रिंकू भटेजा ने बताया कि अमरनाथ यात्री को यात्रा परमिट बनवाने से पहले श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा अधिकृत डॉक्टरों द्वारा कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनवाना अनिवार्य होता है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष श्राइन बोर्ड द्वारा भोपाल के लिए चार डॉक्टरों का नाम घोषित किया था इसमें दो डॉक्टरों का नाम गलत अंकित किए गए थे। मंडल ने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड को सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराया था। साथ ही अब भोपाल में 8 डॉक्टर कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनाने के लिए अधिकृत है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने निर्णय लिया है। अभी फिलहाल दिनांक 3 अगस्त तक ही यात्रा परमिट बनाए जाएंगे।

## नेशनल हाइवे पर सड़क छाप स्टंट तेजी से वायरल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नेशनल हाईवे पर एक खतरनाक घटना सामने आई है। स्कूटी पर तीन



सवारों द्वारा 'लैला-मजनू' स्टाइल में स्टंट किया गया। उनकी यह हरकत कैमरे में कैद हो गई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें युवक-युवती बीच सड़क पर रोमांस और स्टंट करते दिख रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई हैं। यह कृत्य सड़क पर मौत से खेलने जैसा है। इसे सरेआम सड़क पर एक खतरनाक प्रेम कहानी का प्रदर्शन बताया जा रहा है। कपल की इस लापरवाही ने ट्रैफिक नियमों को खुली चुनौती दी है।

## शंका से होता है प्राणी का सुनिशिचत समूल विनाश: पं. सुशील



पं. सुशील महाराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री शिव शक्ति धाम सिद्धश्रम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन सोमवार को पंडित सुशील महाराज ने सती चरित्र की कथा सुनाते हुए भक्तों को बताया कि शंका से प्राणी का विनाश सुनिश्चित होता है। आदि शक्ति मां सती ने श्री राम के ऊपर शंका करके अपना विनाश सुनिश्चित कर लिया था। श्री राम की परीक्षा लेने के लिए मां सती ने जगत जननी मां सीता का स्वरूप धारण करके बहुत बड़ी गलती कर ली थी। क्योंकि भोले शिव भगवान श्री राम को अपना इष्ट मांनते थे और प्रभु श्री राम भोले बाबा को अपना इष्ट मांनते थे। जब मां सती ने जगत जननी मां सीता का स्वरूप धारण किया। उसी समय से भोले बाबा ने सती को अपने इष्ट की पत्नी के समान मान लिया और उनका मन से त्याग कर दिया था। सती देह में अव वह अब सती को अब आगे पत्नी के रूप में स्थान नहीं देंगे। पं सुशील महाराज ने कहा कि इसलिए इस प्रसंग से शिक्षा लेकर प्रत्येक मनुष्य को यह संकल्प लेना चाहिए कि शंका की बीमारी को वह अपने मन से सदैव दूर रखेंगे। अपने घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास स्थापित करेंगे। श्री शिव महापुराण की कथा में दौलत सिंह कुशवाहा एवं उनके पुत्र ने कथा वाचक पंडित सुशील महाराज का गमछा एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। गुना से पधारे भगवत सिंह रघुवंशी, पप्पू चौधरी तथा गोवर्धन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश से पधारे धीरज शर्मा एवं जमुना कुशवाहा, भवानी कुशवाहा, कमल सिंह जाट ने श्री शिव महापुराण की पूजा कर आरती उतारी।

■ श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम में श्री शिव महापुराण कथा

**पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने घेराबंदी कर किया आरोपी को गिरफ्तार**

# एटीएम चोरी की बड़ी वारदात से पहले ही आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में पुलिस ने एटीएम चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी ने परिवहन व्यवसाय में हुए नुकसान और कर्ज के दबाव में आकर चोरी की योजना बनाई थी। हालांकि, वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सका और पुलिस की गिरफ्त में आ गया। यह मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस को बीती रात करीब 3 बजे गेरवानी के पास स्थित एटीएम में संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली। इस सूचना के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां आरोपी एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त कर नकद निकालने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपी पंकज कुमार पासवान को हिरासत में ले लिया। उसके पास से वारदात में प्रयुक्त गैस कटर बरामद किया गया।



### एटीएम मशीन को साढ़े तीन लाख का नुकसान

इस घटना में एटीएम मशीन को तकरीबन 3 लाख 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इंडिया वन प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी दीपक दास महंत की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

### *सीसीटीवी पर किया था काले रंग का स्प्रे*

*आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे पर काले रंग का स्प्रे किया था। साथ ही उसने अपने चेहरे पर भी स्प्रे किया था और रेनकोट पहना था। यह सब उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए किया था। पुलिस की मुस्तैदी से एक बड़ी चोरी टल गई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी पंकज पासवान ने बताया कि वह संयंत्र में वेल्डिंग का काम करता था। परिवहन व्यवसाय में हुए नुकसान और कर्ज के दबाव के चलते उसने एटीएम से चोरी की योजना बनाई थी। उसकी योजना थी कि वह एटीएम से नकद निकालकर अपना कर्ज चुकाएगा।*

**सीएम साय ने श्रम विभाग के कार्यों और योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा की**

# 'ई-श्रम साथी' मोबाइल एप्लीकेशन डिजिटल लेबर चौक का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में श्रम विभाग के कार्यों और योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि मैदानी अमला पूरी प्रतिबद्धता के साथ श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। इस अवसर पर श्रम मंत्री लखन देवांगन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में श्रमिकों के हित में व्यापक पहल हुई है और चार नई श्रम संहिताएं लागू की गई हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में मजदूरी संहिता 2019,



औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रमिकों को सुरक्षित, संरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रम विभाग एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, जो बड़े पैमाने पर श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

### श्रमिकों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

इस अवसर पर सीएम ने श्रमिकों को घर बैठे रोजगार की जानकारी सहज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'ई-श्रम साथी' मोबाइल एप्लीकेशन छत्तीसगढ़ डिजिटल लेबर चौक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की मेहनत देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है, इसलिए उनके योगदान का सम्मान और उनके हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। समीक्षा बैठक में श्रम विभाग की संरचना, श्रमायुक्त संगठन, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा तीनों प्रमुख मंडलों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रदेश के सभी जिलों में श्रम कार्यालयों के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन और समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ दोनों सुनिश्चित हो सके।

**छग बोर्ड के 10वीं-12वीं परीक्षा परिणाम आज**

# आज मिलेगा साल भर की मेहनत, अनुशासन का फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे छात्रों के लिये अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं-12वीं परीक्षा परिणाम आज को जारी किये जाएंगे। इसकी घोषणा शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने की है।

आज दोपहर ढाई बजे मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के कक्ष क्रमांक एस-2-12 में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव परीक्षा परिणाम जारी करेंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये




विभिन्न अधिकृत वेबसाइटों के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा परिणाम देखने की व्यवस्था भी की है। शिक्षा मंत्री यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि इंतजार की घड़ियां अब समाप्ति की ओर हैं। दोपहर 02:30 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किए जाएंगे।

**शादी में शामिल होने आया था परिवार, रेस्क्यू टीम की मदद से सर्च अभियान जारी**

# तांदूला नहर में नहाने गए तीन लोग डूबे, पिता की मौत, बेटी लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी में एक दुखद घटना हुई है। तांदूला नहर में नहाने गए तीन लोग तेज बहाव में बह गए। इस घटना में पिता यमन गंजीर की मौत हो गई है, जबकि उनकी 12 वर्षीय बेटी पल्लवी गंजीर अभी भी लापता है।

स्थानीय लोगों ने एक अन्य रिश्तेदार युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ग्राम धोबनपूरी निवासी यमन गंजीर (लगभग 35 वर्ष) अपनी बेटी पल्लवी के साथ ससुराल पीपरछेड़ी आए थे। वे एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान वह अपनी बेटी और एक अन्य युवती के साथ नहर में नहाने गए।



### पिता का शव मिलने पर गांव में छाया मातम

मौके पर पुलिस और राहत दल लगातार खोजबीन में जुटे हुए हैं। पिता के शव मिलने के बाद गांव में मातम फैल गया है। यह घटना एक शादी समारोह के दौरान हुई, जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। परिवार और ग्रामीणों में इस घटना से गहरा शोक है। तांदूला नहर में अक्सर इस तरह की बह जाने वाली घटनाएं सामने आती हैं। प्रशासन को ऐसी जगहों पर सुरक्षा के उचित इंतजाम करने चाहिए।

### पानी छोड़ने के कारण तेज था बहाव

तांदूला जलाशय से लगभग 8 फीट पानी छोड़ा गया था। इसके कारण नहर में तेज बहाव था। लोग अक्सर यहां नहाने जाते हैं, लेकिन तेज बहाव की चपेट में आने से संभल नहीं पाते। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तांदूला जलाशय से नहर का पानी बंद कराते हुए रेस्क्यू टीम की मदद से सर्च अभियान शुरू किया। रेस्क्यू टीम को घटना स्थल से करीब 400 मीटर दूर नहर में फंसा हुआ यमन गंजीर का शव बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से बेटी पल्लवी गंजीर की तलाश की जा रही है।

## नहीं सह सका पत्नी की बेवफाई, पति ने प्रेमी के घर के सामने लगाई फांसी

**बालोद।** रिश्तों के कत्ल और भावनाओं के टूटने की एक सनसनीखेज वारदात बालोद जिले के ग्राम चौरेल से सामने आई है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के चंगुल से छुड़ाने की नाकाम कोशिश के बाद प्रेमी के घर के सामने ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पिछले तीन दिनों से अपनी पत्नी के सामने घर लौटने की मिन्नतें कर रहा था। लेकिन पत्नी के इनकार ने उसे मौत की राह चुनने पर मजबूर कर दिया।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

घटना की रात परमानंद के सब्र का बांध टूट गया। पत्नी के अंतिम इनकार और तिरस्कार से आहत होकर उसने एक खौफनाक कदम उठाया। उसने शनिवार देर रात प्रेमी के घर के ठीक सामने लगे एक पेड़ (या उपलब्ध ऊंचे स्थान) पर फंदा बनाया और अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रविवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर फंदे पर लटके शव पर पड़ी, तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही अर्जुन्दा थाना प्रभारी इंद्रा वैष्णव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं।

### हाई कोर्ट ने सड़क परिवहन मंत्रालय सचिव व अन्य से जवाब मांगा

## राजमार्गों में अवैध कट-प्वाइंट्स को चुनौती

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने प्रदेश से गुजरने वाले राजमार्गों में अवैध कट-प्वाइंट्स को चुनौती के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग के एसीएस सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई तय की गई है।



जनहित याचिकाकर्ता डिंडौरी निवासी सेवानिवृत्त अधिकारी महावीर सिंह ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि जब ओला-उबर जैसी गाड़ियां दो मिनट के भीतर पहुंच जाती हैं, तो एंबुलेंस क्यों नहीं पहुंचती है। उन्होंने बताया कि भोपाल-जबलपुर हाईवे में डिवाइडर तोड़कर 300 कट बना लिए हैं, इससे स्पीड कम होती है और दुर्घटनाएं भी बढ़ती हैं। प्रदेश से गुजरने वाले राजमार्गों में अवैध कट-प्वाइंट्स के कारण एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती हैं, यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। लिहाजा, जनहित याचिका को बेहद गंभीरता से लिया जाए। कोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। जवाब आने के बाद आगे दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

### महिला कर्मी की चाइल्ड केयर लीव पर 7 दिन के अंदर निर्णय लेने हाईकोर्ट के निर्देश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जेके पिल्लई की एकलपीठ ने राज्य शिक्षा केंद्र के आयुक्त को जिला प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर की अनुशंसा के तहत याचिकाकर्ता महिला कर्मी की चाइल्ड केयर लीव पर सात दिन में निर्णय लेने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता का बेटा गंभीर बीमारी से पीड़ित है, इसलिए उसके इलाज और देखभाल के लिए अवकाश की तत्काल जरूरत है। याचिकाकर्ता खंडवा निवासी आयशा शेख की ओर से अधिवक्ता निखिल तिवारी व आदित्य अहिवासी ने दलील दी कि नियमानुसार याचिकाकर्ता अधिकतम 730 दिन के चाइल्ड केयर लीव की हकदार है। याचिकाकर्ता का बेटा ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्राफी (डीएमडी) से पीड़ित है, जो एक घातक आनुवंशिक विकार है। यह प्रगतिशील बीमारी होती है, जिसके लिए निरंतर मातृ देखभाल की आवश्यकता होती है। जिला प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर ने आयुक्त को अवकाश देने की अनुशंसा की है, इसके बावजूद निर्णय नहीं लिया जा रहा है।

### बार काउंसिल चुनाव: 98 पुरुष प्रत्याशी व 24 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव-2026 के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित सभी अपीलों का निराकरण कर दिया गया है। कोर्ट द्वारा उक्त सभी अपीलों को निरस्त कर दिया गया है। स्टेट बार 18 पुरूष सदस्य व पांच महिला सदस्यों को मिलाकर कुल 23 सदस्यों हेतु चुनाव प्रकिया प्रारंभ हो चुकी है। उक्त पद हेतु 98 पुरुष प्रत्याशी व 24 महिला प्रत्याशी चुनाव में भाग ले रहे हैं। मंगलवार, 12 मई को मतदान होगा। निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति एसके पालो के अनुसार सभी जिला-तहसील मुख्यालय में अधिवक्ता परिचय पत्र प्रस्तुत कर अपना मताधिकार का नियमानुसार उपयोग कर सकते हैं। चुनाव प्रक्रिया में प्रत्याशियों को आवंटित अनुक्रमांक में अब कोई परिवर्तन नहीं होगा। सभी प्रत्याशियों एवं अधिवक्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें एवं शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।

### माइनिंग की टीम से बचने नदी में कूदने से हुई मौत पर कलेक्टर, एसपी कार्यवाही कर प्रतिवेदन दें : आयोग

**जबलपुर।** जिले के बरेला थाना क्षेत्र स्थित ग्राम जमतरा में विगत दिनों नर्मदा नदी से अवैध रेत खनन की सूचना पर एसडीएम अभिषेक सिंह के नेतृत्व पहुंची माइनिंग व एसडीआरएफ की टीम को देखकर अवैध रेत उत्खनन में लिप्तो के बीच भगदड़ मचने पर, पकड़े जाने के डर से बचने के लिये आकाश बर्मन उर्फ मानक वर्मा (25) की नर्मदा नदी में छलांग लगाने के कारण मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मृतक के भाई का आरोप है कि उससे घाट किनारे मारपीट की गई थी। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले को जनहित में संज्ञान में लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में तलब किया है।




### अब्दुल रज्जाक प्रकरण में हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** कई आपराधिक प्रकरणों में आरोपी अब्दुल रज्जाक के प्रकरण में हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस आरसीएस बिसेन की डिवीजन बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। दरअसल, वर्ष 2025 में अब्दुल रज्जाक की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि उसके खिलाफ दर्ज कई मामलों में अभी तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। जैसे ही एक मामले में जमानत मिलती है, उसी समय दूसरे प्रकरण में गिरफ्तारी दिखा दी जाती है। यह न्यायिक प्रक्रिया के साथ छलावा है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली और शारिक अकील ने पैरवी की।

### 311 वाहन चालकों से 1 लाख का जुर्माना वसूला

## शिकंजा : आदतन अपराधियों पर कार्रवाई

**जबलपुर।** जिला पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं यातायात का उल्लघंन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही हैं।



पिछले 24 घंटे के दौरान 311 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर 1 लाख 17 हजार 800 रुपए समन शुल्क वसूला गया और ब्रीथ एनालाईजर और पीओएस मशीन से वाहन चालकों की जांच की गई। बिना हेलमेट वाहन चालने वालों पर भी कार्रवाई की गई। इसी के साथ पुलिस ने आदतन अपराधियों और जुआ, सट्टा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 27 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 59 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 11 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 17 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 46 जमानती वारंट तामील किये गये तथा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 23 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 98 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 37 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 बका, 3 चाकू जप्त किये गये।

### रेलवे स्टेशन मास्टर अब कहलाएंगे स्टेशन प्रबंधक

**जबलपुर।** स्टेशन मास्टर अब आज से स्टेशन प्रबंधक कहलाएंगे। रेलवे बोर्ड ने स्टेशन मास्टर पद नाम बदलकर आज से स्टेशन प्रबंधक कर दिया है। इस निर्णय के बाद से देशभर के रेलवे स्टेशनों पर तैनात स्टेशन मास्टरों को अब नए पदनाम से जाना जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जारी आदेश के बाद इस नए नियम को लागू कर दिया गया है। इस आदेश के तहत स्टेशन मास्टर की पहचान अब स्टेशन प्रबंधक के रूप में होगी। यह बदलाव रेलवे की कार्यप्रणाली को और अधिक आधुनिक और जिम्मेदारी आधारित बनाने के उद्देश्य से किया गया है। बोर्ड का मानना है कि प्रबंधक शब्द न केवल स्टेशन मास्टर की कार्यप्रणाली की अधिक व्यापक भूमिका को दर्शाता है, बल्कि इससे स्टेशन संचालन में उनकी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को भी बेहतर तरीके से परिभाषित करेगा।

### निजी स्कूलों में हो रहा बच्चों का शोषण

## गर्मी की मार के बीच शिक्षकों पर डबल दबाव

**जबलपुर।** शहर में इन दिनों भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। अप्रैल महीने में ही तापमान लगातार ऊंचाई पर बना हुआ है और लू के थपेड़ों ने हालात और कठिन कर दिए हैं। ऐसे में प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पहली से पांचवीं तक के स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर राहत दी है, लेकिन इसी फैसले के बीच अब शिक्षकों की परेशानियां सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार, छोटे बच्चों के लिए स्कूलों में छुट्टी होने के बावजूद शिक्षकों को रोजाना स्कूल बुलाया जा रहा है। कई स्कूलों में तो निर्धारित समय के बाद भी शिक्षकों से अतिरिक्त कार्य लिया जा रहा है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि जब कक्षाएं संचालित ही नहीं हो रहीं, तो इस भीषण गर्मी में स्कूल बुलाने का औचित्य समझ से परे है।

शिक्षकों के अनुसार, उन्हें स्कूल में उपस्थिति दर्ज कराने के अलावा रिकॉर्ड अपडेट करने, फाइल कार्य, प्रवेश प्रक्रिया और अन्य प्रशासनिक कार्यों में लगाया जा रहा है। लगातार बढ़ती गर्मी और लू के बीच लंबे समय तक स्कूल में रुकना उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा बनता जा रहा है। कई शिक्षकों ने बताया कि दोपहर के समय स्कूलों में पर्याप्त कूलिंग व्यवस्था भी नहीं है, जिससे परेशानी और बढ़ जाती है।



यह स्थिति सिर्फ किसी एक संस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के शासकीय और निजी दोनों प्रकार के स्कूलों में देखी जा रही है। नाम न छापने की शर्त पर कई शिक्षकों ने बताया कि उन्हें बिना स्पष्ट दिशा-निर्देश के ओवरटाइम तक काम करने के लिए कहा जा रहा है। इससे उनके व्यक्तिगत जीवन पर भी असर पड़ रहा है।

शिक्षकों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि जब बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया गया है, तो शिक्षकों को भी आंशिक राहत दी जाए या उनके लिए कार्य का समय और स्वरूप स्पष्ट किया जाए। साथ ही, भीषण गर्मी को देखते हुए अतिरिक्त समय तक कार्य लेने पर रोक लगाने की भी अपील की गई है। फिलहाल इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, बढ़ती गर्मी और शिक्षकों की बढ़ती नाराजगी के बीच यह मुद्दा अब तूल पकड़ता जा रहा है और आने वाले दिनों में इस पर प्रशासन को स्पष्ट रुख अपनाना पड़ सकता है।



सेटलाईट गड़बड़ी का खामियाजा भुगत रहे किसान

# गेहूं बेचना किसानों के लिए युद्ध लड़ने से कम नहीं !



**जबलपुर।** किसान से एक एक दाना खरीदने के सरकार के वायदे के चलते इस वर्ष जबलपुर जिले के 51 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य पर सरकार को गेहू बेचने पंजीयन कराया है। भारत कृषक समाज महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल ने बताया की प्रशासन द्वारा खेत वार फसल का राजस्व अधिकारियों से भौतिक सत्यापन कराया गया फिर भी सैकड़ो किसानों के रकवे पोर्टल पर असत्यापित शो हो रहे हैं। सेटलाइट की गड़बड़ी का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। राजस्व अधिकारियों से किसानों की विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है कि सही कौन है राजस्व अमला या सेटलाइट ? श्री अग्रवाल ने बताया की वर्तमान में किसान स्लॉट बुकिंग के लिए पसीना बहा रहे हैं। मध्यप्रदेश के जिलों को अलग अलग समय में बाँटा गया है। किसान रात रात जागकर स्लॉट बुकिंग के लिए जद्दो जहद कर रहे है, पर सर्वर व सिस्टम की गड़बड़ी के चलते वह स्लॉट बुकिंग मे नाकाम हो रहे हैं। उन्हें चिंता है की यही स्थिति रही तो अंतिम तिथि 9 मई निकल जाएगी । पिछले वर्ष 100 से अधिक खरीद केंद्र स्थापित किये गये थे इस वर्ष केवल 60 ही है। खरीद एक सप्ताह लेट चालू हुई व आधे केंद्र अभी तक भी चालू नहीं हो सके। तोल काँटा, माल रखने की जगह व पल्लेदारो की कमी के साथ ही सर्वर बंद रहने व धीमी गति से चलने से टोकन पर्ची न कटने के चलते भरे बोरे गोदाम के अंदर नहीं हो पा रहे है, केंद्र के बाहर माल रखने की कही जगह ही नहीं है जिससे केंद्र के चारो तरफ सेकड़ो ट्रेक्टर ट्रालियो की लायन लगी है, किसान अपनी बारी के इंतजार में दिन में चिल चिलाती धूप में व मच्छरो के बीच ट्रेक्टर ट्रोलियों में रात गुजारने मजबूर है। उसे यह डर भी सता रहा है की कही उसकी स्लॉट की एक सप्ताह की समय सीमा ही इंतजार करते पार न हो जाये। केन्द्रो में भ्रष्टाचार हॉबी है प्रति कुण्टल 50 से 100 रुपये खर्च किये बिना न उनका माल पास होता और न ही पर्ची मिलती। सरकार को गेहू बेचना किसान के लिए मैदान में युद्ध लड़ने से कम नहीं है। अंततः थक हार कर किसान कम दाम में मंडियो में अपना उत्पाद बेचने मजबूर है।

किसानों की परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। अधिकारी फोन नहीं उठाते, वे बचते नजर आते हैं। जनप्रतिनिधि भी इस समय मौन है। कोई साथ नहीं दे रहा है। किसान बहुत त्रस्त हैं। प्रशासन किसानों को झूठी तसल्ली देने, उसे बहलाने हेतु किसान संगठनों की बैठको की औपचारिकता तथा बयान बाजी कर अपने दायित्व की इतिश्री कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की जुगत में लगा है। सिस्टम को सुधरवाने कोई गंभीर नही दिखता।

भारत कृषक समाज ने मेल से भेजे गये पत्र द्वारा किसानों की मैदानी स्थिति व उसकी पीड़ा तथा उनमे व्याप्त आक्रोश से मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री तथा भोपाल में सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए शीघ्र ही इस समस्या को संज्ञान में लेकर किसानों की मदद की अपील की है।

## वृद्धा के गले से सोने की चेन लूटकर भागे बदमाश

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना क्षेत्र में बाईक सवार दो अज्ञात लड़कों ने एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चैन झपट्टा मारकर ले गए। इस दौरान वृद्ध महिला के गले में खरोंच आ गई। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी 67 वर्षीय श्रीमति अलका चौधरी मंगलार को समधिन सुधा जैन के साथ बत्सला पैराडाईज विजय नगर से ई -रिक्शा में बैठकर अपने रिश्तेदार संजीवनीनगर निवासी डाक्टर मनोज जैन के यहां बैठने के लिए आयी थी। सुबह 9.50 बजे जैसे ही मनोज जैन के घर के सामने ई-रिक्शा से उतरी उसी समय एक मोटर साइकिल में दो अज्ञात लड़के पीछे से आये और उसके गले में पहनी सोने की चैन छीनने लगा, उसने पकड़ने का प्रयास किया तो उसके गले में पहनी 15 ग्राम वजनी सोने की चेन छीनकर उसे धक्का देकर मोटर साइकिल में बैठ कर भाग गया। चेन छीनते समय श्रीमति अलका के गले में खरौंचे आ गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## चाकू बाजी में 2 घायल

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत नारायण चौक व हनुमान होटल सिद्धबाबा में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो व्यक्तियों पर चाकू व लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस नारायण चौक घमापुर निवासी 55 वर्षीय राजेश प्रजापति अपनी पान की दुकान पर था तभी रात 10.30 बजे उसकी दुकान पर रंजीत रजक, हर्ष रजक एवं निखिल रजक आए और शराब पीने के लिए 1 हजार रूपये की मांग करने लगा, मना करने पर मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(1), 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## रहवासी क्षेत्रों में गोदामों की जांच होगी

### उपभोक्ता मंच को महापौर का आश्वासन

**जबलपुर।** जबलपुर शहर के 67 प्रतिशत रहवासी क्षेत्रों में ज्वलनशील सामग्री के गोदाम तथा कारखानों की स्थापना होने के बावजूद भी उनका फायर ऑडिट नहीं हो रहा है, इस वस्तुस्थिति को गंभीरता से लेते हुये महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने विशेष जांच दल गठित करने के निर्देश जारी किये। उन्होंने इस जांच दल को 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश जारी किये। इसके पूर्व में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच तथा भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने महापौर से सुबह 10 बजे मुलाकात कर विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन सौंपा।

मंच के अध्यक्ष डॉ.पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि उन्होंने 24 अप्रैल को फायर अधिकारी कुशाग्र ठाकुर गजेन्द्र पटेल से इस संबंध में जब चर्चा की थी तब अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि स्टॉफ की भारी कमी के कारण जबलपुर में फॉयर सेफ्टी प्लान तथा फॉयर सेफ्टी सर्टिफिकेट की जांच में सुस्ती आई है।

इस वस्तुस्थिति के कारण विशेष जांच दल गठित होना अत्यंत आवश्यक हो गया है, जिसके रिपोर्ट पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जा सके। प्रतिनिधियों ने चर्चा के दौरान महापौर को बताया कि बारदाना गोदाम (बल्देवबाग), प्लास्टिक कुर्सियों का गोदाम (गुजराती कॉलोनी), अगरबत्ती कारखाना (ककरैया तालाब), कोयले का गोदाम (तिलक भूमि तलैया), फर्नीचर गोदाम (रद्दी चौकी), एसिड का गोदाम (मनमोहन नगर), कपड़े की फैक्ट्री (शांति नगर), जूता-चप्पल गोदाम (सिल्वर ओक कम्पाउण्ड) आदि रहवासी क्षेत्रों में स्थापित होने की शिकायतें सामने आई हैं। किंतु अभी तक कोई जांच नहीं हुई है।

चर्चा में डॉ.पी.जी. नाजपांडे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी.के. रायघटक, डी.के. सिंह तथा अर्जुन कुमार परीडा आदि शामिल थे।

## नरसिंह भगवान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज

**बरेला।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 में भगवान विष्णु के चतुर्थ अवतार श्री नरसिंह भगवान की स्थापना एवं प्रण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित है जिसमें बुधवार को पंचांग पूजन, देव आवाहन, मूर्तियों का अधिवास एवं प्राण प्रतिष्ठा एवं गुरुवार 30 अप्रैल को रथ यात्रा ,नगर दर्शन स्थापना, हवन पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सुशील तिवारी विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, उपाध्यक्ष श्रीमती सोनम सोनकर सहित नगर परिषद के पार्षदगणों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित है। आयोजक महेश चक्रवर्ती,पार्षद श्रीमती रामवती चक्रवर्ती सचिन चक्रवर्ती ने सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।


## जेठ ने बहू पर चाकू से किया हमला

**जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्र में गत रात शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक जेठ ने अपनी बहू के साथ गालीगलौज कर चाकू से हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पनागर निवासी 30 वर्षीय श्रीमति आकांक्षा केवट के घर गत रात लगभग 9.30 बजे जेठ संजू केवट आया और शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर गालीगलौज कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी जेठ के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी किए परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश

## 1 जून से होगी 5वीं, 8वीं की पुनः परीक्षा परीक्षार्थियों के लिए टाइम टेबल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




शिक्षण सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण और अनुपस्थित रहे कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों पुनः परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जा रहा है। यह परीक्षा 1 से 6 जून 2026 के बीच होगी। इसमें प्रदेश के समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं और पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं व 8वीं के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने कार्यक्रम जारी करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। दोबारा परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र के परीक्षा पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। सभी बी.आर.सी.सी. को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके ब्लॉक के सभी विद्यार्थियों को संबंधित शाला के प्रधान पाठक के माध्यम से 25 मई तक प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाएं। पुनः परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आयोजन से पूर्व शाला स्तर पर विषयवार अतिरिक्त शिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### जन शिक्षा केंद्र स्तर पर होंगे परीक्षा केंद्र

कक्षा 5वीं व 8वीं की पुनः परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र केवल जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर बनाए जाएंगे। अगर किसी जिले में किसी परीक्षा केन्द्र पर 500 से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हों तो उस स्थिति में राज्य शिक्षा केन्द्र से अनुमति उपरांत दूसरा परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जा सकेगा। शाला की मैपिंग संबंधित बीआरसीसी द्वारा 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। दोबारा परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों की ऑन स्पॉट प्रिंटिंग निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ही की जाएगी। परीक्षा पोर्टल से प्रश्नपत्रों को डाउनलोड एवं प्रिंट करने के लिए जिला परियोजना समन्वयक नोडल अधिकारी होंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर शीतल पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए है।।



## जबलपुर संभाग के विद्यार्थियों को मिल रही कॅरियर काउंसलिंग

**जबलपुर।** जबलपुर संभाग के स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2026-27 में प्रवेष लेने वाले विद्यार्थियों हेतु स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा संभाग स्तरीय "निःशुल्क ऑनलाइन, ऑफलाइन विषय चयन एवं कॅरियर काउंसलिंग" की जा रही है। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा शासन के निर्देशानुसार "जबलपुर संभाग स्तरीय कॅरियर मार्गदर्शन समिति" का गठन किया गया है। जिसमें जबलपुर संभाग के विभिन्न जिलों के शासकीय महाविद्यालय के 78 प्राध्यापकों, सहा. प्राध्यापकों, मनोवैज्ञानिकों एवं काउंसलरों द्वारा जबलपुर संभाग के महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक मोबाईल एवं ईमेल के माध्यम से "निःशुल्क ऑनलाइन, ऑफलाइन विषय चयन एवं कॅरियर काउंसलिंग" प्रदान की जा रही है।

## रहवासी क्षेत्रों में गोदामों की जांच होगी

उपभोक्ता मंच को महापौर का आश्वासन

**जबलपुर।** जबलपुर शहर के 67 प्रतिशत रहवासी क्षेत्रों में ज्वलनशील सामग्री के गोदाम तथा कारखानों की स्थापना होने के बावजूद भी उनका फायर ऑडिट नहीं हो रहा है, इस वस्तुस्थिति को गंभीरता से लेते हुये महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने विशेष जांच दल गठित करने के निर्देश जारी किये। उन्होंने इस जांच दल को 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश जारी किये।इसके पूर्व में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच तथा भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने महापौर से सुबह 10 बजे मुलाकात कर विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। मंच के अध्यक्ष डॉ.पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि उन्होंने 24 अप्रैल को फायर अधिकारी कुशाग्र ठाकुर गजेन्द्र पटेल से इस संबंध में जब चर्चा की थी तब अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि स्टॉफ की भारी कमी के कारण जबलपुर में फॉयर सेफ्टी प्लान तथा फॉयर सेफ्टी सर्टिफिकेट की जांच में सुस्ती आई है। इस वस्तुस्थिति के कारण विशेष जांच दल गठित होना अत्यंत आवश्यक हो गया है, जिसके रिपोर्ट पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जा सके।प्रतिनिधियों ने चर्चा के दौरान महापौर को बताया कि बारदाना गोदाम (बल्देवबाग), प्लास्टिक कुर्सियों का गोदाम (गुजराती कॉलोनी), अगरबत्ती कारखाना (ककरैया तालाब), कोयले का गोदाम (तिलक भूमि तलैया), फर्नीचर गोदाम (रद्दी चौकी), एसिड का गोदाम (मनमोहन नगर), कपड़े की फैक्ट्री (शांति नगर), जूता-चप्पल गोदाम (सिल्वर ओक कम्पाउण्ड) आदि रहवासी क्षेत्रों में स्थापित होने की शिकायतें सामने आई हैं। किंतु अभी तक कोई जांच नहीं हुई है।चर्चा में डॉ.पी.जी. नाजपांडे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी.के. रायघटक, डी.के. सिंह तथा अर्जुन कुमार परीडा आदि शामिल थे।



## कलेक्टर ने की 101 आवेदनों में जनसुनवाई

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। साप्ताहिक जनसुनवाई में आज नागरिकों से कुल 101 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें दोबारा आये 32 आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर आवेदन छात्रवृत्ति, अतिक्रमण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकार्ड सुधार, अर्जित अवकाश का भुगतान, अवैध कब्जा, संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता, पीएम आवास, लड़ाई-झगड़ा, आर्थिक सहायता, धोखाधड़ी आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## साप्ताहिक बाजार में आवारा जानवरों की धमा चौकड़ी से जनता परेशान



**बरेला।** प्रति मंगलवार थाने के सामने लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आवारा जानवरों की धमा चौकड़ी निरंतर बढ़ती जा रही है जिसकी वजह से यहां पर बाजार करने आने वाले आम जन के साथ-साथ व्यापारी भी परेशान हैं। बताया जाता है कि बाजार के अंदर आवारा बैल और गाय भी बेधड़क घूमते रहते हैं ।यह आवारा जानवर आम जनता की मेहनत की कमाई से खरीदे हुए सामानों पर और सब्जी भाजी पर मुंह मार देते हैं इसकी वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। इसी प्रकार यहां पर साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारी भी इन आवारा जानवरों की धमा चौकड़ी से परेशान होते रहते हैं। तथा नुकसान उठाने को विवश होते रहते हैं। बाजार करने आए स्थानीय निवासी शंकर चौरसिया का कहना है कि साप्ताहिक बाजार में जानवरों की भरमार रहती है यह जानवर लोगों के समान को नुकसान पहुंचाने के अलावा इंसानों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं किंतु नगर परिषद द्वारा साप्ताहिक बाजार में इन जानवरों के प्रवेश करने पर कोई पाबंदी नहीं लगा पा रहा है। इन आवारा जानवरों की वजह से प्रति सप्ताह आम जनों को नुकसान उठाना पड़ता है नगर परिषद केवल टैक्स वसूली पर ही ध्यान देती है उन्हें साप्ताहिक बाजार में आम जन और व्यापारियों को होने वाली समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रहता है यही कारण है कि दिन प्रतिदिन साप्ताहिक बाजार में आवारा जानवरों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। नगर वासियों ने और व्यापारियों ने साप्ताहिक बाजार में इन आवारा जानवरों को पकड़ कर अन्यत्र जगह भेजने की मांग की है ताकि बाजार में आम आदमी सुकून से खरीदी कर सके साथ ही व्यापारी भी अपने आप को इन जानवरों से सुरक्षित महसूस कर सके।

## निधन



**श्री जयकरण यादव-** 68 शक्तिनगर निवासी मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के सेवानिवृत्त श्री जयकरण यादव का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के सुरक्षा अधकारी रामनारायण यादव के पिताजी थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुई।



**श्री संजय श्रीवास्तव -** गौरीघाट स्थित ब्रह्मऋषि कॉलोनी निवासी उत्कर्ष श्रीवास्तव, विहान श्रीवास्तव के पिता श्री संजय श्रीवास्तव का 52 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा बुधवार 29 अप्रैल को प्रातः 10 उनके निवास से गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती गीता गुप्ता-** गढ़ाफाटक स्थित केसरवानी कॉलेज के पास निवासी श्री राम शरण गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती गीता गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश गुप्ता-** आमनपुर जैन मंदिर के पास मदनमहल निवासी श्री ओम प्रकाश गुप्ता (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शारदा देवी-** बड़ा कुआं के पास बिलहरी निवासी श्री शंभू दयाल की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा देवी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील चौधरी-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री अशोक चौधरी के पुत्र श्री सुनील चौधरी (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भोला चौधरी-** रविदास नगर पोलीपाथर निवासी श्री भोला चौधरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश शिवहरे-** गलगला मुमताज बिल्डिंग के पास निवासी श्री महेश शिवहरे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोनू चौधरी-** संजय गांधी नगर पोलीपाथर निवासी श्री शेखर चौधरी के पुत्र श्री सोनू चौधरी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय बंशकार-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री महेश बंशकार के पुत्र श्री अजय बंशकार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शिवकुमारी देवी-** महाकौशल नगर अधारताल निवासी श्री राम आश्रय की धर्मपत्नी श्रीमती शिवकुमारी देवी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश कुमार सेन-** शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री सुरेश कुमार सेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

# एआई और टेक्नोलॉजी का असर, प्राइवेट बैंक में जाने लगी नौकरियां

## निजी बैंक एम्प्लायी ऑप्टिमाइजेशन की तरफ बढ़ रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के बड़े प्राइवेट बैंक अब 'एम्प्लॉई ऑप्टिमाइजेशन' की तरफ बढ़ रहे हैं, यानी कम लोगों के साथ ज्यादा काम करने की रणनीति। टेक्नोलॉजी और एआई के बढ़ते इस्तेमाल से कई काम ऑटोमेट हो रहे हैं। इससे बैंक कम स्टाफ के साथ भी ज्यादा ब्रांच चला पा रहे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों की संख्या वित्तीय वर्ष 2026 के अंत में घटकर 2.11 लाख रह गई, जो पिछले साल 2.14 लाख थी। मार्च तिमाही में ही करीब 4,000 कर्मचारी घटे हैं। एक्सिस बैंक में भी कर्मचारियों की संख्या घटकर 1.01 लाख रह गई। यह पिछले साल 1.04 लाख थी।

### मिड साइज बैंक भी घटा रहे कर्मचारी

मिड-साइज आरबीएल बैंकिंग में वित्तीय वर्ष 2026 में 13,316 कर्मचारी रहे। वित्तीय वर्ष 2025 में यह संख्या 14,265 थी। खास बात यह है कि पिछले करीब 10 साल में पहली बार इस बैंक में कर्मचारियों की संख्या घटी है। आईसीआईसीआई में भी गिरावट देखने को मिली। वित्तीय वर्ष 2025 के आंकड़ों के मुताबिक, कर्मचारियों की संख्या 1.30 लाख रही, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 6,000 कम है। हालांकि सभी बैंकों में गिरावट नहीं आई है। यस बैंक में कर्मचारियों की संख्या थोड़ी बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2025 में 28,687 के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2026 में यह बढ़कर 29,573 हो गई।



### ब्रांच बढ़ीं, लेकिन स्टाफ कम हुआ

दिलचस्प बात यह है कि कर्मचारियों की संख्या घटने के बावजूद बैंक लगातार अपनी ब्रांच बढ़ा रहे हैं। एक्सिस बैंक ने वित्तीय वर्ष 2026 में करीब 400 नई ब्रांच जोड़ीं, जिससे कुल संख्या 6,275 हो गई। आईसीआईसीआई बैंक ने करीब 600 नई ब्रांच जोड़कर नेटवर्क 7,511 तक पहुंचाया। एचडीएफसी बैंक ने 234 नई ब्रांच जोड़कर कुल संख्या 9,689 कर दी।

### कर्मचारियों की संख्या घटने की वजह

बैंकों में टेक्नोलॉजी और डिजिटल सिस्टम के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से बड़ा बदलाव हो रहा है। एआई और ऑटोमेशन के जरिए कई काम अब पहले से ज्यादा तेजी से और कम लोगों में हो रहे हैं। इससे कुछ पारंपरिक भूमिकाओं की जरूरत कम हो रही है और बैंक कम कर्मचारियों के साथ काम चला पा रहे हैं। एक्सिस बैंक का कहना है कि टेक्नोलॉजी में निवेश और बेहतर प्रोडक्टिविटी के कारण कुछ रोल्स अब जरूरी नहीं रह गए हैं। हालांकि, अभी एआई का पूरा असर नहीं दिखा है। आने वाले समय में जब एआई का इस्तेमाल और बढ़ेगा, तो कर्मचारियों की संख्या पर इसका असर और ज्यादा दिख सकता है।

---

## खबर संक्षेप



### जिंदल शॉ के लाभ में 42 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** जिंदल शॉ का शुद्ध लाभ मार्च 2026 को समाप्त तिमाही में 42 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 123.68 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से खर्च में कमी से लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसने 86.92 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। वित्तवर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय पहले के 5,067.48 करोड़ रुपये से घटकर 4,656.85 करोड़ रुपये रह गई। खर्च भी पहले के 4,601.82 करोड़ रुपये से घटकर 4,482.04 करोड़ रह गया।

### बागमाने प्राइम ऑफिस रीट का आईपीओ पांच मई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** ब्लैकस्टोन समर्थित बागमाने प्राइम ऑफिस आरईआईटी रीट का 3,405 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पांच मई को खुलेगा। बेंगलुरु स्थित इस रीट (रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट ट्रस्ट) का सार्वजनिक निर्गम सात मई को बंद होगा जबकि बड़े (एंकर) निवेशक चार मई को बोली लगा पाएंगे। प्रस्तावित आईपीओ 2,390 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 1,015 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।



### रुपया 41 पैसे टूटकर 94.56 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 41 पैसे टूटकर 94.56 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि चालू खाते के घाटे (सीएडी) में संभावित वृद्धि और अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण भी रुपये में तेज गिरावट आई है। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर निकासी से रुपये पर दबाव पड़ा है।



### पंजाब एंड सिंध बैंक का मुनाफा 35 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाले पंजाब एंड सिंध बैंक ने बताया कि वित्तवर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 35 प्रतिशत बढ़कर 422 करोड़ रुपये हो गया। इसमें खराब कर्ज (एनपीए) में आई कमी का योगदान रहा। बैंक ने पिछले साल की इसी अवधि में 313 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।पंजाब एंड सिंध बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि कुल आय पिछले साल के 3,836 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,457 करोड़ रुपये रह गई।

### अल्ट्राटेक सीमेंट का लाभ 3,000 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सीमेंट बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही के दौरान 3,000.02 करोड़ रुपये रहा। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह बताया कि इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसने 2,474.79 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में परिचालन आय 25,799.47 करोड़ रुपये रही। पिछले साल यह 23,063.32 करोड़ रुपये थी। कंपनी के अनुसार, 31 मार्च 2026 को समाप्त तीन महीनों और पूरे साल के नतीजे पिछले इसी समय के नतीजों से तुलना करने लायक नहीं हैं।

---

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने इसे एक बड़ा कदम बताया

# विशाखापत्तनम उभरेगा कृत्रिम मेधा केंद्र के रूप में

एजेंसी ▸▸ तारलुवाड़ा (आंध्र प्रदेश)

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि 15 अरब डॉलर के आगामी गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र के रूप में उभरेगा। विशाखापत्तनम के तारलुवाड़ा में 'गूगल क्लाउड इंडिया एआई डेटा सेंटर' के शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना अदाणी कॉनेक्स और एयरटेल नेक्स्ट्रा के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है। इसमें विशाखापत्तनम में एक गीगावाट का 'हाइपरस्केल एआई डेटा सेंटर' शामिल होगा।

> ■ पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत बनाएगी

### पीएम के दृष्टिकोण की सराहना

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम एक एआई शहर में परिवर्तित हो जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के दृष्टिकोण की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मजबूत नीतिगत समर्थन और नेतृत्व के दम पर भारत इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में विश्व के लिए एक प्रमुख विश्वसनीय मूल्य श्रृंखला और आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभरने के लिए तैयार है।



### लगभग 600 एकड़ भूमि आवंटित

वैष्णव ने बताया कि आंध्र प्रदेश सरकार ने इस परियोजना के लिए तारलुवाड़ा, अदाविवरम और रामबिल्ली क्षेत्रों में लगभग 600 एकड़ भूमि आवंटित की है। उन्होंने कहा, ''भारत की बढ़ती डिजिटल ताकत स्पष्ट है और 15 अरब डॉलर के गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम एक प्रमुख एआई केंद्र बनने जा रहा है।''

### भारत बड़ी संख्या में मोबाइल का निर्यात कर रहा

वैष्णव ने कहा कि भारत अब बड़ी संख्या में मोबाइल फोन का निर्यात कर रहा है और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मांग का करीब 50 प्रतिशत पूरा कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर मिशन सहित इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन और विनिर्माण में भारत को वैश्विक केंद्र बनाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी कंपनियों से देश में सर्वर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) तथा चिप के विनिर्माण का आग्रह किया।

### विशाखापत्तनम एआई सिटी में तब्दील होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम एक 'एआई सिटी' में तब्दील होगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की दूरदर्शिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा शिक्षा, स्वास्थ्य, वैमानिकी, लॉजिस्टिक और कृषि जैसे क्षेत्रों में बदलाव ला रही है और इस एआई केंद्र के जरिये कई प्रमुख सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### देश आईटी सेवाओं में अग्रणी बन चुका

रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे वैष्णव ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के बाद परियोजना में तेजी से प्रगति हुई है और उन्हें विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री द्वारा इस डेटा सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा। भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश आईटी सेवाओं में अग्रणी बन चुका है और इलेक्ट्रॉनिक तथा सेमीकंडक्टर विनिर्माण में भी महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है।

---

# मारुति सुजुकी के लाभ में 6.45 फीसदी की गिरावट



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 6.45 प्रतिशत घटकर 3,659 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में उसे 3,911.1 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने कहा कि शुद्ध लाभ में गिरावट मुख्य रूप से 'मार्क-टू-मार्केट' प्रभाव के कारण आई है। साथ ही गैर-परिचालन आय में कमी आई है जो बॉन्ड प्रतिफल में बदलाव के कारण है, जिसकी भरपाई बाद में की जा सकती है। मार्क-टू-मार्केट परिसंपत्तियों की स्थितियों का मूल्यांकन करने की एक विधि है जो उनकी मूल खरीद कीमत के बजाय वर्तमान बाजार मूल्य पर आधारित होती है। यह वित्तीय स्थिति का वास्तविक समय में 'उचित मूल्य' की स्थिति प्रदान करती है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चौथी तिमाही में परिचालन आय 28.2 प्रतिशत बढ़कर 52,462.5 करोड़ रुपये हो गई जो 2024-25 की समान तिमाही में 40,920.1 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 48,125.3 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 37,585.5 करोड़ रुपये था।

> ■ चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ घटकर 3,659 करोड़ रुपए

---

# यूएई की एक मई से ओपेक से अलग होने की घोषणा

एजेंसी ▸▸ दुबई

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मंगलवार को घोषणा की कि वह एक मई से तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक और इसके व्यापक समूह 'ओपेक प्लस' को छोड़ देगा। यह कदम पिछले काफी समय से चर्चा में था, क्योंकि यूएई उत्पादन प्रतिबंधों के कारण असहज महसूस कर रहा था और पड़ोसी देश सऊदी अरब के साथ उसके संबंधों में भी खटास आ रही थी। यूएई लंबे समय से ओपेक का सदस्य रहा है। पहले 1967 में अबू धाबी अमीरात के रूप में और बाद में 1971 में यूएई के एक स्वतंत्र देश बनने के बाद वह इसका हिस्सा बना था। हालांकि, यूएई तेजी से पश्चिम एशिया में अपनी स्वतंत्र विदेश नीति को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, जो समय के साथ रियाद (सऊदी अरब) के कुछ रुख के विपरीत रही है।

> ■ यह कदम पिछले काफी समय से चर्चा में था




ऐसा खासतौर से तब शुरू हुआ जब सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में खुद को दुनिया के लिए खोला और विदेशी निवेश आकर्षित करने के मामले में सीधे तौर पर अमीरात को चुनौती देना शुरू कर दिया। यूएई ने यह घोषणा अपनी सरकारी समाचार एजेंसी 'वाम' (डब्ल्यूएएम) के माध्यम से की। इसमें कहा गया, ''यह निर्णय यूएई के दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक नजरिये तथा बदलते ऊर्जा परिदृश्य को दर्शाता है, जिसमें घरेलू ऊर्जा उत्पादन में तेज निवेश शामिल है।

### लाल सागर को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही

वियना स्थित तेल गठबंधन ओपेक में लंबे समय से सऊदी अरब की प्रभावी भूमिका रही है। हालांकि, हाल के वर्षों में अमेरिका द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि करने से इस संगठन की बाजार शक्ति में कुछ कमी देखी गई। सऊदी अरब और यूएई के बीच आर्थिक मुद्दों और क्षेत्रीय राजनीति, विशेष रूप से लाल सागर क्षेत्र को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है।

---

# जापान के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर स्थिर रखी

> नीतिगत ब्याज दर को 0.75 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा

एजेंसी ▸▸ टोक्यो

बैंक ऑफ जापान ने अपनी प्रमुख नीतिगत ब्याज दर को 0.75 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का मंगलवार को फैसला किया। यह निर्णय ईरान में जारी युद्ध के कारण तेल और अन्य उत्पादों की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच लिया गया है। जापान के केंद्रीय बैंक का यह फैसला अपेक्षित था, हालांकि उसकी मौद्रिक नीति समिति में यह निर्णय सर्वसम्मति से नहीं हुआ बल्कि छह के मुकाबले तीन मत से पारित हुआ। लंबे समय तक शून्य या उससे नीचे ब्याज दर बनाए रखने के बाद अब धीरे-धीरे दरें बढ़ाने का दबाव बना हुआ है ताकि मुद्रा संकुचन (डिफ्लेशन) से निपटा जा सके। बैंक ऑफ जापान ने कहा कि अर्थव्यवस्था अब भी मध्यम गति से बढ़ रही है लेकिन इसमें सुस्ती आने की आशंका है। बयान में कहा गया, '' आर्थिक परिदृश्य को लेकर कई तरह के जोखिम हैं। फिलहाल पश्चिम एशिया की स्थिति के भविष्य के असर पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।'' होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान युद्ध के कारण प्रभावी रूप से बंद हो गया है।



---

# इंफोसिस, एक्सेंचर भारत में करियर विकास के लिए शीर्ष कंपनियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस भारत में करियर विकास के लिए शीर्ष कंपनी बनकर उभरी है। इसके बाद एक्सेंचर और अमेजन का स्थान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी लिंक्डइन की '2026 शीर्ष कंपनियां' सूची में दी गई है। वार्षिक सूची का यह 10वां संस्करण है, जिसमें 25 बड़ी कंपनियों को शामिल किया गया है। इस सूची में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों, वैश्विक सलाहकार फर्मों और वित्तीय दिग्गजों का दबदबा है। जेपी मॉर्गन चेस और एसएपी ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया है। वर्ष 2026 की इस सूची में दस नई कंपनियों ने प्रवेश किया है। उल्लेखनीय नए नामों में एसएपी, एनवीडिया, एचपी, माइक्रोसॉफ्ट, सैंडिस्क, मार्वेल टेक्नोलॉजी और थॉमसन रॉयटर्स जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियां शामिल हैं। भौगोलिक लिहाज से इन शीर्ष कंपनियों के लिए बेंगलुरु प्रमुख प्रतिभा केंद्र के रूप में अग्रणी बना हुआ है। इसके ठीक बाद हैदराबाद का स्थान है, जबकि दिल्ली, मुंबई और चेन्नई बड़ी कंपनियों के लिए प्रमुख भर्ती केंद्र बने हुए हैं। रिपोर्ट में भर्ती के रुझानों में बदलते ध्यान के बारे में भी बताया गया है। कंपनियां तेजी से ऐसे पेशेवरों की तलाश कर रही हैं जो तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय कौशल को जोड़ सकते हैं, जिन्हें कृत्रिम मेधा (एआई) प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है।

> ■ लिंक्डइन ने 2026 की शीर्ष कंपनियों की सूची में दी जगह

### एआई के साथ काम करने वाले पेशेवरों की तलाश

लिंक्डइन करियर विशेषज्ञ और भारत में वरिष्ठ प्रबंध संपादक निरजीता बनर्जी ने कहा, ''प्रौद्योगिकी, वित्त और सॉफ्टवेयर क्षेत्र की कंपनियां ऐसे पेशेवरों की तलाश कर रही हैं जो मानवीय शक्तियों को एआई के साथ काम करने की क्षमता से जोड़ सकें, ताकि दक्षता और मूल्य को अधिकतम किया जा सके।''

---

# कच्चे तेल में उछाल से शेयर बाजार सहमा, सेंसेक्स 417 अंक फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि मुख्य रूप से बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक गिरकर 76,886.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 562.57 अंक तक लुढ़ककर 76,741.06 तक पहुंच गया था। वहींनिफ्टी 97 अंक गिरकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और सन फार्मा के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।




> ■ बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली का दबाव रहा

### स्मॉल कैप में बढ़त रही

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,257 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,998 कंपनियों में तेजी रही और 172 अन्य अपरिवर्तित रहे। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

### बैंकों का मुनाफा दबाव में आ सकता है

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, /''आरबीआई ने बैंकों के लिए 'प्रत्याशित ऋण ह्रास' (ईसीएल) ढांचे को अप्रैल 2027 से लागू करने को अंतिम रूप दे दिया है। इस बदलाव के कारण निकट अवधि में बैंकों की वित्तीय प्रावधान की जरूरत बढ़ सकती है और मुनाफा भी दबाव में आ सकता है।/''

---

# मुफ्त वाई-फाई सेवा की इच्छा आर्थिक बाधा पैदा कर रही

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने जारी एक परामर्श पत्र में कहा कि मुफ्त वाई-फाई सेवा की इच्छा सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक और आर्थिक बाधा पैदा कर रही है। ''भारत में सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क का प्रसार'' विषय पर जारी परामर्श पत्र में ट्राई ने कहा कि 4जी और 5जी मोबाइल डेटा की आक्रामक कीमतों के कारण भारतीय उपभोक्ताओं की मानसिकता ऐसी बन गई है कि वे इंटरनेट संपर्क को लगभग शून्य लागत वाली वस्तु के रूप में देखते हैं। इसी कारण वे पांच रुपये या 10 रुपये की मामूली दर पर भी सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट के लिए वाउचर खरीदने में संकोच करते हैं।




---

पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई, विनिर्माण और बिजली क्षेत्र का सुस्त प्रदर्शन

# देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर मार्च में 4.1% घटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच मार्च में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन और बिजली उत्पादन लगभग स्थिर रहने से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.1 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मार्च 2025 में देश का औद्योगिक उत्पादन 3.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। मार्च 2026 का 4.1 प्रतिशत वृद्धि का आंकड़ा पिछले पांच महीनों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले अक्टूबर 2025 में वृद्धि दर 0.5 प्रतिशत रही थी।

### पूंजीगत वस्तुओं का सूचकांक 156.2 रहा

उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पिछले महीने प्राथमिक वस्तुओं का सूचकांक 173.3, पूंजीगत वस्तुओं का 156.2, मध्यवर्ती वस्तुओं का 181.4 और बुनियादी ढांचा/निर्माण वस्तुओं का 229.0 रहा। इसके अलावा, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का सूचकांक 146.2 और गैर-टिकाऊ वस्तुओं का 150.6 रहा।



### उत्पादन के आंकड़े अनुमान से कम

इसके साथ ही एनएसओ ने फरवरी 2026 के औद्योगिक उत्पादन आंकड़े को भी संशोधित कर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। यह 5.2 प्रतिशत के पिछले अनुमान से थोड़ा कम है। औद्योगिक क्षेत्रों के आंकड़ों के आधार पर देखें तो विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मार्च महीने में 4.3 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष के चार प्रतिशत के मुकाबले मामूली रूप से अधिक है।

### खनन क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर रहा

खनन क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर रहा और इसमें 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले यह 1.2 प्रतिशत थी। हालांकि बिजली उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 0.8 प्रतिशत रह गई, जो पिछले साल इसी महीने 7.5 प्रतिशत थी, जिससे समग्र औद्योगिक वृद्धि पर दबाव पड़ा।

### 23 में से 14 उद्योगों ने वृद्धि दर्ज की

वित्त वर्ष 2025-26 की समूची अवधि में देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर लगभग स्थिर रही और 4.1 प्रतिशत दर्ज की गई। यह वित्त वर्ष 2024-25 के चार प्रतिशत के करीब है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में विनिर्माण क्षेत्र के 23 में से 14 उद्योग समूहों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

### बुनियादी धातु का योगदान 8.6 फीसदी रहा

इनमें 'बुनियादी धातु' (8.6 प्रतिशत), 'मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर' (18.1 प्रतिशत) तथा 'मशीनरी एवं उपकरण' (11.2 प्रतिशत) का विनिर्माण प्रमुख रहा। 'मूल धातु' श्रेणी में एमएस स्लैब, अलॉय स्टील के फ्लैट उत्पाद तथा माइल्ड स्टील के एचआर कॉइल और शीट्स ने वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

चिंतन

# धार्मिक कट्टरता समाज के लिए गंभीर चुनौती

देश के सामने आतंक और कट्टरता का चेहरा तेजी से बदल रहा है। जो खतरा कभी सीमित इलाकों, खासकर जम्मू-कश्मीर तक माना जाता था, वह अब महानगरों तक फैलता नजर आ रहा है। मुंबई की हालिया घटना ने साफ कर दिया है कि 'लोन वुल्फ' हमले, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पनपती कट्टर सोच और धर्म के नाम पर हिंसा अब हर शहर के लिए चुनौती बन चुके हैं। संगठित नेटवर्क से हटकर जब व्यक्ति खुद ही विचारधारा को हथियार बना ले, तो यह साइलेंट आतंक और भी खतरनाक हो जाता है। मुंबई के मीरा रोड इलाके में दो सिक्योरिटी गार्ड्स पर धर्म पूछकर किया गया हमला इसी बदलते खतरे का उदाहरण है। बताया जा रहा है कि हमलावर 31 साल का जैब जुबेर अंसारी अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास दो सिक्योरिटी गार्ड, राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन के पास पहुंचा और मस्जिद का रास्ता पूछा। कुछ समय बाद वह दोबारा लौटा। इसके बाद एक गार्ड से धर्म पूछने के बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह कैबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब गार्ड ऐसा नहीं कर पाया, तो उस पर भी हमला कर दिया। पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भी आतंकियों ने पर्यटकों से धर्म पूछकर हमला किया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। वहीं, धर्मांतरण के मामले महाराष्ट्र के अमरावती और नासिक में भी सामने आए हैं। नासिक के टीसीएस उत्पीड़न मामले में मुख्य आरोपी निदा खान ने महिला कर्मचारी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया था। पीड़ित के मोबाइल में ऐसे ऐप्स भी इंस्टॉल कराए गए, जिससे उसे धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा सके। अमरावती में भी करीब 180 लड़कियों के वीडियो बनाकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। ये घटनाएं केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस मानसिकता की झलक हैं, जिसमें धर्म को पहचान और हिंसा का औजार बना दिया जाता है। पहलगाम जैसे हमले इस बात का संकेत रहे हैं कि कट्टरता जब चरम पर पहुंचती है तो वह इंसानियत की हर सीमा पार कर जाती है। हालांकि, इस मुद्दे पर एक जरूरी सावधानी भी उतनी ही अहम है। अलग-अलग घटनाओं को जोड़कर पूरे समाज या किसी एक समुदाय के खिलाफ निष्कर्ष निकालना न केवल गलत है, बल्कि खतरनाक भी हो सकता है। कानून का सिद्धांत स्पष्ट है। अपराधी व्यक्ति होता है, समुदाय नहीं। यदि हम इस रेखा को पार करते हैं, तो हम अनजाने में उसी विभाजनकारी सोच को बढ़ावा देते हैं, जिसके खिलाफ हमें खड़ा होना चाहिए। कट्टरता का असली चेहरा धर्म नहीं, बल्कि विकृत सोच है। यह सोच इंटरनेट, सोशल मीडिया और बंद मानसिकता के जरिए फैलती है। यही कारण है कि "लोन वुल्फ" हमले आज सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। क्योंकि इनका कोई स्पष्ट नेटवर्क नहीं होता, न ही कोई पूर्व चेतावनी। अब सवाल यह है कि इससे निपटा कैसे जाए? जवाब केवल सख्ती में नहीं, बल्कि संतुलित रणनीति में है। सुरक्षा एजेंसियों को डिजिटल निगरानी, खुफिया तंत्र और त्वरित कार्रवाई को मजबूत करना होगा, वहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। परिवार, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक संस्थाओं को युवाओं को सही दिशा देने, संवाद बढ़ाने और कट्टर विचारधाराओं से बचाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। सख्त कानून, सतर्क समाज और संतुलित सोच इन्हीं तीन स्तंभों पर इस चुनौती का समाधान टिका है। तभी हम एक सुरक्षित, समावेशी और मजबूत समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

# देश में जलवायु आपातकाल की दस्तक



पर्यावरण
निरंजन देव भारद्वाज

अप्रैल का यह महीना भारत के लिए केवल एक कैलेंडर का पन्ना नहीं, बल्कि एक अस्तित्वगत संकट की गूंज बन गया है। देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। इसी "वर्तमान" की सबसे कठोर हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन-हानि में बदल चुका है। हीटवेव आज भारत की सबसे घातक प्राकृतिक आपदाओं में शामिल हो चुकी है, जिसके चलते 2010 के बाद से अब तक 46,000 से अधिक संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं।

इस भीषण गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव उन श्रमिकों पर पड़ता है जो खुले वातावरण में निर्माण स्थलों, सड़कों और खेतों में काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी आजीविका और स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं।

यह संकट हमारी आधुनिक जीवनशैली और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर एक कड़ा प्रहार है। जहां एक ओर सरकारी फाइलों में बढ़ते 'ग्रीन कवर' के आंकड़े हमें सुकून देने की कोशिश करते हैं, वहीं जमीन पर फैलते कंक्रीट के जंगलों ने हमारे शहरों को 'धधकते तंदूर' में तब्दील कर दिया है। यह आपदा समाज की गहरी आर्थिक खाई को भी उजागर करती है, जहां 'ठंडी हवा' अब एक बुनियादी अधिकार नहीं बल्कि अमीरों की विलासिता बन गई है। बहुसंख्यक आबादी इस तापीय अन्याय का शिकार होकर अपनी जान दांव पर लगा रही है। इस असामान्य गर्मी का सबसे गहरा असर केवल मौसम के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे आम जनजीवन, कृषि व्यवस्था और शहरी बुनियादी ढांचे पर दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा, श्रमिकों की घटती कार्यक्षमता, पानी की बढ़ती मांग और बिजली की रिकॉर्ड खपत-ये सभी संकेत बताते हैं कि शहर और गांव दोनों ही इस तापीय दबाव के सामने असहज स्थिति में पहुंच चुके हैं। इस पृष्ठभूमि में वैश्विक तापवृद्धि और जलवायु परिवर्तन की भूमिका और भी स्पष्ट होकर सामने आती है। बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, अनियंत्रित शहरीकरण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने वायुमंडलीय संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है, जिसका सीधा परिणाम इस तरह की चरम मौसमीय घटनाओं के रूप में दिख रहा है। खेतों में खड़ी फसलें भी तेज़ गर्म हवाओं और नमी की कमी के कारण तनाव में हैं, जिससे आने वाले समय में खाद्य सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न गहराता दिखाई देता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि हीट वेव अब केवल "मौसम की घटना" नहीं, बल्कि एक गहरे होते जलवायु संकट का परिणाम है और इसके पीछे हमारी नीतिगत, व्यवहारिक और विकास संबंधी विफलताओं की भूमिका को समझना अब और भी आवश्यक हो गया है। भारतीय शहरों में गर्मी का बढ़ता प्रकोप केवल बढ़ते



तापमान का नतीजा नहीं है, बल्कि 'अर्बन हीट आइलैंड' (शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव) के उस प्रभाव का परिणाम है जिसने महानगरों को जीते-जागते तंदूर में बदल दिया है। जब हम शहरों को कंक्रीट, डामर और कांच की ऊंची इमारतों से पाट देते हैं, तो ये सतहें दिन भर सूरज की गर्मी को सोखती हैं। जहां ग्रामीण इलाकों में पेड़ और मिट्टी वाष्पीकरण के जरिए खुद को ठंडा रखते हैं, वहीं हमारे शहर इस गर्मी को कैद कर लेते हैं। इसका सबसे भयावह असर रात के समय दिखता है, जब सूरज ढलने के बाद भी कंक्रीट की ये दीवारें और सड़कें उस कैद की गई गर्मी को धीरे-धीरे बाहर छोड़ती हैं, जिससे रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा बना रहता है। यह 'थर्मल ट्रैप' शहरवासियों को चौबीसों घंटे एक असहज अंगीठी में झोंक देता है। विडंबना यह है कि इस तपिश को कम करने का प्राकृतिक समाधान यानी हमारे 'पेड़', विकास की अंधी दौड़ में सबसे पहले काटे जा रहे हैं। फ्लाईओवर्स, मेट्रो लाइन्स और चौड़ी सड़कों के नाम पर शहरों के उन पुराने और घने पेड़ों की बलि दी जा रही है जो दशकों से हमारे 'नेचुरल एयर कंडीशनर' का काम कर रहे थे। इसका सबसे ज्वलंत और दुखद उदाहरण नासिक में देखने को मिलता है, 250 साल पुराने बरगद और पीपल के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई।

ये केवल पेड़ नहीं थे, बल्कि उस क्षेत्र की जैव-विविधता और शीतलता के संरक्षक थे। एक परिपक्व पेड़ अपने आसपास के वातावरण को 2 से 4 डिग्री तक ठंडा रख सकता है, लेकिन 'विकास' की कागजी योजनाएं अक्सर एक पुराने घने पेड़ के बदले दस नए छोटे पौधे लगाने का झांसा देती हैं। हकीकत यह है कि एक पुराना बरगद या पीपल का पेड़ जितना कार्बन सोखता है और ठंडक देता है, उसकी जगह ये नए छोटे पौधे अगले बीस साल तक नहीं ले सकते। जहां पहले घनी हरियाली लू के थपेड़ों को फिल्टर करती थी, अब वहां केवल कंक्रीट की सतहें हैं जो गर्मी को कई गुना बढ़ा देती हैं। यह केवल हरियाली का नुकसान नहीं है, बल्कि एक सुविचारित पर्यावरणीय आत्महत्या है। भारत की इस जलती हुई हकीकत को बदलने के लिए हमें अपनी रणनीतियों को कागजों से बाहर निकालना होगा। सबसे पहले, हमें 'हीट एक्शन प्लान' की बुनियादी खामियों को सुधारना होगा। वर्तमान में भारत के अधिकांश 'हीट एक्शन प्लान' केवल 'रिएक्टिव' हैं यानी वे केवल तापमान बढ़ने पर अलर्ट जारी करते हैं या पानी के स्टॉल लगवाते हैं। असल में, हमें 'प्रोएक्टिव' 'हीट एक्शन प्लान' की जरूरत है, जो सर्दी के मौसम से ही काम शुरू कर दे, जैसे कि सड़कों को सफेद रिफ्लेक्टिव पेंट से रंगना और शहरों में जल निकायों को पुनर्जीवित करना। 2026 की यह गर्मी हमें यह समझने पर मजबूर करती है कि केवल वाटर कूलर लगाने या रेड अलर्ट जारी करने से हम सुरक्षित नहीं होंगे। हमें भारत में भी 'हीटवेव' को 'अधिसूचित आपदा' घोषित करना होगा ताकि इसके समाधान के लिए कानूनी जवाबदेही तय हो सके। हमें नासिक और अरावली जैसी गलतियों से सीखना होगा कि पुराने पेड़ों को काटना भविष्य की पीढ़ियों की 'सांसों और शीतलता' की चोरी करने जैसा है। अंततः, जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। एक नागरिक के रूप में हमें अपनी जीवनशैली और मतदान के मुद्दों में 'पर्यावरण' को प्राथमिकता देनी होगी। जब तक हम अपने घरों के सामने टाइल्स लगाने के बजाय मिट्टी और पेड़ को जगह नहीं देंगे, और जब तक हमारी नीतियां 'विकास' को 'विनाश' से अलग नहीं करेंगी, तब तक हम इसी तरह हर साल और भी भीषण अंगीठियों में झुलसते रहेंगे। समय रेत की तरह फिसल रहा है; या तो हम आज 'ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर' में निवेश करें, या फिर कल एक जलते हुए भारत के लिए तैयार रहें।

(लेखक सलाहकार राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन-हानि में बदल चुका है।

नृत्य दिवस विशेष
श्वेता गोयल



# शब्दहीन भावों से विश्व को जोड़ने वाली शक्ति है नृत्य

मानव सभ्यता की सबसे पुरानी अभिव्यक्तियों में से एक है 'नृत्य'। जब शब्द अस्तित्व में नहीं थे, तब शरीर की गति ही संवाद का माध्यम थी। समय के साथ नृत्य ने भिन्न-भिन्न संस्कृतियों में अनेक रूप धारण किए और आज यह विश्वभर में एक जीवित कला के रूप में स्थापित है। नृत्य अब वैश्विक संदर्भ में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी साधन बन चुका है। नवीनतम 'विश्व नृत्य रिपोर्ट' के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्चुअल नृत्य कार्यक्रमों में वर्ष 2020 के मुकाबले 2025 तक 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नृत्य चिकित्सा को अब मानसिक स्वास्थ्य उपचारों में सम्मिलित किया जा रहा है। अनेक देशों में चिकित्सक अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं के उपचार में नृत्य आधारित विधियों का उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं ने भी नृत्य को शिक्षा के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्वीकार किया है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मकता का विकास होता है। नृत्य की विविधता, उसकी समावेशिता और उसके सामाजिक महत्व का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस नृत्य को एक साझा मानव धरोहर के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसमें भौगोलिक सीमाओं, जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक विचारधाराओं की कोई बाधा नहीं होती। इस अवसर पर करीब 170 देशों में एक साथ नृत्य महोत्सवों, कार्यशालाओं और सार्वजनिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाने की शुरुआत एक गैर सरकारी संगठन 'अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान' (आईटीआई) की 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य समिति' द्वारा 1982 में की गई थी, जो 'यूनेस्को' का हिस्सा है। यह दिवस नृत्य के जादूगर माने जाने वाले जीन जॉर्जेस नोवेरे को समर्पित है। 'फादर ऑफ बैले' के नाम से विख्यात जीन जॉर्जेस नोवेरे एक सुप्रसिद्ध बैले मास्टर थे, जिनका जन्म 29 अप्रैल 1727 को हुआ था। पहली बार 1982 में आईटीआई की नृत्य समिति ने उनके जन्मदिन 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी, जिसके बाद से यह दिवस हर साल 29 अप्रैल को मनाया जाने लगा। जॉर्जेस नोवेरे ने नृत्य पर 'लेटर्स ऑन द डांस' नामक एक पुस्तक भी लिखी थी, जिसमें नृत्य से जुड़ी एक-एक चीज मौजूद हैं। इस पुस्तक के बारे में कहा जाता है कि इसे पढ़कर कोई भी नृत्य करना सीख सकता है। नृत्य परंपरा की दृष्टि से भारत विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। भारतीय नृत्य हजारों वर्षों से चली आ रही एक जीवंत और विकसित परंपरा है, जिसकी जड़ें वेदों, पुराणों, महाकाव्यों और शास्त्रों में गहराई से समाहित हैं। भारतीय नृत्य की विशिष्टता उसकी आध्यात्मिक गहराई, दार्शनिकता और सामाजिक प्रतिबद्धता में निहित है। भारतीय नृत्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन नहीं बल्कि आध्यात्मिक साधना का माध्यम है। नाट्यशास्त्र भारतीय नृत्य की बुनियादी संरचना और सिद्धांतों का आधार है। इस ग्रंथ में नृत्य, नाट्य और संगीत के तत्वों का अत्यंत वैज्ञानिक और विशद विवरण दिया गया है। भारत में नृत्य की विविधता उसकी सांस्कृतिक विविधता की तरह अद्भुत है। प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक राज्य, यहां तक कि कई गांवों की भी अपनी विशिष्ट नृत्य परंपराएं हैं। भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप जैसे भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इन सभी शास्त्रीय नृत्य शैलियों में अंग संचालन, हस्तमुद्राएं, नेत्र भाव, पद संचालन और ताल की अत्यंत जटिल विधियां हैं, जिन्हें साधना द्वारा वर्षों में सिद्ध किया जाता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख उद्देश्य जीवन के रहस्यों को भावों के माध्यम से व्यक्त करना है। आज जब दुनिया विभाजन, संघर्ष और असहिष्णुता के संकट से गुजर रही है, तब नृत्य एक ऐसा माध्यम बन सकता है, जो दिलों को जोड़ने, घावों को भरने और मानवता को एक सूत्र में पिरोने की क्षमता रखता है। भारतीय नृत्य, जिसमें प्रकृति, भक्ति, प्रेम, वीरता और करुणा के विविध आयाम समाहित हैं, वैश्विक मंच पर इस उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहा है कि कला के माध्यम से हम एक बेहतर, अधिक सहिष्णु और सुंदर विश्व का निर्माण कर सकते हैं। नृत्य आत्मा से आत्मा तक एक अनुभव है, एक संवाद है, एक यात्रा है। भारत की नृत्य परंपरा इस यात्रा की एक अनंत धारा है, जो सदियों से बह रही है और भविष्य में भी मानवता को दिशा देती रहेगी।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मसतिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम'अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मो में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म।

## तुलसीदास ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दर थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मां के दूध में भी मिलावट

मां का दूध शिशु के लिए प्रकृति का सबसे सुरक्षित और संपूर्ण आहार माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी जीवन के शुरुआती छह महीनों तक केवल स्तनपान की सिफारिश करता है, क्योंकि यह न सिर्फ पोषण देता है बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। लेकिन हाल के वर्षों में वैज्ञानिक शोधों ने एक नई चिंता को जन्म दिया है– मां के दूध में माइक्रोप्लास्टिक, कीटनाशकों, भारी धातुओं और यहां तक कि यूरेनियम जैसे रेडियोधर्मी तत्वों की मौजूदगी। यह स्थिति केवल भारत तक सीमित नहीं है। 2022 में इटली और नीदरलैंड में किए गए अध्ययनों में पहली बार मानव ब्रेस्टमिल्क में माइक्रोप्लास्टिक कणों का पता चला। ये सूक्ष्म प्लास्टिक कण हमारे खाने, पानी और हवा के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं।

*– कविता, हिसार*

## करंट अफेयर

# पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार चयन मंडल में भारतवंशी

पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार 2027 के चयन मंडल की मंगलवार को घोषणा की गई, जिसमें उत्तरी लंदन में बच्चों की किताब दुकान संचालित करने वाली एक भारतवंशी विक्रेता को भी शामिल किया गया है। मसवेल हिल स्थित पुरस्कृत 'बच्चों की किताब दुकान' की मालिक संचिता बसु डे सरकार, लेखक फ्रैंक कॉटरेल–बॉयस और अभिनेत्री लॉली एडेफोपे के साथ मिलकर आठ से बारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समकालीन सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य का चयन करेंगी। वार्षिक बुकर पुरस्कार की तरह ही, बच्चों के लिए इस साहित्यिक पुरस्कार के विजेता को 50,000 पाउंड की राशि दी जाएगी और अंतिम सूची में चयनित लेखकों को 2,500 पाउंड मिलेंगे। पहला चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार दो फरवरी 2027 को उस कृति को दिया जाएगा, जो अंग्रेजी में लिखी गई हो या अंग्रेजी में अनूदित हो और जिसका प्रकाशन ब्रिटेन और/या आयरलैंड में हुआ हो। 'साउथ एशियन इलस्ट्रेशन एंड लिटरेचर फेस्टिवल' की सह–संस्थापक संचिता बसु डे सरकार ने कहा, ' 'यह मेरे लिए उन सभी चीजों को एक साथ लेकर आता है जिन्हें मैं पसंद करती हूं– ढेर सारी बच्चों की किताबें पढ़ना, उनके बारे में कुछ बेहद प्रतिभाशाली लोगों के साथ चर्चा करना, और इन किताबों को देशभर के बच्चों तक पहुंचाना ताकि हम इस बातचीत को आगे बढ़ा सकें।



## ऑफ बीट

# पानी गीला क्यों होता है?

बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो गीलापन महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक–दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को आसंजन (एडहेज़न) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु गीली है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गीलापन इस बात पर निर्भर करता है कि कोई द्रव किसी सतह के साथ कितनी अच्छी तरह संपर्क बनाए रखता है। इसके विपरीत, पारा यानी मरकरी जैसे धातु में सतहों से चिपकने की क्षमता बहुत कम होती है क्योंकि उसके अणु आपस में अधिक मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसे संसंजन/(कोहेज़न) कहा जाता है। गीलेपन का एक और महत्वपूर्ण पहलू ठंडक का एहसास है। जब पानी या कोई द्रव वाष्पित होता है, तो उसे ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जिसे वह अपने आसपास की गर्मी से लेता है।



## X ट्रेंड f

### 'ऑपरेशन सिंदूर'



'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के केंद्र अब किसी भी तरह से सजा से बच नहीं सकते। यह अभियान आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रति हमारे 'शून्य सहिष्णुता' के दृष्टिकोण का प्रमाण है।
**-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### मुक्त व्यापार समझौता



भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता हमारे किसानों, युवाओं, लघु एवं मध्यम उद्यमों और नवप्रवर्तकों के लिए नए अवसर खोलेगा, साथ ही भारत को 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर होने में गति प्रदान करेगा। **-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### ममता का बयान



ममता दीदी ने कहा है कि बंगाल के हिंदू एक विशेष समुदाय से संबंधित मामलों में उनकी वजह से अधिक सुरक्षित हैं। दीदी का यह बयान न केवल चिंताजनक है, बल्कि बंगाल के भविष्य के लिए खतरनाक, समाज में फूट डालने वाला और सांप्रदायिक भी है।
- **हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### बिहारी होने का 'अपराध'



भाजपा सरकार में "बिहारी होना" सबसे बड़ा अपराध और राजद्रोह बन गया है। नई दिल्ली में खगड़िया के युवक पांडव कुमार की मात्र इसलिए गोली मारकर हत्या कर दी गई क्योंकि वह 'बिहारी' था। बिहारी होने के 'अपराध' के लिए उसका दोस्त कृष्णा जीवन और मृत्यु के बीच जूझ रहा है।
- **तेजस्वी यादव,** पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# 540 साल पुराने प्रेम पत्र का एआई ने खोला राज, पैसे या प्यार?

**लंदन।** दुनिया के सबसे पुराने प्रेम पत्र ने 540 साल बाद अपने पन्नों में दफन वो राज खोल दिया है, जिसे पढ़कर आज भी किसी का दिल भर आए। 15वीं सदी की एक दुल्हन के दिल की तड़प और पैसे बनाम प्यार की जंग को जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने डिकोड किया, तो पता चला कि सदियां बीत जाने के बाद भी इंसान की भावनाएं और मजबूरियां आज भी वैसी ही हैं। फरवरी 1477 में मार्जरी ब्रूज नाम की महिला ने अपने मंगेतर जॉन पास्टन तृतीय को यह खत लिखा था, जिसमें दहेज को लेकर चल रही पारिवारिक खींचतान और उससे उपजे दर्द को बयां किया गया था। इस पत्र को पढ़ना एक्सपर्ट्स के लिए भी अब तक एक बड़ी चुनौती थी, क्योंकि इसकी लिखावट, व्याकरण और पुरानी अंग्रेजी की शब्दावली आधुनिक पाठकों की समझ से परे थी। लेकिन 'माईहेरिटेज' के नए 'सक्रिबे एआई' टूल ने इस मुश्किल काम को चुटकियों में कर दिखाया।

### प्यार को बचाने के लिए जद्दोजहद

मार्जरी ने इस खत को भारी दिल के साथ लिखा था, क्योंकि उनकी मां उनके पिता को दहेज की राशि बढ़ाने के लिए राजी नहीं कर पाई थीं। खत में मार्जरी अपने मंगेतर जॉन से कहती हैं कि अगर उनके पास मौजूदा संपत्ति से आधी भी होती, तब भी वे उनका साथ कभी नहीं छोड़तीं। मार्जरी का यह समर्पण दिखाता है कि उस दौर में भी महिलाएं पारिवारिक दबाव और सामाजिक प्रतिष्ठा के बीच अपने प्यार को बचाने के लिए कितनी जद्दोजहद करती थीं। उन्होंने खत के आखिर में जॉन से इसे गुप्त रखने की गुजारिश भी की थी, ताकि दहेज की बात बाहर न निकले। यह प्रेम पत्र पास्टन लेटर्स का हिस्सा है, जो नॉरफॉक के एक परिवार द्वारा तीन पीढ़ियों के दौरान लिखे गए 400 से अधिक पत्रों का एक अद्भुत संग्रह है।

## 15वीं सदी की दुल्हन का दर्द पढ़ भर आएंगी आंखें!



### इंसानी जज्बात कभी नहीं बदलते

मार्जरी के एक वंशज पुरातत्वविद हैं। उन्होंने कहा, 'यह पत्र हमें याद दिलाता है कि जिन लोगों का हम इतिहास में अध्ययन करते हैं, वे बिल्कुल हमारे जैसे ही थे। उनके पास भी वैसी ही भावनाएं और वैसी ही चुनौतियां थीं जैसी आज हमारे पास हैं।'

### दुनिया का सबसे पुराना लव लेटर

एआई ने न केवल अक्षरों को पहचाना, बल्कि उस समय के ऐतिहासिक संदर्भ, भावनाओं और महत्व का सारांश भी तैयार किया। शोधकर्ताओं ने बताया कि इस पत्र की भाषा आज की अंग्रेजी से इतनी अलग है कि इसे पहली नजर में पढ़ना लगभग नामुमकिन था, लेकिन एआई ने इसे आज की सरल भाषा में अनुवादित कर दिया। हैरानी की बात यह है कि इस प्रेम कहानी का अंत सुखद रहा। तमाम अड़चनों के बावजूद मार्जरी और जॉन की शादी हुई और 1479 में उनका एक बेटा हुआ, जिसका नाम विलियम रखा गया।

## रोचक खबरें

### अनोखा जीव! जो भोजन निगलने के लिए करता है आंखों का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई अनोखे जीव पाए जाते हैं, लेकिन मेंढक का तरीका सबसे अलग माना जाता है। यह ऐसा जीव है जो अपने भोजन को निगलने में आंखों की भी मदद लेता है। सुनने में यह अजीब जरूर लगता है,



लेकिन इसके पीछे एक दिलचस्प जैविक प्रक्रिया काम करती है, जिसे विज्ञान में एक खास तरह का एडॉप्टेशन माना जाता है। दरअसल, मेंढक अपने शिकार को चबा नहीं सकता। वह कीड़े-मकोड़े या छोटे जीवों को सीधे निगलता है। जब वह किसी बड़े शिकार को पकड़ता है, तो निगलते समय उसकी आंखें अंदर की ओर धंस जाती हैं। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक खास तकनीक है, जो भोजन को गले तक पहुंचाने में मदद करती है। जब मेंढक अपनी आंखों को नीचे की ओर दबाता है, तो वे मुंह के अंदर की तरफ हल्का दबाव बनाती हैं। यह दबाव शिकार को धीरे-धीरे ग्रासनली (गले) की ओर धकेलने में मदद करता है। यानी उसकी आंखें एक तरह से पुश देने का काम करती हैं। मेंढक के सिर के ऊपरी हिस्से और आंखों के बीच सख्त हड्डी नहीं होती है। वहां लचीले ऊतक मौजूद होते हैं, जिससे आंखें आसानी से अंदर की ओर जा सकती हैं। यही वजह है कि यह प्रक्रिया संभव हो पाती है। मेंढक की जीभ आगे की तरफ जुड़ी होती है, जिससे वह तेजी से बाहर निकलकर शिकार पकड़ लेती है।

### यहां सरकार उठा रही है युवाओं के डेटिंग का खर्चा, हर महीने मिलते हैं इतने पैसे

**टोक्यो।** जापान में घटती जनसंख्या अब एक गंभीर चिंता बन चुकी है। इसी चुनौती से निपटने के लिए सरकार ने एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसके तहत युवाओं को डेटिंग ऐप्स इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मकसद साफ है कि लोग एक-दूसरे से जुड़ें, रिश्ते बनाएं और आगे चलकर शादी व परिवार की ओर कदम बढ़ाएं। इस दिशा में जापान के कोची प्रान्त ने मीटिंग सपोर्ट प्रोजेक्ट ग्रांट नाम की योजना शुरू की है। इसके तहत अविवाहित युवाओं



को डेटिंग प्लेटफॉर्म्स से जोड़ने के लिए आर्थिक मदद दी जा रही है। सरकार चाहती है कि युवा डिजिटल माध्यम से एक-दूसरे को समझें और फिर वास्तविक जीवन में रिश्तों को आगे बढ़ाएं।इस योजना के तहत 20 से 39 साल के अविवाहित युवाओं को सालाना 20,000 येन (करीब 11,700 रुपए) तक की सब्सिडी दी जा रही है। यह राशि डेटिंग ऐप्स के रजिस्ट्रेशन और सब्सक्रिप्शन पर खर्च करने के लिए है, ताकि युवा बिना झिझक इन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर सकें।

### डायनासोर युग में समुद्र का राजा था 62 फुट का क्राकेन ऑक्टोपस

**वॉशिंगटन।** आज के समय से करीब 10 करोड़ साल पहले डायनासोर के जमाने में समुद्रों का सबसे बड़ा शिकारी ऑक्टोपस था। जीवाश्मों से मिले जबड़ों के नए विश्लेषण से पता चलता है कि विशाल क्रैकन जैसे ऑक्टोपस



दूसरे समुद्री शिकारियों के साथ मिलकर शिकार करते थे और पानी में 'राज' करते थे। उनकी आठ बाजू और विशाल शरीर था, जो 62 फीट (18 मीटर) से ज्यादा लंबे होते थे। इस शारीरिक बनावट से यह दूसरे मांसाहारी समुद्री रेंगने वाले जीवों को मुश्किल में डालते थे। एक्सपर्ट का कहना है कि यह ऑक्टोपस उससे ज्यादा बड़ा था, जितना सोचा गया था। पौराणिक कथाओं के राक्षस जैसे इस जीव के बारे में कहा गया है कि क्रेटेशियस काल के दौरान विशाल 'क्रैकन' जैसे सेफलोपोड्स समुद्रों पर राज करते थे। वे विशाल समुद्री सरीसृपों और दूसरे तथाकथित शीर्ष शिकारियों का शिकार करते थे। गुरुवार को अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ साइंस में प्रकाशित स्टडी में यह बात सामने आई है। होक्काइडो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने लिखा, 'यह विशाल मोलस्क क्रेटेशियस काल के महासागरों में रहने वाले सभी जीवों में सबसे बड़े शरीरों में से एक था।

# अफ्रीका महाद्वीप 2 हिस्सों में टूट रहा, सोच से बड़ी हो चुकी है धरती के क्रस्ट की दरार

**वॉशिंगटन।** अफ्रीका में जमीन के नीचे एक बड़ी भूगर्भीय हलचल हो रही है, जिसके चलते यह विशाल महाद्वीप को दो हिस्सों में टूट रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि पूर्वी अफ्रीका क्षेत्र में धरती की पपड़ी बहुत ज्यादा पतली हो गई है, जो महाद्वीप के टूट की ओर इशारा करती है। इस स्टडी के नतीजे नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुए थे।

### एक-दूसरे से दूर जा रहीं प्लेटें

तुर्काना रिफ्ट केन्या और इथियोपिया में लगभग 500 किमी तक फैला हुआ है। यह विशाल पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट प्रणाली का हिस्सा है, जो उत्तर पूर्वी इथियोपिया में अफार डिप्रेशन से लेकर मोजाम्बिक तक फैली हुई है। यह अरब और सोमाली प्लेटों को अलग करती है। इस क्षेत्र में अफ्रीकी और सोमाली प्लेटें 4.7 मिलीमीटर प्रतिवर्ष की दर से धीरे-धीरे एक-दूसरे से दूर जा रही हैं।

## वैज्ञानिकों की बढ़ी टेंशन



### धरती के अंदर बढ़ रही दरार

वैज्ञानिकों के अनुसार, जैसे-जैसे यह अलगाव होता है, जमीन की पपड़ी पर तनाव पड़ता है, जिसके कारण सतह मुड़ जाती है और उसमें दरारें पड़ जाती हैं। हालांकि, सभी दरारें महाद्वीपों को अलग नहीं करती हैं, लेकिन तुर्काना की दरार उसी तरफ बढ़ती दिखाई दे रही है। वैज्ञानिकों ने यहां बहुत ज्यादा पतली क्रस्ट का पता लगाया है।

### बनेगा एक नया महासागर

हालांकि, यह बदलाव बहुत लंबे समय में होते हैं। तुरकाना रिफ्ट लगभग 4.5 करोड़ साल पहले खुलना शुरू हुआ था। शोधकर्ताओं का मानना है कि लगभग 40 लाख साल पहले बड़े पैमाने पर ज्वालामुखी विस्फोट के बाद नेकिंग शुरू हुई। इसका अगला चरण ओशनाइजेशन कहा जाता है- यानी महासागर का बनना। इसके शुरू होने में अभी लाखों साल सकते हैं। उस चरण में दरारों से मैग्मा ऊपर उठेगा और समुद्र तल पर नई जमीन बनाएगा। इस दौरान उत्तर में स्थित हिंद महासागर का पानी वहां भर सकता है।



### हम पपड़ी के टूटने की उस सीमा तक पहुंच गए


कोलंबिया यूनिवर्सिटी की लैमोंड-डोहर्टी अर्थ ऑब्जर्वेटरी के पीएचडी छात्र और स्टडी के प्रमुख लेखकर क्रिश्चियन रोवन ने बताया कि दरार की प्रक्रिया पहले की तुलना में कही अधिक उन्नत है और क्रस्ट पहले से कहीं अधिक पतली है। उन्होंने कहा, पूर्वी अफ्रीका में दरार की प्रक्रिया सोच से कहीं अधिक आगे बढ़ चुकी हैं। स्टडी के नतीजे बताते हैं कि दरार के केंद्र में पपड़ी की मोटाई लगभग 13 किलोमीटर है। वहीं, इससे दूर यह 35 से अधिक हो जाती है। यह नाटकीय अंतर नेकिंग की ओर इशारा करता है। नेकिंग एक महत्वपूर्ण टेक्टोनिक चरण का संकेत है, जो बताता है कि धरती की पपड़ी बीच से कैसे खिंचती और पतली होती है।पपड़ी जैसे-जैसे पतली होती जाती है, उतनी ही कमजोर भी होती जाती है। दरार पड़ने की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है। आखिरकार पपड़ी टूट जाती है। हम पपड़ी के टूटने की उस सीमा तक पहुंच गए हैं।

## दिल्ली-मुंबई है भारत का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे

# 6 राज्यों को जोड़ने वाले इस रास्ते की लंबाई है 1350 किलोमीटर

**नई दिल्ली।** तेजी से बदलते भारत की पहचान अब सिर्फ ऊंची इमारतों या मेट्रो शहरों से नहीं, बल्कि उन सड़कों से भी हो रही है जो दूरियों को मिनटों में समेट देती हैं। देश में हाईवे और एक्सप्रेसवे का जाल लगातार फैल रहा है, लेकिन इन सबके बीच एक ऐसा मेगा प्रोजेक्ट है जिसने लोगों की यात्रा के मायने ही बदल दिए हैं। यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि छह राज्यों को जोड़ने वाला विकास का राजमार्ग है, जो भविष्य के भारत की झलक दिखाता है।

हम बात कर रहे हैं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की, जिसे भारत का सबसे लंबा और आधुनिक एक्सप्रेसवे माना जा रहा है। करीब 1350 किलोमीटर लंबा यह मार्ग देश की राजधानी नई दिल्ली को आर्थिक राजधानी मुंबई से सीधे जोड़ता है। इस परियोजना को 'भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण' द्वारा विकसित किया जा रहा है और इसे देश के सबसे महत्वाकांक्षी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में गिना जाता है।



### छह राज्यों को जोड़ता है एक साथ

यह हाईटेक एक्सप्रेसवे हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से होकर गुजरता है। इससे इन क्षेत्रों में न केवल कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। उद्योग, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर इस मार्ग के साथ तेजी से विकसित होंगे।

### क्या है इसकी खासियत?

इस एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियत है इसका समय बचाने वाला सफर। जहां पहले दिल्ली से मुंबई तक पहुंचने में लगभग 24 घंटे लग जाते थे, वहीं अब यही दूरी महज 12 से 13 घंटे में पूरी की जा सकेगी। यानी आधे समय में दोगुनी रफ्तार का अनुभव। यह बदलावष न केवल यात्रियों के लिए राहत लेकर आएगा।

### इंफ्रास्ट्रक्चर की नई पहचान

सुविधाओं के मामले में भी यह एक्सप्रेसवे किसी आधुनिक शहर से कम नहीं है। यहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन, रेस्ट एरिया, पेट्रोल पंप और इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह एक्सप्रेसवे सिर्फ दूरी घटाने का माध्यम नहीं, बल्कि भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को एक नई पहचान देने वाला बदलाव है।

खूबसूरती देख खींचे चले आते हैं जानवर, पत्ते खाते ही हो जाता है खौफनाक हाल

# भारत का श्राप कहलाता है ये पौधा!

**नई दिल्ली।** भारत में कई ऐसे पौधे पाए जाते हैं जो अपनी खूबसूरती से लोगों को आकर्षित करते हैं, लेकिन उनके पीछे छिपा सच काफी खतरनाक होता है। ऐसा ही एक पौधा है लैंटाना, जिसे अक्सर 'भारत का श्राप' कहा जाता है। इस पौधे की सबसे खतरनाक बात इसकी जहरीली प्रकृति है। इसके पत्ते अगर मवेशी या अन्य जानवर खा लें, तो उनके शरीर पर गंभीर असर पड़ सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, लैंटाना के सेवन से जानवरों के लिवर पर बुरा प्रभाव पड़ता है और कई मामलों में उनके अंग फेल होने लगते हैं। इसके अलावा, यह त्वचा को सूरज की रोशनी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बना देता है। जिससे स्किन को भी नुकसान होता है। हालांकि, यह भी सच है कि इस पौधे के कुछ हिस्सों का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में किया जाता है। इसके पूरी तरह पके हुए फल कुछ जगहों पर खाने योग्य माने जाते हैं, लेकिन कच्चे फल जहरीले हो सकते हैं। यही वजह है कि इस पौधे को लेकर लोगों में भ्रम बना रहता है।



### तेजी से फैलता है पौधा

लैंटाना केवल जानवरों के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के लिए भी बड़ा खतरा है। यह पौधा अपने आसपास की जमीन में ऐसे रसायन छोड़ता है, जो अन्य पौधों के उगने में बाधा डालते हैं। इस प्रक्रिया को एलीलोपैथी कहा जाता है। यानी यह अपने आसपास की जमीन को ही जहरीला बना देता है, जिससे स्थानीय वनस्पतियां खत्म होने लगती है। भारत के कई जंगलों में यह पौधा तेजी से फैल चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह देश के लगभग 40 प्रतिशत टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में फैल गया है। इसका घना जाल घास और अन्य पौधों को ढक देता है, जिससे हिरण जैसे शाकाहारी जानवरों को भोजन नहीं मिल पाता. इसके कारण वन्यजीवों को अपना प्राकृतिक आवास छोड़ना पड़ता है। एक और गंभीर खतरा यह है कि लैंटाना जंगल की आग को और भी खतरनाक बना सकता है। इसमें मौजूद तेल जल्दी आग पकड़ लेते हैं और इसे 'लैडर फ्यूल' की तरह काम करने वाला पौधा माना जाता है, जो जमीन की आग को पेड़ों की ऊंचाई तक पहुंचा देता है। इससे जंगल की आग ज्यादा तेजी से फैलती है और नुकसान भी बढ़ जाता है।

# अनोखा गांव! यहां सबसे पहले होती है सुबह, लोग दोपहर में ही बना लेते हैं डिनर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्वी छोर पर बसा एक छोटा-सा गांव अपनी अनोखी पहचान के लिए जाना जाता है। यहां देश में सबसे पहले सूरज की किरणें पहुंचती हैं। हम बात कर रहे हैं डोंग गांव की, जो अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन-म्यांमार के ट्राई जंक्शन के पास स्थित है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और खास भौगोलिक स्थिति के कारण यह गांव यात्रियों और फोटोग्राफरों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन चुका है। डोंग गांव में सूर्योदय का नजारा बेहद खास होता है। यहां सुबह करीब 2 से 3 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है, जो देश के बाकी हिस्सों की तुलना में काफी पहले है। इस जगह को 1999 में प्रमुखता से पहचाना गया, जिसके बाद से ही लोग यहां इस अनोखे अनुभव के लिए पहुंचने लगे।



### प्रकृति के इर्द-गिर्द घूमता है जीवन

इस गांव में रहने वाली मिश्मी जनजाति का जीवन पूरी तरह प्रकृति के इर्द-गिर्द घूमता है। उनके त्योहार, परंपराएं और रोजमर्रा की गतिविधियां सूर्योदय और सूर्यास्त के समय के अनुसार तय होती हैं। यह समुदाय प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करता है। डोंग गांव पहुंचने के लिए भारतीय पर्यटकों को इनर लाइन परमिट लेना जरूरी होता है, जबकि विदेशी यात्रियों के लिए प्रोटेक्टेड एरिया परमिट अनिवार्य है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सीमा क्षेत्र के करीब होने के कारण यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी हैं। हालांकि, यहां तक पहुंचने का सफर थोड़ा चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन जो लोग एडवेंचर और प्रकृति से प्यार करते हैं, उनके लिए यह अनुभव यादगार साबित होता है।डोंग गांव सिर्फ एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जहां आप प्रकृति की लय के साथ जीने का असली मतलब समझ सकते हैं। यहां का सूर्योदय, शांत वातावरण और अनोखी जीवनशैली हर किसी को एक नई सीख देकर जाती है।

### अपराह्न 4 बजे तक हो जाता है सूर्यास्त

सूर्योदय देखने के लिए पर्यटकों को घने जंगलों और ऊंची-नीची पहाड़ियों से होकर लगभग 4–5 किलोमीटर की ट्रैकिंग करनी पड़ती है। सीमित सुविधाओं के बावजूद, प्रकृति के करीब रहने का एहसास यहां आने वालों को खास बना देता है। डोंग में सूरज जितनी जल्दी उगता है, उतनी ही जल्दी ढल भी जाता है। यहां दोपहर 3 से 4 बजे के आसपास ही सूर्यास्त हो जाता है। इसी वजह से गांव के लोगों की दिनचर्या भी अलग है। वे सुबह जल्दी अपने काम निपटा लेते हैं और दोपहर होते-होते रात के खाने की तैयारी शुरू कर देते हैं।

# यहां कब्रिस्तान में रहते हैं लोग, कब्रों के बगल में लगाते हैं बिस्तर, वहीं बैठकर खाते हैं खाना!



**मनीला।** दुनिया में रहने के लिए लोग अलग-अलग तरह की जगहों का चुनाव करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि कोई कब्रिस्तान में भी रह सकता है? यह जगह मनीला नॉर्थ सेमेट्री के नाम से जानी जाती है। यहां करीब 6 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं, जिन्होंने कब्रों के बीच ही अपना आशियाना बना लिया है। ये लोग कब्रों के ऊपर या उनके आसपास छोटे-छोटे घर बनाकर रहते हैं। यही नहीं, ये लोग वहीं खाना बनाते हैं, खाते हैं और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी बिताते हैं।इस अनोखी बस्ती की सबसे खास बात यह है कि यहां रहने वाले कई लोग अपने प्रियजनों की कब्रों के पास ही घर बनाते हैं। उनका मानना है कि इससे वे अपने परिवार के दिवंगत सदस्यों के करीब रहते हैं। हालांकि, इसके पीछे एक बड़ी वजह आर्थिक मजबूरी भी है। फिलीपींस में बढ़ती आबादी और गरीबी के कारण कई लोगों के पास रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में वे सस्ते या मुफ्त में रहने की जगह ढूंढते हैं, और कब्रिस्तान उन्हें एक विकल्प के रूप में दिखाई देता है। धीरे-धीरे यह जगह एक पूरी बस्ती में बदल गई, जहां बच्चे खेलते हैं, लोग काम पर जाते हैं और सामान्य जीवन जीने की कोशिश करते हैं।

### करते हैं चुनौतियों का सामना

हालांकि, यहां रहना आसान नहीं है। साफ-सफाई की कमी, सीमित संसाधन और सुरक्षा की समस्याएं यहां रहने वाले लोगों के लिए बड़ी चुनौती हैं। फिर भी वे अपनी परिस्थितियों के साथ समझौता कर इस जगह को अपना घर बना चुके हैं। सोशल मीडिया पर जब इस कब्रिस्तान की तस्वीरें और वीडियो सामने आते हैं, तो लोग हैरान रह जाते हैं। कई लोग इसे डरावना बताते हैं, तो कुछ इसे मजबूरी की मिसाल मानते हैं।

# जिसे आप समझते थे जहर वही निकली लंबी उम्र की दवा

**वॉशिंगटन।** अगर आप भी उन लोगो में से हैं जो बिना हरी मिर्च या लाल मिर्च के चटकारे लिए खाना खान हीं पाते हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है! अक्सर ज्यादा मिर्च-मसाले को सेहत के लिए खतरनाक बताया जाता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब इसके पीछे का एक ऐसा हेल्थ सीक्रेट खोजा है जिसे जानकर आप खुश हो जाएंगे। हाल ही में हुए एक रिसर्च में खुलासा हुआ है कि तीखा खाने का शौक न सिर्फ आपकी जुबान को अलग स्वाद देता है, बल्कि आपको लंबी उम्र भी दे सकता है। दुनिया भर में हुई कई रिसर्च इस तरफ इशारा करती हैं कि हर दिन लाल मिर्च का सेवन करने वालों में मृत्यु दर का खतरा कम होता है।

### 13% तक बढ़ सकती है उम्र

अमेरिका में स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ वर्मोंट के लार्नर कॉलेज ऑफ मेडिसिन ने साल 2017 में एक रिसर्च किया, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। प्लस वन पत्रिका में छपे इस रिसर्च में करीब 16,000 अमेरिकियों के डेटा पर रिसर्च किया गया. जिस पर रिसर्चर्स ने पायाकि जो लोग तीखी लाल मिर्च का सेवन करते थे, उनमें मृत्यु का खतरा उन लोगों की तुलना में 13 प्रतिशत कम था जो तीखा नहीं खाते थे।

### वेतन, संसाधन और सामाजिक सुरक्षा से वंचित कर्मचारियों के मुद्दे उठाए, 3 दिन में जांच का आश्वासन

# नगर निगम में ठेका कर्मचारियों के शोषण पर बवाल विनय सक्सेना का जनसुनवाई कक्ष में दिया धरना

**हरिभूमि, जबलपुर।** नगर निगम में ठेका सफाई कर्मियों और आउटसोर्स कर्मचारियों के कथित शोषण का मामला मंगलवार को जोरदार तरीके से गूंजा। पूर्व विधायक विनय सक्सेना अपने समर्थकों के साथ नगर निगम पहुंचे और जनसुनवाई कक्ष में ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक कर्मचारियों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

विनय सक्सेना ने नगर निगम आयुक्त के नाम सौंपे ज्ञापन में सात बिंदुओं के माध्यम से गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ठेका कर्मचारियों को निर्धारित वेतन नहीं दिया जा रहा, साथ ही काम के लिए जरूरी उपकरण जैसे झाड़ू, फावड़ा, जैकेट, मास्क और जूते तक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को श्रम कानून और कलेक्टर गाइडलाइन के विपरीत मात्र 250 रुपये प्रतिदिन भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा पीएफ और ईएसआईसी जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं से भी उन्हें वंचित रखा गया है।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि नगर निगम द्वारा ठेकेदार को 30 दिनों का भुगतान किया जाता है, जबकि कर्मचारियों को केवल 26 दिनों का वेतन ही दिया जाता है। गढ़ा क्षेत्र के एक युवक का उदाहरण देते हुए बताया गया कि वह पिछले डेढ़ साल से मजदूरी भुगतान के लिए भटक रहा है।सक्सेना के अनुसार, निगम प्रशासन ने शिकायतों को प्रथम दृष्टया सही माना है और तीन दिनों के भीतर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो मामला भोपाल और दिल्ली तक उठाया जाएगा। धरने के दौरान कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में होगी एचएलए की जांच

# सिकिलसेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता के लिए किया सीएमई स्वास्थ्य परीक्षण

**जबलपुर।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया जनजागरण समिति मप्र, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर एवं थैलेसीमिया सिकिलसेल जनजागरण समिति जबलपुर द्वारा नोवो नॉर्डिस्क एजुकेशन फ ाउंडेशन के सहयोग से सिकिलसेल एवं थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान, सीएमई, स्वास्थ्य परीक्षण एवं एचएलए जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 9 मई 2026 शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल.2 जबलपुर में आयोजित होगा। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण सीएमई सत्र भी आयोजित किया जाएगा। इस संबंध की जानकारी पत्रकारवार्ता में आयोजकों के द्वारा प्रदान कराई गई।जिसमें बताया गया कि आयोजन में डॉ रूबी खान उपसंचालक हीमोग्लोबिनोपेथी मध्यप्रदेश, डॉ नवीन कोठारी सी एम एच ओ जबलपुर, डॉ नवनीत सक्सेना मेडिकल कॉलेज डीन, डॉ अरविंद शर्मा सुप्रीडेंट मेडिकल कॉलेज, डॉ श्वेता पाठक, डॉ शशांक



सागर पाण्डेय, डॉ शरद जैन, डॉ मोनिका लाजरास, डॉ विकेश अग्रवाल, डॉ रानू मिश्रा, डॉ रविन्द्र विश्नोई, डॉ रविन्द्र छाबड़ा आईसीएमआर, डॉ बी के यादव सहित शहर एवं आसपास के लगभग 50 चिकित्सा अधिकारी, विशेषज्ञ डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ भाग लेंगे। सीएमई सत्र का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को सिकिलसेल एवं थैलेसीमिया रोग के आधुनिक उपचार, प्रबंधन एवं परामर्श की नवीनतम जानकारी से अवगत कराना है।

कार्यक्रम का आयोजन थैलेसीमिया जनजागरण समिति मप्र, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर एवं थैलेसीमिया सिकिलसेल जन जागरण समिति जबलपुर के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें नोवो नॉर्डिस्क एजुकेशन फाउंडेशन एवं पराग सागर फ ाउंडेशन का विशेष सहयोग रहेगा। समिति के पदाधिकारियों ने आमजन, मरीजों एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से इस महत्वपूर्ण अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।



## पर्यावरण बचाने निकली संदेश रैली का पुष्प वर्षा से स्वागत

**जबलपुर।** कदम संस्था के नेतृत्व में स्कूल छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से निकाली गई संदेश रैली का समरसता सेवा संगठन द्वारा मालवीय चौक पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान संगठन के सचिव मनोज सेठ सहित उज्जवल पचौरी, महेंद्र रघुवंशी, सौरभ श्रीवास्तव, देशराज सिंह, सौरभ यादव, मंचन दुबे, दीपक तिवारी, विनीत यादव, नितिन जायसवाल, आशु रजक एवं हर्षित झा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हनुमान मंदिर स्थापना दिवस पर आयोजित किया सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या

**जबलपुर।** सार्वजनिक हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस पर मंदिर के 21 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। महिला भजन मंडल द्वारा भजन संध्या के साथ संगीतमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज की आराधना कर क्षेत्र



में सुख-समृद्धि, भक्ति, सेवा और संस्कारों की निरंतर वृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में पूर्वजों का स्मरण करते हुए पूजन-अर्चन एवं दिव्य आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पं. वीरेंद्र दुबे, राजेश शर्मा, अरविंद गुप्ता, राम बाबू गुप्ता, नवीन नेमा, राजीव दुबे, सुनील ताम्रकार, अमर केवट, देवेंद्र पांडे, विकास चौहान, अरविंद तिवारी, नरेंद्र साहू, विंध्येष भापकर, राजेंद्र ब्यौहार, अंकित बहरे, संजय शर्मा, संदीप नेमा, नितिन दुबे, राजू दुबे, बृजेश यादव, आशीष नेमा, अरविंद शर्मा, राकेश ब्यौहार सहित प्रभा शर्मा, प्रीति गुप्ता, कल्पना सुहाने, संगीता ब्यौहार, कीर्ति चौहान, अनिता शर्मा, सुनीता खरे, ममता ब्यौहार, रानू रजक, हर्षिका पटेल, विद्या केशरी, सरला शर्मा, मनीषा शर्मा, क्रांति पटेल, वर्षा झरिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## स्व-गणना से सशक्त होगा राष्ट्र, मानकुँवर बाई कॉलेज में जनगणना जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** शासकीय मोहन लाल हरगोविंद गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में 'स्व-गणना एवं जनगणना जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को आगामी जनगणना की डिजिटल प्रक्रिया से अवगत कराना था।कार्यक्रम में नगर निगम के अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव एवं नोडल अधिकारी सागर बोरकर उपस्थित रहे। मनोज श्रीवास्तव ने 'स्व-गणना' को डिजिटल इंडिया के युग में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए सटीक आंकड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं सागर बोरकर ने पोर्टल की तकनीकी प्रक्रिया और नागरिक सहभागिता की सरलता की जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान फ्लो चार्ट के माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया जैसे पंजीकरण, डेटा प्रविष्टि एवं सत्यापन के चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने छात्राओं को समाज में जागरूकता फैलाने हेतु 'ब्रांड एंबेसडर' की भूमिका निभाने का आह्वान किया। अंत में महाविद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्व-गणना अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## पीएम स्वनिधि योजना में मध्य प्रदेश अव्वल, इंदौर-भोपाल-जबलपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** केंद्र सरकार की पीएम स्वनिधि योजना के सफल क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश ने पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्य में लाखों रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को आर्थिक संबल मिला है और नगरीय निकायों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश में अब तक 9.92 लाख से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ मिल चुका है। 15.69 लाख ऋण प्रकरणों के माध्यम से 2,632 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की गई है। वहीं 7 लाख से अधिक विक्रेता डिजिटल लेनदेन से जुड़कर 47 करोड़ रुपये से अधिक का कैशबैक प्राप्त कर चुके हैं। योजना की अवधि 31 मार्च 2030 तक बढ़ाई गई है, जिसमें 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक के ऋण तथा 30 हजार रुपये सीमा वाला यूपीआई-लिंक्ड क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय रैंकिंग में इंदौर नगर निगम ने 33,332 ऋण प्रकरण वितरित कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि भोपाल दूसरे और जबलपुर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 1 से 10 लाख आबादी वर्ग में उज्जैन ने देश में पांचवां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के पीछे राम प्रकाश अहिरवार की पारदर्शी एवं सकारात्मक कार्यशैली को प्रमुख कारण माना जा रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय पूरी टीम को दिया है।

# आदि शंकराचार्य ने की चारों मठों की स्थापना

### जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत जिला स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जबलपुर जिला इकाई द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़े के अवसर पर जिला स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश गौ संवर्धन बोर्ड की कार्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अभियान परिषद के शासी निकाय के सदस्य सरदार अजित सिंग सीटू ने की परिषद के संभाग समन्वयक रवि बर्मन एवं जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया भी मौजूद थे। व्याख्यान कार्यक्रम का शुभारंभ आदि गुरु शंकराचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण



एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरी ने अपने उद्बोधन में बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य 8वीं सदी के महान दार्शनिक, संत और अद्वैत वेदांत के प्रवर्तक थे। उन्होंने मात्र 32 वर्ष की आयु में पूरे भारत का भ्रमण कर सनातन धर्म को पुनर्जीवित किया। आदि गुरु शकराचार्य ने भारत को सांस्कृतिक रूप से जोडऩे चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। स्वामी अखिलेश्वरानन्द जी गिरी ने बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य का जीवन सत्य, ज्ञान और एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में सरदार अजित सिंग सीटू ने अपने विचार व्यक्त करते कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में अच्छा संदेश जाता है। ऐसे कार्यक्रम पूरे प्रदेश में पंचायत स्तर तक आयोजित किये जाने चाहिये। परिषद के संभाग समन्वयक रवि बर्मन ने जनअभियान परिषद द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये जा रहे ।

## नगर निगम की जनसुनवाई में बढ़ा नागरिकों का भरोसा, त्वरित निराकरण से मिली राहत

**जबलपुर।** जबलपुर नगर निगम द्वारा आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार को निगम मुख्यालय सहित सभी 16 संभागों में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर नागरिकों को मौके पर ही राहत प्रदान की गई। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने मुख्यालय में प्राप्त 43 आवेदनों पर आवेदकों से सीधे संवाद कर त्वरित निराकरण कराया। वहीं संभागीय अधिकारियों ने 16 संभागों में प्राप्त 36 प्रकरणों पर भी तत्परता से कार्रवाई की। जनसुनवाई के दौरान सफाई, अवैध निर्माण, भवन अनुज्ञा, राजस्व, जल एवं अन्य विभागों से जुड़े प्रकरण सामने आए, जिन पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित कर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। प्राप्त आवेदनों में अतिक्रमण, भवन शाखा, स्वास्थ्य, राजस्व, जल, पेंशन, योजना, आरटीआई एवं जन्म-मृत्यु से जुड़े प्रकरण प्रमुख रहे। जनसुनवाई के पश्चात आवेदकों में संतोष का भाव दिखाई दिया और प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ। इस अवसर पर सहायक आयुक्त वेद प्रकाश, श्रीमती रचयिता अवस्थी, गुलाब इमवाती, सुनील दुबे, देवेंद्र पटेल, सतीश मिश्रा, असद सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खरीफ सीजन के लिए 1 मई से किसानों को मिलेगा शत-प्रतिशत खाद

**जबलपुर।** जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है कि आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी है कि वर्तमान में जिले के पास कुल 36,948 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडार मौजूद है, जिसमें यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी और एमओपी जैसी सभी प्रमुख खादें शामिल हैं।चूंकि अभी फसलों की बोनी का मुख्य सीजन शुरू नहीं हुआ है, इसलिए वर्तमान में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को उनकी पात्रता का 50 प्रतिशत डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन की योजना के अनुसार, आगामी 1 मई से खरीफ की बोनी के लिए किसानों को ई-विकास प्रणाली के जरिए डीएपी, एसएसपी, एमओपी और एनपीके के सभी ग्रेड 100 प्रतिशत मात्रा में मिलने लगेंगे।यूरिया के वितरण को लेकर विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। बोनी के समय किसानों को कुल जरूरत का 50 प्रतिशत यूरिया दिया जाएगा, क्योंकि फसल की शुरुआती अवस्था में इतनी ही आवश्यकता होती है। इसके बाद, फसलों में 'टॉप ड्रेसिंग' यानी ऊपरी छिड़काव के लिए शेष 50 प्रतिशत यूरिया का वितरण 15 जून से शुरू किया जाएगा। इस सुव्यवस्थित वितरण प्रणाली का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर किसान को उसकी जरूरत के समय सही मात्रा में खाद मिल सके और जिले में खाद की कोई किल्लत न हो।

## स्वर मल्लिका आशा भोंसले को 'गीतांजलि' 1 मई को

**जबलपुर।** गायन की दुनिया में विशिष्ट पहचान बनाने वाली स्वर मल्लिका आशा भोंसले को उनके लोकप्रिय गीतों के माध्यम से संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु "गीतांजलि" कार्यक्रम का आयोजन 1 मई 2026 को संध्या 6:30 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में किया जाएगा। यह आयोजन गुंजन कला सदन एवं संस्कारधानी आर्टिस्ट आर्गनाइजेशन द्वारा, संगीत निर्देशक बबलू मैथ्यूज के निर्देशन में तथा शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रेश खरे, एड. एसपी सूर्यकांत शर्मा, समाजसेवी दिनेश यादव एवं संदीप जैन वैष्णव होंगे। इस अवसर पर बबलू मैथ्यूज, गायिका श्रीमती तृप्ति निगम एवं श्रीमती कमलेश नायक का सम्मान भी किया जाएगा।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/18
दिनांक:- 28/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भावना गाला पति स्व. श्री मधुसूदन गाला ने मकान नं. 1270,1270/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 13350 व.फु., हक त्याग पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/13
दिनांक:- 28/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता गुप्ता पति श्री अनुग्रह नारायण गुप्ता ने मकान नं. 213 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 385 व.फु., भूतल 385 व.फु., प्रथमतल 385 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/14
दिनांक:- 28/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भीम चौधरी पिता श्री राजू चौधरी ने मकान नं. कौशल्या विहार अपा., पिन-1003807549 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीयतल 1020 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/15
दिनांक:- 28/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र चौहान पिता स्व. श्री नरसिंह चौहान ने मकान नं. 926/21 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 190 व.फु., मृत्यू प्रमाण पत्र/वसीयतनामा/खसरा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/19
दिनांक:- 28/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सायरा खान पति श्री अब्दुल रशीद खान ने मकान नं. 1920/एस.एफ-1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीयतल 700 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/17
दिनांक:- 28/04/2026
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)डॉ. संजय चौधरी पिता स्व. श्री दुर्गा प्रसन्न चौधरी (2)श्रीमती डॉली चौधरी पति डॉ. संजय चौधरी ने मकान नं. 943/एफ जी वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 750 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम सुधार सूचना**
मैं साकेत कोरी पिता श्री मनोज कुमार, उम्र 19 वर्ष, निवासी-306, वार्ड नं-15, पो. आफिस के पास, ग्राम हृदय नगर, तह. सिहोरा, जिला जबलपुर म.प्र., शपथपूर्वक निम्न घोषणा करता हूँ कि, मेरा पूरा नाम साकेत कोरी पिता मनोज कुमार है जो मेरे जाति प्रमाण पत्र में दर्ज है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, पैन कार्ड, समग्र आई.डी एवं रेलवे रिकार्ड में मेरा नाम साकेत, साकेत कोरी पिता मनोज कोरी एंव उपरोक्त दस्तावेजो में मेरी माता का नाम लक्ष्मी, लक्ष्मी बाई, लक्ष्मी कोरी एवं लक्ष्मी बाई कोरी त्रुटिवश दर्ज हो गया है। उपरोक्त नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे है उपरोक्त सभी नामो का धारक मैं ही हूँ। अत:समस्त दस्तावेजो में एवं रेलवे रिकार्ड में मेरा नाम साकेत कोरी पिता मनोज कोरी माता लक्ष्मी कोरी दर्ज किया जाए एवं भविष्य में साकेत कोरी पिता मनोज कोरी माता लक्ष्मी कोरी के नाम से पढा, लिखा, माना, समझा एवं पहचाना जावें।
**पुराने नाम**
साकेत कोरी पिता मनोज कुमार, साकेत कोरी पिता मनोज कोरी, माता लक्ष्मी, लक्ष्मी बाई, लक्ष्मी कोरी, लक्ष्मी बाई कोरी
**सही नाम**
साकेत कोरी पिता मनोज कोरी, माता लक्ष्मी कोरी

**नाम सुधार सूचना**
मैं संजना रजक उर्फ अंजन उर्फ अंजना पिता स्व. दस्सू लाल जाति रजक उम्र लगभग 32 वर्ष, निवासी- 378/2, बजरंग कालोनी, जिला जबलपुर म.प्र., शपथ पूर्वक निम्न घोषणा करती हूँ कि, मेरा पूरा नाम संजना रजक पिता स्व. दस्सूलाल रजक है जो मेरे आधार कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेजो, समग्र आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र इत्यादि में दर्ज है। मेरा घरेलू नाम (निक नेम) अंजन उर्फ अंजना है जो मेरे भाई संजय कुमार रजक के रेलवे रिकार्ड में दर्ज है। उपरोक्त नाम एक ही महिला अर्थात मेरे ही है उपरोक्त सभी नामो का धारक मैं ही हूँ।
अत: भविष्य में मुझे संजना रजक पिता दस्सू लाल रजक के नाम से पढा, लिखा, माना, समझा एवं पहचाना जावें।
**पुराने नाम**
संजना रजक उर्फ अंजन उर्फ अंजना, पिता स्व. दस्सू, दस्सू लाल रजक
**सही नाम**
संजना रजक
पिता दस्सू लाल रजक
माता - तारा बाई



# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।



लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई


वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...


**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

**नई दिल्ली।** एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7



**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन


**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।'इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है।'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।

# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

## कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत



को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

## लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

## खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षी: टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*



**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रोपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 12 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
14 विकेट
बेंगलुरु

# ट्रॉफी कहे जाने पर भड़की प्रीति, बोली -औरत किसी की प्रॉपर्टी नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*पंजाब किंग्स अब तक एकमात्र ऐसी टीम है, जो आईपीएल में एक भी मैच नहीं हारी है। इस टीम की मालकिन प्रीति जिंटा भी अपनी टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हैं। आमतौर पर प्रीति जिंटा मैदान में अपनी टीम को सपोर्ट करने आती हैं और लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। मगर इस बार उनके चर्चा में आने का कारण कुछ और हैं, क्योंकि वो एक फैन पर भड़क उठी हैं। उन्होंने यह तक कह दिया कि औरत किसी की प्रॉपर्टी नहीं होती।*

### सोशल मीडिया में सवाल जवाब

*पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में केवल 2 बार फाइनल मैच खेला है, लेकिन अब तक उसे पहली ट्रॉफी नसीब नहीं हुई है। एक फैन ने सोशल मीडिया पर कहा कि पंजाब की टीम 18 साल के इतिहास में ट्रॉफी इसलिए नहीं जीत पाई है, क्योंकि 'प्रीति जिंटा' खुद एक ट्रॉफी हैं।*




### प्रीति का सटीक जवाब

इस पर प्रीति जिंटा ने जो जवाब दिया, उसने सोशल मीडिया पर सनसनी मचाई हुई है।प्रीति जिंटा ने लिखा, धन्यवाद, यह बहुत अच्छी सोच है, लेकिन सच कहूं तो कोई भी महिला ट्रॉफी नहीं बनना चाहती। ट्रॉफी पर मालिकाना हक होता है, औरत पर नहीं। ट्रॉफी को कांच की अलमारी/शोकेस में रख दिया जाता है लेकिन औरत का आपके जीवन और आपके दिल में एक खास स्थान होता है। आपके फिल्मी सवाल के लिए फिल्मी अंदाज वाला जवाब।

### लगातार दूसरे फाइनल की ओर पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरे फाइनल की ओर बढ़ रही है। आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स की टीम को आरसीबी के हाथों 6 रनों की हार झेलनी पडी थी। आईपीएल 2026 में भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब ने दमदार प्रदर्शन को कायम रखा है। पंजाब के 7 मैचों में 13 अंक हैं और केवल दो जीत के बाद उसकी प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित हो जाएगी।

# मनु भाकर से वैभव सूर्यवंशी को लेकर सवाल, सोशल मीडिया पर मचा बवाल ?





**नई दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर से युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी पर पूछा गया एक सवाल सोशल मीडिया पर बड़ी बहस का कारण बन गया। दिल्ली में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 75वें स्थापना समारोह के दौरान पत्रकारों ने मनु से 15 वर्षीय क्रिकेट प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी को लेकर राय मांगी। मनु भाकर ने बेहद संतुलित और प्रेरणादायक जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'अगर मार्गदर्शन अच्छा हो, उसके आसपास सही लोग हों और उसे सही दिशा मिले, तो उम्र सिर्फ एक संख्या है। प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती। बड़ी उपलब्धियां 60 साल में भी मिलती हैं और छह साल में भी। अगर उसे सही मेंटरशिप मिली, तो वह अगला बड़ा स्टार बन सकता है।'

### सोशल मीडिया पर भड़के लोग?

हालांकि मनु के जवाब की तारीफ हुई, लेकिन कई लोगों ने सवाल पूछने के तरीके पर नाराजगी जताई। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना था कि एक ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी से किसी क्रिकेटर पर सवाल पूछना दूसरे खेलों के प्रति असंतुलित सोच को दिखाता है। पूर्व क्रिकेट प्रशासक जॉय भट्टाचार्य ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, वह ओलंपिक पदक विजेता हैं। उनसे वैभव सूर्यवंशी के बारे में पूछना उनके खेल और उनकी उपलब्धियों के साथ न्याय नहीं है। क्रिकेट पहले से ही देश का सबसे लोकप्रिय खेल है। अगली बार वैभव सूर्यवंशी से मनु भाकर के बारे में पूछिए, तब चेहरे देखिए।

## खबर संक्षेप



### बल्लेबाजों को लेनी होगी व्यक्तिगत जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम की 9 विकेट से करारी शिकस्त के बाद कहा कि उन्हें भी नहीं पता चला कि टीम ने इतनी जल्दी विकेट कैसे गंवा दिए, लेकिन बल्लेबाजों को इसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेनी होगी। अक्षर ने कहा कि उन्हें भी नहीं पता कि टीम ने चार ओवर के अंदर 6 विकेट कैसे गंवा दिए। अक्षर ने कहा, 'हमारी किस्मत थोड़ी खराब रही। हमने शुरुआती 15-16 गेंदों पर ही 6 विकेट गंवा दिए। मुझे भी पता नहीं चला कि यह कैसे हुआ।'

### नए प्रयोगों ने दिया आत्मविश्वासः कृणाल

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हरफनमौला कृणाल पंड्या ने आईपीएल के पिछले दो सत्रों में अपनी गेंदबाजी में आए बदलाव का श्रेय टीम के स्पिन गेंदबाजी कोच मलोलन रंगराजन को देते हुए कहा कि उनके भरोसे ने उन्हें नए प्रयोग करने की स्वतंत्रता दी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सोमवार को टीम की महज 6.3 ओवर में नौ विकेट से बड़ी जीत के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें विकेट लेने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे वह खुलकर नए प्रयोग कर सकते हैं।

## रात 7.30 बजे से हार्दिक और कमिंस की टीमों के बीच मुकाबला

# जीत की तलाश में मुंबई, आज सनराइजर्स से टक्कर


एजेंसी ▶▶| मुंबई

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो उसे शानदार फॉर्म में चल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईपीएल के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

मुंबई की टीम पहले 7 मैचों में 5 में हार से 4 अंक लेकर नौवें स्थान पर है। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पंड्या (तीन विकेट और 97 रन) और सूर्यकुमार यादव (110) का खराब प्रदर्शन है। तिलक वर्मा के गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया।

बल्लेबाजों पर सनराइजर्स की उम्मीद

सनराइजर्स इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगा कि मुंबई अपनी हार का सिलसिला तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में उसकी उम्मीद बल्लेबाजों पर टिकी रहेगी जो वानखेड़े स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। सनराइजर्स में पिछले मैच में वैभव सूर्यवंशी के शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को हराया था।



### फॉर्म में लौटे अभिषेक

अभिषेक शर्मा टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद फॉर्म में लौट आए हैं और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने अब तक 212.29 के स्ट्राइक रेट और 54.28 के औसत से 380 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। ईशान किशन (312) और हेनरिक क्लासेन (349) ने भी बल्लेबाजी ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ट्रैविस हेड (186) से टीम को और अधिक उम्मीदें होंगी, जो अभी तक इस टूर्नामेंट में खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। कप्तान पैट कमिंस की वापसी से सनराइजर्स का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को उनसे सतर्क रहना होगा। सनराइजर्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

**मैच का समय :** 7:30 बजे

### बुमराह का प्रदर्शन निराशाजनक

मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। वह अभी तक केवल दो विकेट ले पाए हैं। बुमराह बीच के ओवर और डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते रहे हैं लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने गेंदबाजी की शुरुआत की क्योंकि अन्य गेंदबाज मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रहे थे। न तो ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट) और ना ही दीपक चाहर (एक) अपने आक्रामक तेवर दिखा पाए हैं। मुंबई के गेंदबाजों के असफल होने के कारण विरोधी टीमों ने पावरप्ले में नियंत्रण बनाया है, जिससे मुंबई को नुकसान पहुंचा।

### दानिश नहीं उतर पाए उम्मीदों पर खरे

इस बीच रोहित शर्मा की अनुपस्थिति ने खालीपन सा पैदा कर दिया है। उनकी जगह पारी का आगाज करने के लिए भेजे गए दानिश मालेवार (2 और 0) उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए हैं। अब यह देखना है कि पूर्व कप्तान रोहित हैमस्ट्रिंग की समस्या से उबरने के बाद पूरी फिटनेस हासिल कर पाए हैं या नहीं। चोटिल मिचेल सैंटनर की जगह केशव महाराज को टीम में शामिल किए जाने के बाद यह देखना बाकी है कि विल जैक्स को अंतिम एकादश में जगह मिलती है या नहीं। जैक्स ने टी20 विश्व कप में इसी तरह की परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया था।

## आईसीसी विमेंस टी20 रैंकिंग

# लौरा ने लगाई लंबी छलांग तीसरे पायदान पर पहुंचीं



एजेंसी ▶▶| दुबई

साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने आईसीसी विमेंस टी20 प्लेयर्स रैंकिंग में अपने करियर की सबसे ऊंची रेटिंग हासिल कर ली है। वोल्वार्ड्ट हाल ही में भारत के खिलाफ 5 मुकाबलों की टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। लौरा वोल्वार्ड्ट टी20 बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह 'नंबर 1' पर काबिज जॉर्जिया वोल से ठीक पीछे हैं। शानदार फॉर्म में चल रही इस साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ने अपने हालिया दमदार प्रदर्शन की बदौलत अपने करियर की सबसे ऊंची रेटिंग हासिल की है। ऋचा घोष 2 पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर और सुने लुस 6 स्थान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### चौथे पायदान पर पहुंचीं दीप्ति

शीर्ष टी20 गेंदबाजों की सूची में मुकाबला अभी भी कड़ा बना हुआ है। इस सूची में पाकिस्तानी स्पिनर सादिया इकबाल सबसे आगे हैं। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर आ गई हैं। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 12 जून से होगी, जिससे पहले ये दोनों खिलाड़ी संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर काबिज हैं।

## मैड्रिड ओपन

# ओसाका को हराकर क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की एंट्री



### मुझे टैकोस से परहेज करना होगा : एरीना

सबालेंका ने कहा, 'अभी तक तो सब ठीक है। मैंने सुना है कि मुझे उन टैकोस से परहेज करना होगा। मैं वही खाना खा रही हूं, जो मैं टूर्नामेंट की शुरुआत से खा रही हूं।'

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की बीमारी का कारण बने वायरस के खतरे और नाओमी ओसाका के जुझारू खेल से खुद को बचाते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इगा स्वियातेक, कोको गॉफ, मारिन सिलिच और कुछ अन्य खिलाड़ी पेट में संक्रमण से प्रभावित हुए हैं लेकिन सबालेंका ने कहा कि वह साधारण आहार करके बीमारी से बचने की कोशिश कर रही है। खिलाड़ियों के बीच यह अफवाह थी कि खराब झींगा टैको संक्रमण के लिए जिम्मेदार थे।

### 2 घंटे 20 मिनट चला मुकाबला

मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने चौथे दौर के मुकाबले में ओसाका के खिलाफ एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने 2 घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 6-7 (1), 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। सबालेंका का अगला मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट से होगा, जिन्होंने बेलिंडा बेनसिच को 6-1, 6-7 (14), 6-3 से हराया।

### पोटापोवा से हारी रायबाकिना

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रायबाकिना भी अनास्तासिया पोटापोवा से सीधे सेटों में हार गईं। पुरुष वर्ग में 19 वर्षीय राफेल जोडर ही एकमात्र स्पेनिश खिलाड़ी बचे हैं क्योंकि अन्य स्थानीय खिलाड़ियों में डेनियल मेरिडा स्टेफानोस सिटसिपास से 6-4, 6-2 से और एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना मौजूदा चैंपियन कैस्पर रूड से 6-3, 6-1 से हार गए।

## राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप

# भारतीय भारोत्तोलकों का शानदार प्रदर्शन, जीते चार स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन 4 स्वर्ण पदक जीते। सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



### यूनिवर्सल कप में पेसी ने जीता गोल्ड

यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, कोच और सहायक कर्मचारियों को बधाई दी। यादव ने अपने बधाई संदेश में कहा, 'ये उपलब्धियाँ हमारे खिलाड़ियों और सहायक टीम की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। भारत वैश्विक भारोत्तोलन मंच पर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है।'

## अपने प्रदर्शन को लेकर किसी भी संदेह को दूर करने उठाया कदम

# धावक सावे ने पेश की मिसाल खुद कराए कई डोप टेस्ट

एजेंसी ▶▶| लंदन

दो घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाले पहले धावक सबास्टियन सावे ने यह रिकॉर्ड बनाने से पहले स्वयं ही डोपिंग के कई परीक्षण करवाए और उन्हें उम्मीद है कि वह दुनिया के सामने यह साबित कर देंगे कि वह पूरी तरह से साफ सुथरा होकर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

कीनिया के इस 29 वर्षीय धावक ने रविवार को लंदन मैराथन में 1 घंटे, 59 मिनट और 30 सेकंड का समय लेकर वह कारनामा कर दिखाया, जिसे लंबे समय से असंभव माना जा रहा था। सावे ने अपने कोच और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर अपने प्रदर्शन को लेकर किसी भी संदेह को दूर करने के लिए स्वेच्छा से 'कई' डोपिंग परीक्षण करवाए।



### मेरे देश में डोपिंग बन गया कैंसर : सावे

सावे ने कहा, 'मेरे देश में डोपिंग कैंसर बन गया है और इसलिए मैं कड़ी परीक्षण प्रक्रिया से गुजरा।' सावे ने कहा कि उन्होंने और उनकी टीम ने कड़ी परीक्षण प्रक्रिया लागू करने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि लोग उनकी जीत को संदेह की नजर से देखें। उन्होंने कहा, 'मैं दुनिया को दिखाना चाहता था कि हम डोपिंग के बिना भी तेज गति से दौड़कर अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं।'

## भारतीय महिला खिलाड़ियों ने गंवाए महत्वपूर्ण मौके

# उबेर कप में भारत का सफर खत्म, चीन फिर बना बाधा

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मजबूत स्थिति में होने का फायदा नहीं उठा पाई जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिससे भारत उबेर कप में चीन से 0-5 से हारकर इस बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

भारतीय महिला टीम ने मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद उसने यूक्रेन पर 4-1 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बनाए रखी थी। उबेर कप में 16 बार के चैंपियन चीन से भारत को पिछले तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।



### वांग झियी से हारी सिंधु

सिंधु ने भारत की तरफ से शुरुआत की जबकि उन्नति हुडा और तन्वी शर्मा की जगह अन्य दो एकल मुकाबलों के लिए ईशरानी बरुआ और देविका सिहाग को टीम में शामिल किया गया। सिंधु निर्णायक सेट में 18-12 से आगे थी लेकिन आखिर में वह विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झियी से 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इससे चीन ने ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

### नहीं टिक पाई प्रिया और श्रुति की जोड़ी

प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा पहले युगल मुकाबले में विश्व की नंबर एक जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग के सामने नहीं टिक पाईं और 11-21, 8-21 से हार गईं। इशारानी बरुआ ने तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन विश्व में 38वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 20-19 पर एक आसान मौका गंवा दिया। विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई ने यह मैच 44 मिनट में 22-20, 21-13 से जीतकर चीन को 3-0 की अजेय बढ़त दिला दी।

फर्जीवाड़े के जिम्मेदारों पर कारवाई का ब्योरा पेश करने के निर्देश

# नर्सिंग फर्जीवाड़ा मामलाः सीबीआई और नर्सिंग काउंसिल से हलफनामा तलब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कड़ा रुख अपनाया है।चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई, इंडियन नर्सिंग काउंसिल और मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल को अगली सुनवाई से पूर्व विस्तृत हलफनामा और प्रगति रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।कोर्ट ने सीबीआई को कहा है कि वह अगली सुनवाई तक यह स्पष्ट करे कि अब तक की जांच में किन-किन व्यक्तियों या संस्थानों की संलिप्तता पाई गई है । सीबीआई को यह भी बताना होगा कि दोषियों के विरुद्ध अब तक क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई है ?



कोर्ट ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल और मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल को विशेष रूप से उन अधिकारियों के विरुद्ध उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा है, जो समय-समय पर अनुपयुक्त और मानक विहीन कॉलेजों को मान्यता देने के लिए जिम्मेदार थे । संबंधित प्रतिवादियों को एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करना होगा, जिसमें स्पष्ट रूप से उन प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाइयों का विवरण हो, जो इन कॉलेजों को अवैध रूप से फलने-फूलने देने वाले अधिकारियों पर की गई हैं ।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने जनहित याचिका दायर करप्रदेश में 2020-21 में खुले सैकड़ों फर्जी नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद हुई सीबीआई जांच में लगभग 800 नर्सिंग कॉलेजों में से करीब 600 कॉलेज अनुपयुक्त पाए गए थे। इन संस्थानों में भवन, लैब, लाइब्रेरी, अनुभवी शिक्षक और 100 बिस्तरों वाले अस्पताल जैसी अनिवार्य सुविधाओं की कमी पाई गई थी । कई कॉलेज केवल कागजों पर चल रहे थे और कई प्रिंसिपल और शिक्षक 15-15 कॉलेजों में एक साथ कार्यरत दर्शाए गए थे । मामले में याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने आवेदन पेश कर आरोप लगाया था कि जीएनएम कोर्स संचालित करने वाले जो 117 नर्सिंग कॉलेज सीबीआई जांच में अपात्र पाये गए थे, एमपी नर्सिंग काउंसिल उनके छात्रों को सूटेबल कॉलेजों में ट्रांसफर करने के स्थान पर उन कॉलेजों की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं ले रहा है। वही दूसरी ओर एमपी नर्सिंग काउंसिल ने आवेदन पेश कर परीक्षाओं और परिणामों की घोषणा की अनुमति मांगी। हाईकोर्ट ने दोनों आवेदन लंबित रखते हुए स्पष्ट किया कि नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता और भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 12 मई को होगी।

*सुप्रीम कोर्ट से ट्रांसफर हुई चार याचिकाओं की लिस्टिंग नहीं होने व दस्तावेज अपलोड नहीं होने से टली सुनवाई*

## ओबीसी आरक्षण के मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई टली, अब 11 मई से होगी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण के मामले पर अंतिम सुनवाई फिलहाल टल गई है। सुप्रीम कोर्ट की याचिकाओं का रिकॉर्ड पेश नहीं होने के कारण यह सुनवाई टल गई। मंगलवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट से रिकॉर्ड ट्रांसफर कराने के निर्देश दिए। ये दस्तावेज अपलोड होने के बाद ही सुनवाई शुरू होगी। कोर्ट ने 13, 14 और 15 मई को अंतिम सुनवाई करने के निर्देश दिए। दरअसल, इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से ट्रांसफर हुई चार लंबित याचिकाओं की अब तक लिस्टिंग नहीं की गई थी। ओबीसी आरक्षण मामले की सुनवाई 27, 28 और 29 अप्रैल को लगातार होनी थी, लेकिन दूसरे दिन ही तकनीकी कारणों के चलते यह टल गई। 27 अप्रैल को कोर्ट ने सभी पक्षों केहै अधिवक्ताओं के लिए बहस की समयसीमा तय कर दी थी। 28 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने हाईकोर्ट में जीएडी का 27 अप्रैल 2026 का आदेश प्रस्तुत किया। इसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज सरकार की ओर से पक्ष रखेंगे। उधर, इस मामले में सरकार की ओर से ओबीसी वर्ग का पक्ष रखने के लिए नियुक्त विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह को हटा दिया गया है। दोनों का कहना है कि सरकार इस मामले में उदासीनता बरत रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ने इस पर कहा कि किसी न किसी बहाने अब तक 60 बार सरकार सुनवाई आगे बढ़वा चुकी है।

धान उपार्जन केंद्र से जुड़ा मामला

## हाईकोर्ट ने 56 लाख की वसूली पर लगाई रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने धान उपार्जन केंद्र रैगवां, जिला पन्ना के केंद्र प्रभारी व समिति प्रबंधक को बड़ी राहत दी है। जस्टिस जेके पिल्लई की सिंगल बेंच ने 56 लाख की वसूली पर रोक लगा दी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए। कोर्ट ने पूछा है कि बिना उचित सुनवाई और बिना यह बताए कि इतनी बड़ी राशि का निर्धारण किस आधार पर किया गया, किसी कर्मचारी पर सीधे नागरिक दायित्व नहीं थोपा जा सकता।

याचिकाकर्ता पन्ना निवासी बलराम उरमलिया की ओर से दलील दी गई कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, पन्ना द्वारा जारी रिकवरी नोटिस चुनौती के योग्य है। इस नोटिस में 2,375.04 क्विंटल धान की कमी बताते हुए 56,26,469 की राशि तीन दिनों के भीतर जमा करने का निर्देश दिया गया था, अन्यथा कठोर वसूली की चेतावनी दी गई थी। याचिकाकर्ता पिछले लगभग 20 वर्षों से सहकारी विभाग में कार्यरत हैं। उन्हें खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के दौरान धान उपार्जन केंद्र रैगवां का अतिरिक्त प्रभार केंद्र प्रभारी के रूप में सौंपा गया था। उन्होंने शासन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धान की खरीदी, इलेक्ट्रानिक तौल, ई-उपार्जन पोर्टल प्रविष्टि व परिवहनकर्ता को विधिवत सुपुर्दगी की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी की थी। याचिका में यह बताया गया कि समस्त स्टाक परिवहनकर्ता को विधिवत सौंपा गया था और उसके प्राप्ति दस्तावेज भी उपलब्ध हैं। कथित कमी यदि हुई भी है, तो वह परिवहन के दौरान हुई है, जिसकी जिम्मेदारी परिवहनकर्ता की बनती है।

रादुविवि के सेवानिवृत्त कर्मियों के पक्ष में राहतकारी आदेश

## पेंशन का करो भुगतान और जवाब दो, वरना पीएस होंगे तलब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के सेवानिवृत्त कर्मियों के पक्ष में राहतकारी आदेश पारित किया है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने आवेदकों की पेंशन भुगतान करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि यदि आगामी तीन सप्ताह में जवाब पेश नहीं किया गया तो उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को तलब किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 11 मई वाले सप्ताह में होगी। यह याचिकाएं रादुविवि के सेवानिवृत्त कर्मी एलएल रैकवार, जीपी कोरी, मुकेश चंद, सविता मिश्रा, आरडी पटेल, दुर्गा पदमांगे, अजय कुमार झारिया, कलावती दुबे व केशव प्रसाद की ओर से दायर की गई हैं। दलील दी गई कि पिछले दो वर्षो से याचिकाकर्ताओं को पेंशन से वंचित रखा गया है। लिहाजा, हाईकोर्ट की शरण ली गई है। मामले की सुनवाई दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि उक्त मामले में उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त को उन्होंने पत्राचार कर जवाब के लिये लिखा था, लेकिन अब तक कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए। जिस पर कोर्ट ने अंतिम अवसर देते हुए उक्त निर्देश दिए।

पुलिस ने जारी किए अधीनस्थों को दिशा निर्देश

## बारात में डांस से लगा जाम तो होगी कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर की सड़कों पर बारात से लगने वाले जाम अब बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे, पुलिस सख्त एक्शन लेगी। इस संबंध में आयोजकों, बारात घरों और होटल संचालकों को भी पुलिस की ओर से दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसमें कहा गया है कि बारात के दौरान होने वाले डांस के कारण प्रमुख चौराहों पर जाम के हालात निर्मित होते है। जिसके चलते अधिकारियों ने निर्देश दिए है कि यदि ऐसी स्थिति बनते दिखे तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। ट्रैफिक पुलिस से लेकर थाना पुलिस तक को अलर्ट कर दिया गया है।

यातायात के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ स्टाफ को साफ तौर पर कहा है कि शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों पर विशेष निगरानी रखी जाए। यदि बारात के दौरान सड़क पर नाचते हुए यातायात बाधित किया गया, तो मौके पर पहुंचकर पुलिस कार्रवाई करेगी। देखने में यही आता है कि बारात के दौरान सड़कों पर नाच-गाना चलते हुए ट्रैफिक रुक जाता है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए पुलिस ने साफ कर दिया है कि अब ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी जगह जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर सबसे पहले वीडियोग्राफी करेगी। साक्ष्य जुटाने के बाद संबंधित आयोजकों और जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मैरिज गार्डन, बारात घर और होटल संचालकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे बारातियों को पहले से ही समझाएं कि उत्साह में यातायात नियमों का उल्लंघन न करें। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि सड़क पर वाहन खड़े कर जाम की स्थिति न बने। आयोजनकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि आने वाले मेहमानों के वाहनों की उचित पार्किंग व्यवस्था रहे।

### *सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध को अस्पताल से लौटाया, घर में मौत*

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत तेंदूखेड़ा रोड पर सड़क दुर्घटना में घायल एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी मोहल्ला निवासी 70 वर्षीय नन्हे भाई काछी का गत 23 अप्रैल को पाटन तेंदूखेड़ा रोड स्थित बबेले पैलेस के सामने एक्सीडेंट हो गया था, जिन्हें आसपास के लोग ने पाटन अस्पताल लेकर गए जहां से नन्हे भाई काछी को मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। मेडिकल में जांच के बाद डॉक्टरों ने परिजनों से घर ले जाने बोल दिया गया था। जिन्हे 24 अप्रैल को दोपहर लगभग 1 बजे घर ले आए थे। शाम 4 बजे नन्हेभाई काछी को उठाया तो वह नहीं उठे। परिजनों ने उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर डाक्टर ने चैक कर दादा नन्हे भाई काछी को मृत घोषित कर दिया।

पशिचम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव

## हडपसर-बनारस व एलटीटी-बनारस के बीच स्पेशल ट्रेन चलेंगी कल



**जबलपुर।** रेलवे गर्मियों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए और सुगम तथा सुविधाजनक यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे से होकर गाड़ी संख्या 01453 हडपसर-बनारस वन वे स्पेशल ट्रेन अपने गंतब्य को जाएगी।

### हडपसर-बनारस वन वे स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01453 हडपसर-बनारस वन वे स्पेशल ट्रेन गुरुवार 30 अप्रैल 2026 को हडपसर से सुबह 07:50 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए इटारसी रात 21:05 बजे,पहुँचकर जबलपुर मध्यरात्रि 00:45 बजे, कटनी 02:15 बजे, सतना 03:50 बजे आगमन कर और 01 मई 2026 को गंतव्य बनारस दोपहर 13:50 बजे पहुँचेगी।

### कोच कम्पोजीशन

इस स्पेशल गाड़ी में 8 स्लीपर, 11 सामान्य श्रेणी, 01 रसोईयान एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच अमृत भारत रैक रहेंगे।

### ट्रेन के हाल्ट

रास्ते में यह गाड़ी दौड कार्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

### एलटीटी-बनारस स्पेशल

इसी तरह पश्चिम मध्य रेल से होकर गाड़ी संख्या 01051 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 01051 एलटीटी से बनारस स्पेशल ट्रेन का संचालन गुरुवार 30 अप्रैल 2026 को एक रतफा लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सुबह 11:10 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 22:25 बजे, जबलपुर मध्यरात्रि 01:20 बजे, सतना 04:25 बजे, पहुँचकर और 01 मई 2026 को दोपहर 13:10 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी।

### कोच कम्पोजीशन

इस स्पेशल गाड़ी में 8 स्लीपर, 11 सामान्य श्रेणी, 01 रसोईयान एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच अमृत भारत रैक रहेंगे।

### ट्रेन के हॉल्ट

ठाणे, कल्याण जंक्शन, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

2 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद

## ट्रेनों में चोरी करने वाले 3 आरोपी जीआरपी के हाथ लगे

**जबलपुर।** ट्रेनों अथवा रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों की नींद का फायदा उठाते हुए यात्री सामानों की चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जीआरपी ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो लाख रुपए से अधिक कीमत के सोने चांदी के जेवर बरामद किए है। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर निगरानी शुदा बदमाश संजय उर्फ संजू मेश्राम उर्फ बंदर, साई नगर काली



मंदिर के पास मांडवा बस्ती रामपुर थाना गोरखपुर,चोरी का सामान बेचने की फिराक में पकड़ा गया। संजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिस पर आरोपियों ने अपने साथियों नित्तू उर्फ नीतेश,राजू उर्फ राजकुमार के साथ मिलकर रेल यात्रा के दौरान चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद अन्य दोनों आरोपियों को भी दबोचा गया और उनके कब्जे से 12 नग सोने के गुरिया,एक सोने का मंगलसूत्र का पैण्डल,सोने के टॉप्स,चांदी की बिछिया,एक फरियादी के कपड़े सहित कुल लगभग 2 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया।

अमखेरा और मक्का नगर में विद्युत विभाग की कार्रवाई

## चोरी की बिजली से चार्ज हो रहे थे 12 ई-रिक्शे!


**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर शहर संभाग के अंतर्गत बिजली चोरी रोकने के लिए दरमियानी रात सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर संभाग के अमखेरा और मक्का नगर क्षेत्र में कंपनी के एक दल ने दबिश देकर बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बिजली का उपयोग पकड़ा गया है। विभाग की टीम ने रात्रि कालीन चेकिंग के दौरान इन क्षेत्रों में दबिश दी जहाँ एंब्रॉयडरी कारखाने और ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन पर सीधे तार डालकर और मीटर बाईपास कर बिजली उपयोग की जा रही थी। अधिकारियों ने मौके से सामग्री जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। शहर के अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा ने अपनी टीम के साथ रात भर कार्रवाई की।



सबसे बड़ी कार्रवाई मक्का नगर के रजा चौक स्थित गली नंबर 2 में की गई। जहाँ उपभोक्ता मोहम्मद नियाज़ मंसूरी के परिसर में औचक निरीक्षण किया। विभाग को यहाँ बड़े स्तर पर बिजली चोरी होने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि तीन फेस के मीटर कनेक्शन में से दो फेस को डायरेक्ट कर बिजली चोरी की जा रही थी। मौके पर लगभग 12 ई-रिक्शा चार्जिंग की स्थिति में पाए गए। मीटर की जांच करने पर वहाँ 23 किलोवाट की अधिकतम मांग दर्ज की गई, जो स्वीकृत भार से बहुत अधिक थी। मक्का नगर में हुई इस छापामार कार्रवाई के दौरान कार्यपालन अभियंता विकास सिंह और कनिष्ठ अभियंता मधुर सेलेवाह मुख्य रूप से मौजूद रहे। श्री अरोरा ने स्पष्ट किया है कि व्यवसायिक क्षेत्रों में इस तरह की चोरी से राजस्व की बड़ी हानि हो रही है, जिसे रोकने के लिए आने वाले दिनों में भी इसी तरह की आकस्मिक जांच जारी रहेगी। विभागीय टीम ने दोनों ही स्थानों से अवैध तरीके से उपयोग किए जा रहे बिजली उपकरणों और तारों को जब्त किया है। अधिकारियों के अनुसार चोरी की गई बिजली का मूल्यांकन किया जा रहा है, जिसके आधार पर संबंधित उपभोक्ताओं पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

### कैंसर पीड़ित बुजुर्ग ने हनुमानताल में लगाई छलांग

**जबलपुर।** कैंसर की बीमारी से पीड़ित एक वृद्ध ने गत शाम हनुमानताल में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें पानी से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमानताल क्षेत्र निवासी 60 वर्षीय विमल जैन ने कल देर शाम हनुमानताल में कूद गए। घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। दिलीप चक्रवर्ती नामक एक व्यक्ति ने साहस दिखाते हुए तालाब में छलांग लगाई और बुजुर्ग को बेसुध हालत में बाहर निकाला। बुजुर्ग को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों द्वारा उपचार किए जाने के बाद उनकी हालत में सुधार हुआ और अब वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। हनुमानताल थाना के उपनिरीक्षक राजेश पांडे ने बताया कि 60 वर्षीय विमल जैन कैंसर से पीड़ित हैं। कैंसर के असहनीय दर्द और परेशानी के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। वे परिजनों को बिना बताए घर से निकले थे और जैन मंदिर के पास हनुमानताल में कूद गए थे। फिलहाल, पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240